मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 35.1 | 19.7 |
| जमशेदपुर | 34.7 | 16.8 |
| डालटनगंज | 33.6 | 15.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश


एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | मंगलवार 12 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 02, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 1, अंक : 324 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## चुनावी बॉन्ड मामला

**सुप्रीम कोर्ट ने पूछा**



हमने 15 फरवरी को आदेश दिया था और आज 11 मार्च है. ऐसे में बीते 26 दिनों में आपने क्या किया? हम एसबीआई से स्पष्टवादिता की उम्मीद करते हैं.

## निर्वाचन आयोग 15 मार्च को शाम 5 बजे अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दे पूरी डिटेल


### स्टेट बैंक को सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार, कहा

# 24 घंटे में दीजिए ब्यौरा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक को बड़ा झटका देते हुए चुनावी बॉन्ड संबंधी जानकारी का खुलासा करने के लिए समय-सीमा बढ़ाने का अनुरोध करने वाली उसकी याचिका सोमवार को खारिज कर दी और उसे अगले 24 घंटे यानी 12 मार्च को कामकाजी घंटे समाप्त होने तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉन्ड संबंधी विवरण उपलब्ध कराने का आदेश दिया है. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच जजों की संविधान पीठ ने निर्वाचन आयोग को भी एसबीआई द्वारा साझा की गई जानकारी 15 मार्च को शाम पांच बजे तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करने का निर्देश दिया. इस पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बीआर गवई, जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल रहे. पीठ ने एसबीआई को नोटिस दिया कि यदि बैंक उसके निर्देशों और समय-सीमा का पालन करने में विफल रहता है, तो शीर्ष अदालत अपने 15 फरवरी के फैसले की जानबूझ कर अवज्ञा करने के लिए उसके खिलाफ कार्रवाई कर सकती है. संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और चंदा प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था.

### कोर्ट ने रद्द किया एसबीआई का अनुरोध



पीठ ने कहा कि अर्जी में एसबीआई की दलीलों से पर्याप्त संकेत मिलता है कि कोर्ट ने जिस जानकारी का खुलासा करने का निर्देश दिया था, वह आसानी से उपलब्ध है. उपरोक्त चर्चा के मद्देनजर, 30 जून, 2024 तक चुनावी बॉन्ड की खरीद और उन्हें भुनाए जाने के विवरण को सार्वजनिक करने का समय बढ़ाने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज की जाती है. पीठ ने एसबीआई की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे की दलीलों पर गौर किया कि विवरण एकत्र करने और उनका मिलान करने के लिए अधिक समय चाहिए क्योंकि जानकारी इसकी शाखाओं में दो अलग-अलग कक्षों में रखी गई थी. उन्होंने कहा कि अगर मिलान प्रक्रिया न करनी हो तो एसबीआई तीन सप्ताह के भीतर इस प्रक्रिया को पूरा कर सकता है. पीठ ने कहा कि उसने एसबीआई को चंदा देने वालों और चंदा प्राप्त करने वालों के विवरण का अन्य जानकारी से मिलान करने का निर्देश नहीं दिया है. उसने कहा कि एसबीआई को सिर्फ सीलबंद लिफाफा खोलना है, विवरण एकत्र करना है और निर्वाचन आयोग को जानकारी देनी है. पीठ ने पूछा, पिछले 26 दिन में आपने क्या कदम उठाए हैं? आपकी अर्जी में इस बारे में कुछ नहीं बताया गया.

### कौन-कौन सा डिटेल देगा एसबीआई?

**आज शाम तक एसबीआई को दो अलग-अलग डेटा सेट जमा कराने होंगे**

- **पहला :** किस तारीख को इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदा गया? किसने खरीदा? और उसकी वैल्यू कितनी थी?
- **दूसरा :** राजनीतिक पार्टियों को इलेक्टोरल बॉन्ड से कितना चंदा मिला? किस तारीख को इलेक्टोरल बॉन्ड भुनाया गया? और कितने बॉन्ड इनकैश हुए?

### अब आगे क्या

1. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एसबीआई को 12 मार्च तक इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी सारी डिटेल जमा कराने को कहा है.
2. कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर तय समय-सीमा के भीतर जानकारी नहीं दी जाती है तो ये जानबूझ कर अदालत की अवमानना होगी और एसबीआई के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है.
3. अब 12 मार्च तक एसबीआई इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी सारी जानकारी चुनाव आयोग को जमा कराएगा. इसके बाद 15 मार्च की शाम 5 बजे तक चुनाव आयोग को अपनी वेबसाइट पर सारी जानकारी देनी होगी.

### किसने क्या कहा

ऐसा लगता है मानो मेयर चुनाव की काउंटिंग से लेकर इलेक्शन बॉन्ड तक, इस देश में लोकतंत्र सिर्फ सुप्रीम कोर्ट की वजह से बचा हुआ है. यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बाकी संस्थाएं और एजेंसियां, अपने कर्तव्यों को भुला कर, सिर्फ और सिर्फ एक पार्टी विशेष की सेवा में तत्पर दिखती हैं. **- चंपाई सोरेन, मुख्यमंत्री झारखंड**

मोदी के चंदे के धंधे की पोल खुलने वाली है! चुनावी बॉन्ड इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला साबित होने जा रहा है, जो भ्रष्ट उद्योगपतियों और सरकार की सांठगांठ की पोल खोल कर पीएम मोदी का असली चेहरा देश के सामने लाएगा. क्रोनोलॉजी स्पष्ट है - चंदा दो-धंधा लो, चंदा दो-प्रोटेक्शन लो! चंदा देने वालों पर कृपा की बौछार और जनता पर टैक्स की मार, यही है मोदी सरकार. **- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 61,600 |
| चांदी (किलो) | 77,000 |

## ब्रीफ खबरें

### बिटक्वाईन का मार्केट कैप चांदी से ज्यादा

**शुभम संदेश नेटवर्क**

आर्थिक क्षेत्र में सोमवार को एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में बिटक्वाईन का मार्केट कैप चांदी के मार्केट कैप से अधिक हो गया. दुनिया भर में चांदी का मार्केट कैप जहां 1.3 ट्रिलियन डॉलर है, वहीं बिटक्वाईन का मार्केट कैप 1.4 ट्रिलियन डॉलर हो गया है. बिटक्वाईन एक क्रिप्टोकरेंसी है, जो सिर्फ 14 साल पहले चलन में आया है. दुनिया के कई देशों ने हाल में क्रिप्टोकरेंसी को स्वीकार किया है. कई देशों ने इसके लिए अलग से कायदे कानून बनाये हैं. भारत में इसे लेकर सरकार बहुत पीछे हैं. क्रिप्टोकरेंसी की बात करें तो भारत सरकार इससे होने वाली कमाई से 30 प्रतिशत टैक्स और एक प्रतिशत जीएसटी वसूलती है, पर इसे स्वीकार नहीं करती. दुनिया भर में क्रिप्टोकरेंसी का विस्तार हो रहा है, जबकि भारत में आरबीआई के गोवर्नर शक्तिकांत दास इसे जुआ बताते हैं. हाल ही में यूएस ने बिटक्वाईन के ईटीएफ को मंजूरी दी है. जिसके बाद से बिटक्वाईन समेत तमाम क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है. क्रिप्टोकरेंसी ब्लॉकचैन पर आधारित एक सिस्टम के तहत काम करता है. भारत में करीब 80 हजार करोड़ रुपये का निवेश क्रिप्टोकरेंसी में हो चुका है. हाल के दिनों में इसकी लोकप्रियता बढ़ी है.

### चौधरी को गिरफ्तारी से मिली सुप्रीम राहत

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी में झारखंड के तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर



आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर रांची में दर्ज एक प्राथमिकी के सिलसिले में टीवी समाचार एंकर सुधीर चौधरी को सोमवार को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया. सोरेन को ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद टीवी चैनल पर चौधरी ने कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी.चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने पत्रकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा की इन दलीलों पर गौर किया कि वह गिरफ्तारी के खतरे का सामना कर रहे हैं. पीठ ने आदेश दिया, अगले आदेशों तक, कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाए. कोर्ट ने चौधरी की याचिका पर राज्य पुलिस और अन्य को नोटिस भी जारी किया. एक आदिवासी समूह ने चौधरी की कथित टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत पुलिस में एक शिकायत दायर कराई थी.

### तीन देशों के गैर मुस्लिम शरणार्थियों को मिलेगी नागरिकता

# देशभर में सीएए लागू

**कुमार माधवन**

केंद्र की मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. आम चुनाव से पहले केंद्र का यह बड़ा कदम है. इससे अब तीन पड़ोसी देशों के गैर मुस्लिमों को भारत की नागरिकता मिल सकेगी. इसके लिए उन्हें केंद्र द्वारा तैयार किए गए ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन देना होगा. उधर, केंद्र द्वारा अधिसूचना जारी किए जाने के बाद दिल्ली, यूपी समेत कई राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है. दरअसल, 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने सीएए को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया था. इसे पार्टी ने बड़ा मुद्दा बनाया था. गृह मंत्री अमित शाह हाल ही के अपने चुनावी भाषणों में कई बार सीएए को लागू करने की बात कर चुके थे. उन्होंने ऐलान किया था कि लोकसभा चुनाव से पहले इसे देश में लागू कर दिया जाएगा. अब सरकार ने इसके लिए नोटिफिकेशन जारी करते हुए इसे लागू कर दिया है.

**ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करना होगा**

**सीएए से संबंधित एक वेब पोर्टल भी तैयार :** सीएए के तहत मुस्लिम समुदाय को छोड़कर तीन मुस्लिम बहुल पड़ोसी मुल्कों से आने वाले बाकी धर्मों के लोगों को नागरिकता देने का प्रावधान है. केंद्र सरकार ने सीएए से संबंधित एक वेब पोर्टल भी तैयार कर लिया है, जिसे नोटिफिकेशन के बाद लॉन्च किया जाएगा. तीन मुस्लिम बहुल पड़ोसी मुल्कों से आने वाले वहां के अल्पसंख्यकों को इस पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा और सरकारी जांच पड़ताल के बाद उन्हें कानून के तहत नागरिकता दी जाएगी. इसके लिए बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए विस्थापित अल्पसंख्यकों को कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी.

### मोदी सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन




### 2019 में केंद्र सरकार ने कानून में किया था संशोधन

साल 2019 में नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने नागरिकता कानून में संशोधन किया था. इसमें अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से 31 दिसंबर 2014 से पहले आने वाले छह अल्पसंख्यकों (हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी) को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान किया गया था. नियमों के मुताबिक, नागरिकता देने का अधिकार केंद्र सरकार के हाथों में होगा.

#### किसे मिलेगी नागरिकता?

नागरिकता देने का अधिकार पूरी तरह से केंद्र के पास है. पड़ोसी देश अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के हिंदू, सिख, जैन, पारसी, बौद्ध और ईसाई समुदायों से आने वाले प्रवासियों को भारतीय नागरिकता देने के लिए 1955 के नागरिकता एक्ट में संशोधन किया गया है. ऐसे प्रवासी, जो अपने देशों में धार्मिक उत्पीड़न से तंग आकर 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में आकर शरण ले चुके हैं. इस कानून के तहत उन लोगों को अवैध प्रवासी माना गया है, जो भारत में वैध यात्रा दस्तावेज (पासपोर्ट और वीजा) के बगैर घुस आए हैं या फिर वैध दस्तावेज के साथ तो भारत में आए हैं, लेकिन तय अवधि से ज्यादा समय तक यहां रुक गए हों.

#### नागरिकता के लिए करना होगा ये काम

सरकार ने पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन बनाया है. इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार किया गया है. आवेदक अपने मोबाइल फोन से भी एप्लाई कर सकता है. आवेदकों को वह साल बताना होगा, जब उन्होंने दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था. आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा. नागरिकता से जुड़े जितने भी ऐसे मामले पेंडिंग हैं वे सब ऑनलाइन कंवर्ट किए जाएंगे. पात्र विस्थापितों को सिर्फ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा. उसके बाद गृह मंत्रालय जांच करेगा और नागरिकता जारी कर देगा.

#### मैं बंगाल में सीएए लागू नहीं होने दूंगी : ममता

**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीएए को लेकर ने कहा है कि अगर कोई भेदभाव होता है



तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे. अगर सीएए कहता है कि आप आज नागरिक हैं तो क्या इसका मतलब यह है कि वे पहले नागरिक नहीं थे? ममता ने सवाल करते हुए कहा कि क्या इसका मतलब यह है कि मतुआ का आधार कार्ड इसी वजह से रद्द किया जा रहा है? मैं इस बारे में डिटेल देखने के बाद सब बताऊंगी.

#### भाजपा ध्रुवीकरण का प्रयास कर रही: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने सीएए, 2019 को अधिसूचित किए जाने पर आरोप लगाया कि चुनाव से पहले देश और



खासकर बंगाल एवं असम में ध्रुवीकरण का प्रयास किया गया है. पार्टी नेता जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि चुनावी बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद हेडलाइन मैनेज करने की सरकार ने कोशिश भी की है. ऐसा चुनाव में ध्रुवीकरण करने के लिए किया गया है, विशेष रूप से असम और बंगाल में.

#### जो भी देशहित में है, वह होना चाहिए : अर्जुन मुंडा

आम चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले केंद्र सरकार ने सीएए को लागू कर दिया है. भाजपा के वरिष्ठ नेता और



केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा, जो लोग चीजों को राजनीतिक चश्मे से देखते हैं, उनकी राय अलग हो सकती है, मैं उस पर नहीं जाऊंगा, लेकिन सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि जो भी देशहित में है,वो होना चाहिए. इससे नागरिकता नहीं जाएगी. ये कानून तो नागरिकता देने के लिए लाया गया है.

### सरफराज अहमद और प्रदीप वर्मा ने भरा पर्चा, निर्विरोध होंगे निर्वाचित, घोषणा 14 को

# सरफराज व प्रदीप जाएंगे राज्यसभा

- हरिहर महापात्रा ने नहीं भरा पर्चा, नहीं मिला कोई प्रस्तावक और समर्थक विधायक

**विशेष संवाददाता। रांची**

झारखंड में दो सीट के लिए इंडिया गठबंधन की ओर से डॉ. सरफराज अहमद और एनडीए गठबंधन से प्रदीप वर्मा ने आज नामांकन के अंतिम दिन अपना-अपना पर्चा दाखिल कर दिया. अंतिम दिन मुंबई के व्यवसायी हरिहर महापात्रा ने पर्चा दाखिल नहीं किया. उन्हें न तो कोई प्रस्तावक मिला और न ही कोई समर्थक विधायक. इसलिए अब सरफराज अहमद और प्रदीप वर्मा का राज्यसभा जाना तय हो गया है. 13 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी और नाम वापसी की अंतिम तारीख 14 मार्च है. इसी दिन दोनों प्रत्याशियों की निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद हैदर जावेद करेंगे और दोनों विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र सौंपेगें. मालूम हो कि झारखंड के कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और समीर उरांव का कार्यकाल पूरा होने के कारण यह दो सीट रिक्त हुई है. कांग्रेस के लाख प्रयास के बाद भी यह सीट झामुमो के खाते में चली गयी और डॉ. सरफराज अहमद गठबंधन के सर्वसम्मत प्रत्याशी घोषित हुए.

इससे पूर्व एनडीए प्रत्याशी प्रदीप वर्मा ने अपना नामांकन पत्र दिन के सवा एक बजे दाखिल किया. इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाऊरी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह विधायक बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी विधायक लंबोदर महतो और एनसीपी विधायक कमलेश सिंह मौजूद थे. वहीं करीब सवा दो बजे डॉ सरफराज अहमद ने अपना पर्चा दाखिल किया. इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस विधायक दल नेता आलमगीर आलम, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, राजद के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, माले विधायक विनोद सिंह आदि मौजूद थे.

### एक छोटे कद के नेता को बड़ी जिम्मेवारी के लिए नेतृत्व को शुक्रिया : प्रदीप वर्मा



नामांकन दाखिल करने के बाद प्रदीप वर्मा ने कहा कि मैं भाजपा आलाकमान का बहुत शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने एक छोटे से नेता को एक बड़ी जिम्मेदारी दी है. साथ ही मेरे साथ यहां पर मौजूद तमाम भाजपा के विधायकों मैं शुक्रगुजार हूं. प्रदीप वर्मा से जब राज्यसभा चुनाव के दौरान हॉर्स ट्रेडिंग और कैश कांड से हट कर निर्विरोध चुनाव पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यह मोदी जी का काल है. यहां कोई गड़बड़ी नहीं होगी.

### हेमंत जो कहते हैं वह करते हैं, जो जिम्मेवारी मिली है उसका निर्वाहन करूंगा : डॉ सरफराज अहमद



नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद ने कहा की पार्टी ने अपना वादा पूरा किया इसके लिए मैं शुक्रगुजार हूं. हेमंत सोरेन ने अपना वादा निभाया. हेमंत जो कहते हैं वही करते हैं. डॉ. सरफराज ने कहा कि इसमें गठबंधन की एकता नजर आएगी. पूरे हिंदुस्तान में इंडिया गठबंधन को यह मैसेज जाएगा. उन्होंने कहा कि मैं पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद देता हूं कि मुझे इस लायक समझा. मुझे जो जिम्मेदारी मिली है मैं दिलो-जान से उसका निर्वहन करूंगा. इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उन्हें बधाई दी. मालूम हो कि गांडेय विधानसभा सीट से विधायक रहे डॉ. सरफराज अहमद ने 31 जनवरी 2023 को इस्तीफा दे दिया था. उस समय ऐसा माना जा रहा था कि तत्कालीन राजनीति परिस्थितियों में राजनीतिक अस्थिरता की स्थिति में कल्पना मुर्मू सोरेन को सीएम बनाने के लिए गैर आरक्षित सीट को रिक्त कराया गया था.

#### 1980 में पहली बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीते थे

डॉ सरफराज अहमद की बात करें तो वो झारखंड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेताओं में शुमार हैं. 1980 में वे पहली बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने थे. बिहार से झारखंड अलग होने के बाद 2009 से लेकर 2014 तक वो गांडेय सीट से कांग्रेस के विधायक रहे. लेकिन 2019 विधानसभा चुनाव से ठीक पहले वे जेएमएम में शामिल हुए और गांडेय से चुनाव जीतकर विधायक बने.

### मिशन दिव्यास्त्र | पीएम मोदी एक्स पर दी जानकारी, साथ में बधाई भी दी, आधी दुनिया आ गयी है जद में

# भारत ने स्वदेशी अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण किया

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत ने सोमवार को न्यूक्लियर बैलेस्टिक मिसाइल अग्नि-5 की पहली फ्लाइट टेस्टिंग की, जो सफल रही. इस मिसाइल की सफल फ्लाइट टेस्टिंग से भारत की जद में सिर्फ चीन और पाकिस्तान ही नहीं, बल्कि आधी दुनिया आ गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत विकसित अग्नि -5 मिसाइल के पहले सफल फ्लाइट टेस्ट के लिए डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन के वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दी हैं.

भारत के पास अग्नि सीरीज की 1 से 5 तक मिसाइलें हैं. सभी अलग-अलग रेंज के हैं. अग्नि-5 इनमें से सबसे खास है. यह मिसाइल 5 हजार से भी ज्यादा दूर टारगेट को हिट कर सकती है. इसकी फ्लाइट टेस्टिंग की तैयारी काफी पहले से की जा रही थी.

### मिशन से भारत को मिलेगी नई पहचान



मिशन दिव्यास्त्र के परीक्षण के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है जिनके पास एमआईआरवी (एमआईआरवी) क्षमता है. यह प्रणाली स्वदेशी एवियोनिक्स प्रणालियों और उच्च सटीकता सेंसर पैकेजों से सुसज्जित है, जो यह सुनिश्चित करती है कि पुन: प्रवेश करने वाले वाहन वांछित सटीकता के भीतर लक्ष्य बिंदुओं तक पहुंचें। यह क्षमता भारत की बढ़ती तकनीकी शक्ति की प्रतीक है.

### जल्द ही सेना के बेड़े में शामिल होगी

मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल टेक्नोलॉजी से यह सुनिश्चित होगा कि एक ही मिसाइल अलग-अलग लोकेशन पर कई युद्ध प्रमुखों को तैनात कर सकती है. मिशन दिव्यास्त्र की सफल फ्लाइट टेस्टिंग के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास एमआईआरवी टेक्नोलॉजी है. अग्नि-5 एक न्यूक्लियर बैलेस्टिक मिसाइल है जो मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक से लैस है. यह भारत के दुश्मनों के लिए एक चेतावनी की तरह है. इस मिसाइल के सफल परीक्षण से भारत की जद में सिर्फ चीन और पाकिस्तान ही नहीं बल्कि आधी दुनिया आ गई है.

### 12 मिनट में बीजिंग, डेढ़ मिनट में पाकिस्तान हो सकता है तबाह

बता दें कि अग्नि-5 मिसाइल की रेंज और इसकी रफ्तार ही इसकी खासियत है, यह चीन और पाकिस्तान को पल भर में तबाह कर सकती है. दिल्ली से बीजिंग की दूरी 3791 किमी है, यह दूरी तय करने में इस मिसाइल को 12.63 मिनट लगेंगे. इसके अलावा पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंचने में यह सिर्फ डेढ़ मिनट लेगी. इतने कम समय में यह नई दिल्ली से इस्लामाबाद की 679 किमी की दूरी तय कर लेगी. मारक क्षमता को देखें तो पाकिस्तान के आगे अफगानिस्तान और ईरान तक इसकी जद में होंगे. इस परियोजना की निदेशक एक महिला है और इसमें महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है.

### पीएम नरेंद्र मोदी का विपक्ष पर करारा हमला

# घमंडिया गठबंधन के चश्मे का नंबर अभी तक नहीं बदला है

**एजेंसी। गुरुग्राम**

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पीएम नरेंद्र मोदी लगातार राज्यों का दौरा करके कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर रहे हैं. इसी क्रम में वो दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करने हरियाणा के गुरुग्राम पहुंचे, जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित भी किया. इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा कि घमंडिया गठबंधन के नेता कह रहे हैं कि चुनाव की वजह से मोदी काम कर रहा है, लेकिन उन्हें पता ही नहीं है कि 10 सालों में कितने चुनाव आए और चले गए. उन्होंने कहा, घमंडिया गठबंधन की नींद खराब हो गई है. उनको समझ ही नहीं आ रहा कि इतनी तेज़ी से भी काम हो सकता है क्या? वो कह रहें हैं चुनाव की वजह से मोदी काम कर रहा



है लेकिन 10 सालों में ना जाने कितने चुनाव चले गए लेकिन इनके चश्मे का नंबर नहीं बदला. वो अभी भी निगेटिव है. कांग्रेस के लोग चुनावी घोषणाएं की सरकार चलाते थे. घोषणा कर करके घोंसले में घुस गए. हमारी सरकार जिस योजना का शिलान्यास करती है उसका लोकार्पण भी करती है. उन्होंने आगे कहा, पहले डिले होता था अब डिलीवरी होती है. पहले विलंब होता था अब विकास होता है. कांग्रेस से 7 दशक तक जो गड्ढे खोले थे वो अब तेजी से भरे जा रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### हेमंत के विरुद्ध कोर्ट ने जारी किया समन

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री और बरहेट के विधायक हेमंत सोरेन के विरुद्ध समन जारी हुआ है. रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम ने समन जारी करते हुए हेमंत सोरेन को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है. दरअसल पिछले सोमवार को ईडी द्वारा दर्ज शिकायत वाद (कंप्लेन केस) पर अपना फैसला सुनाया था. अपने फैसले में कोर्ट ने प्रथम दृष्टया (प्राइमा फेसी) यह माना है कि हेमंत सोरेन ने ईडी के समन का उल्ल्लंघन किया है. वहीं अदालत ने हेमंत के खिलाफ समन भी जारी करने का निर्देश दिया, उसी आदेश के आलोक में समन जारी हुआ है.

### सीएम ने हेमंत से जेल में की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सोमवार को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से होटवार जेल में मुलाकात की है. ऐसा कहा जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच आधे घंटे तक बातचीत हुई है. हालांकि इस दौरान दोनों के बीच क्या बात हुई, इसे लेकर खबर लिखने तक कोई जानकारी नहीं मिली है. गौरतलब है कि जमीन घोटाला मामले में ईडी ने बीते 31 जनवरी को हेमंत सोरेन की गिरफ्तार किया था. जिसके बाद विधायक दल के नेता चंपाई सोरेन ने राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने की दावेदारी पेश की थी. इसके बाद उन्होंने दो फरवरी को राज्य के मुख्यमंत्री के रुप में शपथ लिया था.

### वकील के घर से 21 लाख का सामान ले उड़े चोर



**रांची।** हाईकोर्ट के अधिवक्ता के घर का ताला तोड़कर 21 लाख के समान की चोरी कर ली गई. यह घटना रविवार की देर रात एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के मरियातू, चंदघासी में हुई है. जहां हाइकोर्ट के अधिवक्ता के घर का ताला तोड़कर दो से तीन लाख रुपये नगद और करीब 21 लाख रुपये के सोने और चांदी के जेवरात चोरी कर ली गई. इस घटना की जानकारी सोमवार की सुबह अधिवक्ता को हुई. जिसके बाद इसकी सूचना एयरपोर्ट थाना पुलिस को दी गई. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल में चुकी हुई है.

**हाल ए झारखंड :** लोक प्रशासन और डिफेंस में सिर्फ 2.60 फीसदी महिलाएं, शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं 11.07 फीसदी महिलाएं

# इंफॉर्मेशन कम्यूनिकेशन सेक्टर में महिलाओं की भागीदारी सिर्फ 0.74%

रवि भारती। रांची

झारखंड में कृषि को छोड़ कर किसी भी सेक्टर में महिलाओं की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है. राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार झारखंड में इंफॉर्मेशन एंड कम्यूनिकेशन के फील्ड सिर्फ 0.74 महिलाएं ही अपनी सेवा दे रही हैं. वित्तीय प्रबंधन और इंश्योरेंस के क्षेत्र में 1.80 फीसदी महिलाएं कार्यरत हैं. लोक सेवा (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन) व डिफेंस में महिलाओं का योगदान सिर्फ 2.60 फीसदी है. शिक्षा के क्षेत्र में 11.07 महिलाएं ही अपनी सेवा दे रही हैं.

### खास बातें

- सोशल वर्क से जुड़ी हैं 3.43 महिलाएं
- इंश्योरेंस के क्षेत्र में 1.80 फीसदी महिलाएं कार्यरत
- विभिन्न सेवाओं में 16.43 फीसदी महिलाएं जुड़ी हैं

सोशल वर्क में सिर्फ 3.43 महिलाएं काम कर रही हैं. वहीं विभिन्न सेवाओं में 16.43 फीसदी महिलाएं जुड़ी हैं.

### ग्रामीण क्षेत्र में 83.70 % महिलाएं कर रही हैं काम

झारखंड में ग्रामीण क्षेत्र में 83.70 फीसदी महिलाएं कृषि क्षेत्र में काम कर रही हैं. जबकि शहरों में 22.16 फीसदी महिलाएं कृषि कार्य से जुड़ी हैं. खनन के क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं का योगदान 0.20 फीसदी है. जबकि शहरी क्षेत्रों में खनन कार्य में महिलाओं का योगदान 0.49 फीसदी है. मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में ग्रामीण महिलाएं की भागीदारी सिर्फ 8.08 फीसदी है. जबकि शहरी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी 18.69 फीसदी है.



### शहरी क्षेत्र में इस कटेगरी में महिलाओं की भागीदारी

| कटेगरी | भागीदारी |
|---|---|
| इंफॉर्मेशन कम्यूनिकेशन | 0.74 |
| फाइनांश एंड इंश्योरेंस | 1.80 |
| प्रोफेशनल एंड टेक्निकल | 0.56 |
| पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन | 2.60 |
| एजुकेशन | 11.07 |
| सोशल वर्क | 3.43 |
| अन्य सेवा | 16.43 (प्रतिशत में) |

### ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी

| क्षेत्र | ग्रामीण (प्रतिशत) | शहरी ( प्रतिशत) |
|---|---|---|
| कृषि | 83.70 | 22.16 |
| खनन | 0,20 | 0.49 |
| प्राइमरी सेक्टर | 83.9 | 22.65 |
| मैन्यूफैक्चरिंग | 8.08 | 18.69 |
| वाटर सप्लाई | 0.00 | 0.40 |
| कंस्ट्रक्शन | 2.97 | 5.51 |
| ट्रेड | 2.10 | 8.75 |
| एकोमडेशन | 0.37 | 6.06 |

**व्यापार के क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी 2.10 फीसदी**

व्यापार के क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी सिर्फ 2.10 फीसदी है. जबकि शहरों में महिलाओं की भागीदारी 8.75 फीसदी है. एकोमडेशन और फूड सर्विस सेक्टर में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी 0.37 फीसदी और शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी 6.06 फीसदी है. वहीं तृतीयक क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी 5.05 फीसदी और शहरी क्षेत्र में 52.75 फीसदी भागीदारी है.

1717.19 करोड़ की लागत से आठ सड़क परियोजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण

# पीएम ने दी झारखंड को सड़कों की सौगात

*रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को झारखंडवासियों को 1717.19 करोड़ की आठ सड़क परियोजनाओं की सौगात दी है. राजधानी रांची के सीएमपीडीआई के मयूरी सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पीएम ने इन परियोजनाओं का शिलान्यास पर लोकार्पण किया.*

## इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास व लोकार्पण

**1. 707 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 33 के रांची बाईपास का चार लेन का निर्माण किया जाएगा.**
क्या होगा फायदा
इस बाईपास की लंबाई 26.27 किमी की होगी. रांची में ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी, रांची से जमशेदपुर के बीच हाई स्पीड कनेक्टिविटी मिलेगी.

**2. 300.46 करोड़ की लागत से पोखरिया से गोविंदपुर तक 4 लेन सड़क का निर्माण किया जाएगा.**
क्या होगा फायदा
इस सड़क के बन जाने के बाद धनबाद से जामताड़ा, देवघर, दुमका जाने में लगने वाले समय में कमी आएगी. इसकी कुल लंबाई 15 किलोमीटर होगी.

**3. 57 करोड़ की लागत से गुमला से कोलेबिरा तक सड़क का निर्माण किया जाएगा.**
क्या होगा फायदा
यह राष्ट्रीय राजमार्ग झारखंड के गुमला, सिमडेगा जिला से ओडिशा राज्य के राउरकेला को जोड़ता है. जनजाति क्षेत्र के राजमार्ग में इस समाज के जीवन में सुधार होने की संभावना है. इसकी कुल लंबाई 47.07 किलोमीटर की होगी.

**4. 76.50 करोड़ की लागत से सुंदरपहाड़ी से धरमपुर तक सड़क का निर्माण किया जाएगा.**
क्या होगा फायदा
समय की बचत होगी. राइडिंग क्वालिटी मिलेगी. इसकी कुल लंबाई 27.05 किमी होगी.

**5. 18.07 करोड़ की लागत से सुल्ताना से बिरहु तक सड़क निर्माण किया जाएगा.**
क्या होगा फायदा
राजमार्ग हजारीबाग और चतरा जिले को जोड़ता है. यात्रा सुगम होगी और समय में कमी आएगी. इसकी लंबाई 10.5 किलोमीटर होगी.

**6. 438 करोड़ की लागत से गिरिडीह बाईपास का निर्माण किया जाएगा.**
क्या होगा फायदा
इस परियोजना के पूरा होने से रांची, देवघर तक यातायात सुगम हो जाएगी. इसकी कुल लंबाई 23.84 किलोमीटर की होगी.

**7. 85.28 करोड़ की लागत से मुर्गातल से धनबाद तक सड़क निर्माण किया जाएगा.**
क्या होगा फायदा
इस सड़क के बन जाने के बाद जमशेदपुर से धनबाद की यात्रा करने में समय कम लगेगी. इसकी कुल लंबाई 44 किलोमीटर की होगी.

**8. 32.25 करोड़ की लागत से रूपनारायणपुर से जामताड़ा तक का सड़क निर्माण किया जाएगा.**
क्या होगा फायदा
इसकी कुल लंबाई 20 किलोमीटर होगी. पश्चिम बंगाल सीमा से जामताड़ा, देवघर एवं दुमका जाने में समय में कमी आएगी.



**700** करोड़ की लागत से रामकृपाल कंस्ट्रक्शन ने इसका निर्माण कराया है.

### रांची- बाइपास बनने से जाम से मिलेगी मुक्ति

रांची बाइपास विकास से रामपुर खंड सड़क 26.27 किमी लंबी है. यह रांची रिंग रोड को भी जोड़ती है. इसके बनने से रांची रिंग रोड करीब 86 किमी लंबा तक बन जाएगा. छह चरणों में पथ निर्माण विभाग ने रिंग रोड को बनवाया था, यह हिस्सा विकास से रामपुर तक की सड़क को एनएच-33 में मिलाता है. 700 करोड़ की लागत से रामकृपाल कंस्ट्रक्शन ने इसका निर्माण कराया है. इसके बनने से रांची से जमशेदपुर जाने के लिए चार लेन रास्ता मिल जाएगा. वहीं, रामगढ़ रोड भी जाना आसान होगा. कांटाटोली चौक होते हुए अब बड़े वाहनों के आवागमन की आवश्यकता नहीं होगी, यहां रोजाना जाम से छुटकारा मिलेगा.
**ये रहे मौजूद :** कांके रोड स्थित सीएमपीडीआई के मयूरी सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, एनएचएआई के मुख्य अभियंता उमेश कुमार सहित कई अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे.

# रांची-बनारस वंदे भारत ट्रेन का पीएम नरेंद्र मोदी आज करेंगे ऑनलाइन शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता। रांची

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार 12 मार्च को रांची-बनारस वंदे भारत ट्रेन का ऑनलाइन शुभारंभ करेंगे. रांची रेलवे स्टेशन पर इस दौरान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इस दौरान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सांसद संजय सेठ ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे. यह ट्रेन बोकारो स्टील सिटी, हजारीबाग, कोडरमा व गया जंक्शन होकर चलेगी. ट्रेन के आठ कोच में 560 सीटें हैं. दक्षिण पूर्व रेलवे के अनुसार मंगलवार को ही देशभर में 10 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई जाएगी. रेलवे की ओर से इसके लिए समय सारणी जारी कर दी गयी है.



### कब खुलेगी यह ट्रेन

- रांची से यह ट्रेन सुबह 5.10 बजे खुलेगी व बनारस दोपहर 1.00 बजे पहुंचेगी.
- **रांची से बनारस का सफर 7.50 घंटे का होगा.**
- रांची से बनारस के लिए इस ट्रेन का एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया नाश्ता व भोजन के साथ 2725 रुपए होगा.
- बिना नाश्ता और भोजन के 2325 रुपए है. वहीं, चेयरकार का किराया नाश्ता व भोजन के साथ 1505 व बिना नाश्ता व भोजन के 1160 रुपये है.
- बनारस से रांची आनेवाले यात्रियों को नाश्ता की सुविधा नहीं मिलेगी.
- बनारस से रांची का किराया 2675 रुपए खाना के साथ और बिना भोजन के 2325 रुपए है. वहीं, चेयरकार का किराया 1450 रुपए भोजन के साथ व बिना भोजन के 1160 रुपए है.

मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति धार्मिक स्थल में तोड़फोड़ करते हैं

# झारखंड के जिलों में बार-बार हो रही है सांप्रदायिक हिंसा फैलाने की साजिश

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में बार-बार सांप्रदायिक हिंसा फैलाने की साजिश हो रही है. असामाजिक तत्वों धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ कर माहौल बिगड़ने की कोशिश कर रहे हैं. कुछ ऐसे मामले भी सामने आए हैं जिसमें मानसिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के द्वारा धार्मिक स्थल में घुसकर मूर्तियों को खंडित करने की घटना को अंजाम दिया गया है.

### जानें कब-कब हुई सांप्रदायिक हिंसा फैलाने की साजिश

**11 मार्च 2024 :** रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा में तीन धार्मिक स्थलों में मूर्तियों को खंडित कर दिया गया.

**16 नवंबर 2023 :** रांची के मांडर थाना क्षेत्र के मुड़मा गांव में चार मंदिरों की प्रतिमाओं को खंडित किया गया था. इस घटना को सुखदेव उरांव नामक आरोपी ने शराब के नशे में अंजाम दिया था. सुखदेव मानसिक रूप से कमजोर बताया गया.

**28 सितंबर 2022 :** रांची के मेन रोड पर मल्लाह टोली में स्थित एक धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ की गई थी. इस मामले में पुलिस ने मानसिक रोगी को गिरफ्तार किया था.

**16 फरवरी 2024 :** रांची के नगड़ी में मूर्ति विसर्जन करने जा रहे जुलूस पर पथराव किया गया. जिसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी.

**21 जनवरी 2024 :** धनबाद में भगवा झंडा लगाने को लेकर दो समूहों के बीच मारपीट और पत्थरबाजी की घटना हुई थी.

**08 जनवरी 2024 :** रांची के बरियातू में असामाजिक तत्वों ने देवी-देवताओं की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया था. जिसके बाद लोग आक्रोशित हो गए थे.

**5 नवंबर 2023 :** बोकारो के ललपनिया थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के धार्मिक स्थल पर देवी-देवताओं की प्रतिमा विखंडित कर दी थी. इसे लेकर आक्रोशित लोगों ने ललपनिया गोमिया मुख्य मार्ग को जाम कर दिया था.

**04 नवंबर 2023 :** गढ़वा जिला के सदर थाना के बलिगढ़ गांव के धार्मिक स्थल में शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ की थी. जिससे लोग आक्रोशित हो गये थे.

**30 सितंबर 2023 :** धनबाद के गोविंदपुर में कुछ युवकों ने धार्मिक स्थल पर मूर्तियों को खंडित किया था. जिसके बाद लोग आक्रोशित हो गये थे.

नक्सल विरोधी अभियान से अलग है ये बीमा

# बम निरोधक दस्ते के जवानों के लिए 60 लाख का बीमा तय

संवाददाता । रांची

बम निरोधक दस्ते के 59 सदस्यों को इसका लाभ मिलेगा. इसके लिए पुलिस मुख्यालय ने प्रति सदस्य 2950 रुपये वार्षिक प्रीमियम का भुगतान किया है. यह बीमा नक्सल विरोधी अभियान से अलग है. नक्सल विरोधी अभियान के लिए बीमा पहले से लागू है. पुलिस मुख्यालय ने बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीडीएस) के लिए योजना बनायी थी. मुख्यालय का तर्क है कि बम निरोधक दस्ते को नक्सल अभियान के अलावा भी आकस्मिक बम जांच, आईईडी जांच, औचक निरीक्षण या प्रशिक्षण के क्रम में कोई नुकसान पहुंचेगा तो इस बीमा का उसको लाभ मिलेगा. एकरारनामे के अनुसार, बम निष्क्रिय ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों-पदाधिकारियों के घायल, निः शक्तता या बलिदान होने की स्थिति में संबंधित जिला के पुलिस अधीक्षक चिकित्सा, निशक्तता या

### जानें किस परिस्थिति में कितना मिलेगा लाभ

मृत्यु की स्थिति में 100 प्रतिशत, स्थाई रूप से निशक्तता में 100 प्रतिश और दो अंगों की क्षति होने पर (जैसे दोनों आंखें या फिर एक आंख व एक अन्य अंग नष्ट होने पर) भी 100 प्रतिशत बीमा राशि मिलेगी. एक अंग या एक आंख नष्ट होने पर 50 प्रतिशत राशि मिलेगी. स्थाई रूप से हल्का निशक्त होने पर आईआरडीए के नार्म्स के अनुसार राशि मिलेगी. जख्मी होने पर निजी या सरकारी अस्पताल में इलाजरत रहने पर अधिकतम 20 लाख रुपये, पुलिसकर्मी की मृत्यु की स्थिति में दो बच्चों की शिक्षा के लिए प्रति बच्चा दो लाख और बम निष्क्रिय करने के दौरान मृत्यु होने पर शव ले जाने के लिए 50 हजार दिया जायेगा.

मृत्यु बीमा के लिए दावा एकरारनामे में वर्णित निर्देशों के आलोक में होगा.

दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए हो स्थायी रैंप की व्यवस्था

# केंद्रों पर होंगी आवश्यक सुविधाएं : कुमार

प्रमुख संवाददाता। रांची

- जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन का निर्देश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा कि आसन्न लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अपने क्षेत्राधीन सभी मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले लोगों एवं मतदानकर्मियों के लिए सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं का भौतिक सत्यापन कराकर आगामी 27 मार्च तक प्रतिवेदित करें. मतदान केन्द्र को अनिवार्यतः भवन के निचले तल्ले में अवस्थित होना चाहिए ताकि वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को कोई असुविधा नहीं हो.

**मतदान केंद्र में प्रवेश और निकास का अलग-अलग हो दरवाजा :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्र में प्रवेश और निकास का अलग-अलग दरवाजा होना चाहिए. सभी मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए स्थायी रैम्प होने चाहिए. इसके अलावे पेयजल, प्रकाश-विद्युत की उपलब्धता भी होनी चाहिए. सभी मतदान केंद्रों पर मतदानकर्मियों एवं पोलिंग एजेंट सहित दिव्यांग, गर्भवती महिला एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए पर्याप्त संख्या में कुर्सी- टेबुल व बेंच की व्यवस्था की जानी है. सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुरुषों एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, छोटे शिशुओं के लिए क्रेच के अलावे सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम 15 फुट गुणा 15 फुट के अस्थायी टेन्टेड छाया की व्यवस्था भी की जानी है. उन्होंने कहा कि इसे मूर्त रूप देने के लिए प्रत्येक जिले में एक वरीय पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है. प्रत्येक सेक्टर पदाधिकारी को अपने क्षेत्राधीन सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करना है. सभी निर्वाची पदाधिकारियों से कहा गया है कि वे मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की व्यवस्था के लिए अपने क्षेत्र के कम से कम 20 फीसदी मतदान केंद्रों का ससमय भौतिक सत्यापन कर लें.

### 3 सीओ व 7 सहायक बंदोबस्त पदा. बदले

**रांची।** राज्य सरकार ने तीन सीओ (अंचल अधिकारी) और सात सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों का तबादला कर दिया है. सोमवार को इसका आदेश जारी कर दिया. आदेश के अनुसार विशुनपुर के सीओ दिनेश कुमार गुप्ता को चिनिया का सीओ, शेखर को चिनया से विशुनपुर सीओ की जिम्मेवारी सौंपी गई है. माधवी मिश्रा को जलडेगा से स्थानांतरित करते हुए कुड़ू का सीओ बनाया गया है. वहीं सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी किरण बोदरा को रांची से हजारीबाग, प्रीति केरकेट्टा को हजारीबाग से धनबाद, अमृता खाखा को हजारीबाग से रांची, शादां नुसरत को दुमका से हजारीबाग, निर्मल सोरेन को पलामू से धनबाद राजेश कुमार को धनबाद से पलामू और मिथिलेश चौधरी को धनबाद से दुमका का सहायक बंदोबस्त पदाधिरकारी बनाया गया है.

CLASSIFIED










**योजना** एचआईवी पीड़ितों की पेंशन योजना में 2781 लाभुक बढ़े

# झारखंड में पेंशन योजनाओं पर खर्च हुए 1992.50 करोड़

प्रमुख संवाददाता। रांची

राज्य सरकार ने विभिन्न पेंशन योजनाओं के मद में सालाना 1992.50 करोड़ रुपए खर्च की है. वहीं पेंशन योजनाओं में लाभुकों की संख्या में भी वृद्धि हुई है. मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना में लाभुकों की संख्या में 91917 की वृद्धि हुई है. वहीं स्वामी विवेकानंद स्वालंबन प्रोत्साहन योजना में 16872 लाभुकों की संख्या में वृद्धि हुई है. मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना में लाभुकों की संख्या में 39555 की वृद्धि हुई है. मुख्य एचआइवी पीड़ित के लिए लागू पेंशन योजना में लाभुकों की संख्या में 726 की वृद्धि हुई है.

### वृद्धवस्था पेंशन में सबसे अधिक राशि खर्च



*राज्य में सबसे अधिक राशि मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना में खर्च की गई है. इस योजना के तहत 662.84 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं. वहीं मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन योजना के तहत 39.57 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं. इंदिरा गांधी ओल्ड एज पेंशन स्कीम के तहत 703.20 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं. इस श्रेणी में पेंशधारियों की संख्या 9,31,868 है. इंदिरा गांधी विडो पेंशन स्कीम के तहत 234.55 करोड़ रुपए खर्च किए गए. इसमें पेंशनधारियों की संख्या 2,56,708 है.*

### इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना में 70.38 % राशि खर्च

वित्तीय वर्ष 2023-24 में सबसे कम खर्च मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना में की गई है. अब तक इस श्रेणी में 40.88 फीसदी राशि खर्च की गई है. इंदिरा गांधी विधवा पेंशन में सबसे अधिक 70.38 फीसदी राशि खर्च की गई है. इंदिरा गांधी नेशनल डिसेबिलिटी पेंशन स्कीम के तहत 69.70 फीसदी राशि खर्च की गई है. एचआईवी पीड़ित पेंशन योजना के तहत 42.61 फीसदी राशि खर्च की गई है.

| पेंशन योजना | अब तक भुगतान (लाख में) | खर्च का प्रतिशत |
|---|---|---|
| इंदिरा गांधी ओल्ड पेंशन स्कीम | 70320.58 | 56.86 |
| इंदिरा गांधी विडो पेंशन स्कीम | 23455.37 | 70.38 |
| इंदिरा गांधी डिसेबिलिटी पेंशन | 2294.67 | 69.70 |
| नेशनल फैमिली बेनेफिट | 654.6 | 32.73 |
| मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन | 66284.41 | 40.88 |
| मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन | 3957.65 | 48.94 |
| मुख्यमंत्री निराश्रित महिला पेंशन | 18740.88 | 40.31 |
| मुख्यमंत्री एचआईवी पीड़ित पेंशन | 285.88 | 42.61 |
| स्वामी विवेकानंद प्रोत्साहन | 13256.75 | 46.00 |

# 7 स्टेशनों तक पहुंची भूमिगत आग, 26 जोड़ी ट्रेनों को खतरा, विकल्प तैयार करने में लगेंगे 10 वर्ष

**राजा गुप्ता। धनबाद**

झरिया प्रखंड के भौंरा में 1916 में लगी कोयले की खान में भूमिगत आग आज की तारीख में धनबाद-चंद्रपुरा रेलखंड के कुसुंडा, बांसजोड़ा, बसेरिया, सिजुआ, अंगारपथरा, सोनारडीह और तेतुलिया स्टेशन के करीब पहुंच चुकी है. कहीं 50 तो कहीं 100 से 200 गज की दूरी पर है. डीसी लाइन खतरे में है और आनेवाले दिनों में कभी भी डीसी लाइन के नीचे की जमीन धंस सकती है. रेलवे सूत्रों के अनुसार डीसी लाइन से होकर 26 जोड़ी ट्रेनें गुजरती है. जिस पर लाखों यात्री सवार होकर गंतव्य के लिए सफर करते हैं. अंग्रेजों के जमाने से इस रूट पर ट्रेनें और मालगाड़ियां चल रही है. पहली ट्रेन चंद्रपुरा सवारीगाड़ी चली थी. आग का खतरा को देखते हुए रेलवे ने वैकल्पिक व्यवस्था शुरू कर दी है. एक मार्च को पीएम मोदी ने ऑनलाइन शिलान्यास कर रेलवे लाइन बिछाने की अनुमित दे दी है. रेलवे के एक-दो अधिकारी कहते हैं कि भले ही लाइन बिछाने के लिए तीन से चार साल का समय दिया गया है, लेकिन इसमें 10 वर्ष से अधिक समय लगेंगे. नयी लाइन को धनबाद-गोमो रेलखंड के बीच दो लाइन बिछानी है. लाइन बिछाने में कई जगहों पर दिक्कत होगी. सभी जगह जमीन नहीं है. वहां भूमि अधिग्रहण करने में समय लगेगा. कुछ जगहों पर रेलवे ब्रिज बनाना होगा. हालांकि 27 साल पहले वर्ष 1997 में डीजीएमएसके अधिकारियों ने बैठक के दौरान रिपोर्ट सौंप कर रेलवे को आगाह कर चुका है. नयी रिपोर्ट से रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया है. अबतक 193 बार रेलवे, जिला प्रशासन, डीजीएमएस, सिंफर व बीसीसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक हो चुकी है.

**27** साल पहले वर्ष 1997 में रेलवे को आगाह कर चुका है डीजीएमएस

**01** मार्च को प्रधानमंत्री मोदी के शिलान्यास के बाद टूटी नींद

**193** बार बैठक करने के बावजूद नई लाइन बिछाने के लिए तैयारी शुरू नहीं





**अग्नि प्रभावित क्षेत्रों में भू-धंसान की हो चुकी हैं कई घटनाएं :** सूत्रों के अनुसार धनबाद-चंद्रपुरा रेललाइन के किनारे कुसुंडा, बांसजोड़ा, बसेरिया, सिजुआ, अंगारपथरा हाल्ट, कतरासगढ़, तेतुलिया हाल्ट, सोनारडीह हाल्ट, टुंडू हाल्ट, बुदौरा हाल्ट, फुलवारटांड़, जमुनी हाल्ट, जमुनियाटांड़, दुगदा स्टेशन के आसपास के बस्ती में भू-धंसान की कई घटनाएं हो चुकी है. रेलवे के अनुसार वर्तमान समय में धनबाद-चंद्रपुरा रेललाइन के बीच दो दर्जन से अधिक ट्रेनें और कई मालगाड़ियां चल रही हैं. भू-धंसान और आग से खतरे को देखते हुए 15 जून 2017 को 20 माह के लिए ट्रेनों के परिचालन को बंद कर दिया गया था. डीसी लाइन का विकल्प तैयार करने के लिए धनबाद-मतारी के बाद तेलो-दुगदा के बीच नई लाइन बिछाने की तैयीर चल रही है.

## डीसी लाइन की 24 घंटे हो रही मॉनिटरिंग

झरिया की आग धनबाद-चंद्रपुरा रेलमार्ग के सात स्टेशनों तक पहुंच गई है. डीजीएमएस की एक्सपर्ट टीम ने इसकी नई ताजा रिपोर्ट रेलवे को सौंप दी है. इससे रेल अधिकारियों में हड़कंप मच गया है. डीजीएमएस सूत्रों के अनुसार धनबाद रेल मंडल के अधिकारियों की ओर से इसकी जानकारी हाजीपुर जोनल मुख्यालय को दे दी गई है. जहां से रेलवे बोर्ड के चैयरमैन को अवगत करा दिया गया है. अधिकारियों की टीम धनबाद-चंद्रपुरा रेललाइन की मॉनिटरिंग कर रही है. तीन शिफ्ट में परिचालन विभाग के कर्मचारी पेट्रोलिंग भी कर रहे हैं. सात स्टेशनों के करीब रेलवे लाइन से कुछ दूरी पर आग और धुआं देखने को मिल रहा है. आसपास के लोगों में भी दहशत है. हालांकि रेलवे के वरीय अधिकारी कहते हैं कि झरिया की आग भले ही भीतर ही भीतर जमीन के नीचे डीसी लाइन तक पहुंच गई है, लेकिन आग अभी रेल पटरी से काफी दूर है. जमीन के काफी नीचे भी है. रेलवे लाइन को अभी अधिक खतरा नहीं है. ट्रेनों के चलने से न तो पटरी कहीं धंसी है और न ही कहीं जमीन में दरार ही दिखी है. जहां आग लगी है, उसपर काबू पाने का प्रयास हो रहा है. आग लगने वाले स्थान के आसपास आबादी होने से बुझाने में दिक्कत हो रही है.

### करोड़ों की संपत्ति बनाई, अब अस्पताल खोलकर खुद को बताता है पाक-साफ

# गेसिंग किंग सलाहउद्दीन लॉटरी की दुनिया का खिलाड़ी नंबर-1



अवैध लॉटरी का **कारोबार** 7

**रिजवान शम्स। धनबाद**

धनबाद में जुआ की बात हो और गेसिंग किंग सलाहउद्दीन का नाम न आए तो ये जिक्र ही बेमानी रहेगी. जी हां, जुए की दुनिया में सलाहउद्दीन कुछ ऐसा ही बड़ा नाम है. चाहे गेसिंग की बात हो, लॉटरी का कारोबार हो या फिर आइपीएल में सट्टेबाजी हो, तीनों का धनबाद में इकलौता किंग है सलाहउद्दीन. आज की तारीख में करोड़ों की प्रोपर्टी, रईशी से भरा जीवन और काली कमाई को सफेद करने के लिए अस्पताल का मुखौटा. ये सारी चीजें अब उसके पास है.

**तीन दशक पूर्व साइकिल मिस्त्री के साथ शुरु किया था गेसिंग :** सलाहउददीन धनबाद में करीब तीन दशकों से जुआ की दुनिया में सक्रिय रहा है. झरिया के चिल्ड्रेन पार्क के ठीक बगल में साइकिल रिपेयरिंग का काम करने वाले एक मिस्त्री के साथ मिलकर उसने धनबाद में गेसिंग की शुरुआत की थी. तब ये धनबाद के लिए एक नए तरह का जुआ था, जिसमें रकम लगाने वाले को दस तक गुणा मुनाफा मिलता था. देखते ही देखते ही गेसिंग का अवैध कारोबार छा गया. झरिया से होता हुआ गेसिंग पूरे जिले में फैल गया. भूली मोड़ पुल के नीचे तो कई सालों तक गेसिंग का काम पुलिस की संरक्षण में बेखौफ चलता रहा. वहां तो प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की भीड़ सुबह से लेकर देर रात तक जमा रहती थी. इस कारोबार ने सलाहउ्ददीन को जुआ की दुनिया का सबसे बड़ा खिलाड़ी बना दिया. इसके बाद आइपीएल सट्टेबाजी और लॉटरी में भी इसने तकदीर आजमाई. इन सब करोड़ों रुपये की कमाई करने के बाद सलाहउद्दीन ने अपने उपर लगे गेसिंग किंग का तमगा फेंकने की कई बार कोशिश की. लेकिन इस कारोबार में मोटी कमाई का लालच की जंजीरों को वह तोड़ नहीं पाया.

नतीजा आइपीएल सट्टेबाजी की बात हो या फिर लॉटरी कारोबार हर तरह के बड़े जुए में सलाहउद्दीन का नाम आता रहा. कई सालों पूर्व उसने गोविंदपुर में अपना आलीशान मकान बना लिया. फिर एक अस्पताल भी खोल लिया है. अब सामाजिक कामों में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेता है.

## जीटी रोड में बिकती है सलाहउद्दीन की लॉटरी



धनबाद के जीटी रोड में लॉटरी कारोबार में सलाहउद्दीन का सिक्का चलता है. गोविंदपुर, निरसा से लेकर बंगाल के सटे इलाकों में सलाउददीन के ब्रांड की लॉटरी बिकती है. लेकिन इसके अलावा लॉटरी छपवाने का कारोबार भी वह डील करता है. यदि किसी लॉटरी वाले को अपनी ब्रांड की लॉटरी छपवानी है तो वह सलाहउद्दीन का पास जाता है और फिर सलाहउददीन उसे बताता है कि अब वह इन धंधों से दूर है लेकिन यदि आया तो वह मदद करेगा ही .फिर उस पार्टी को अपने खास व्यक्ति के पास बंगाल भेज देता है, बंगाल वाला व्यक्ति लॉटरी छापकर देता है, इसमें भी अब मोटी कमाई कर रहा है.

**1** लॉटरी माफियाओं इसी के माध्यम से छपवाते हैं लॉटरी, बंगाल में है छपवाने का ठिकाना

**2** आइपीएल में सट्टा, गेसिंग और लॉटरी तीनों कामों में रहती है सलाहउद्दीन की भूमिका

### मैंने हर बुरा काम छोड़ दिया : सलाहउद्दीन

गेसिंग किंग के नाम पूरे जिले में फेमस सलाहउद्दीन ने कहा है कि उसने दो-तीन साल पहले ही सारे बुरे कार्य छोड़ दिए हैं, अब वह इमानदारी के साथ जिंदगी गुजार रहा है. लॉटरी हो, सट्टा हो या फिर गेसिंग हो, किसी में भी उसकी कोई भूमिका नहीं है. भविष्य में भी वह किसी बुरे कार्य में शामिल नहीं होगा.

# बोकारो:टायर चोर गिरोह का खुलासा 5 गिरफ्तार, 17 टायर भी बरामद हुए

**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो जिले के अलग अलग थानाक्षेत्र में लगातार हो रही फोर व्हीलर गाड़ियों के टायरों की चोरी का उद्भेदन हो गया है. इन घटनाओं से परेशान पुलिस प्रशासन ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में टायर सहित एलॉय चोरी मामले को लेकर बोकारो पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश ने सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में एक टीम गठित की. इस टीम ने तत्परता के साथ टायर चोरी के 9 मामलों सहित 5 लोगों को पकड़ने में सफलता हासिल की है.

इनमें चार बोकारो तथा पांचवां धनबाद स्थित कार ब्यूटी नामक दुकान के मालिक को हिरासत में लिया गया है. गिरफ्तार आरोपियों में हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 9डी स्ट्रीट 34 क्वार्टर नंबर 360 का निवासी 19 वर्षीय कुमार आयुष, क्वार्टर नंबर 137 का 19 वर्षीय आनंद कुमार, 9 सी स्ट्रीट 20 के क्वार्टर नंबर 382 निवासी 18 वर्षीय विवेक कुमार, 9सी स्ट्रीट 29 के बगल में झोपड़ी निवासी 19 वर्षीय तेज प्रताप सिंह तथा चोरी का माल खरीद बिक्री करने वाला मटकुरिया, कतरास मोड़ धनबाद निवासी 53 वर्षीय जसवीर सिंह को गिरफ्तार किया गया.

### एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी



**मामले का उद्भेदन करनेवाली टीम होगी पुरस्कृत**

बोकारो एसपी पूज्य प्रकाश ने हरला थाना में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मामले के उद्भेदन की जानकारी दी. कहा कि अभी तक हरला थाना क्षेत्र से तीन सेक्टर 6 थाना से दो सेक्टर 4 थाना से चार तथा बीएससिटी थाना मिलाकर कुल 9 मामला दर्ज है. टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सेक्टर 9डी स्ट्रीट 34 के क्वार्टर 260 के स्टोर (गैरेज) रूम से 13 टायर तथा 4 एलॉय व्हील सहित चक्का जैक, रिंच आदि समान बरामद किया. साथ ही चोरी का सामग्री ढोने के लिए इस्तेमाल की जा रही ब्रेजा कार (जेएच 09 एडब्लू 5616) को भी बरामद किया है. एसपी पूज्य प्रकाश ने कहा कि गठित पांच इंस्पेक्टर तथा चार सहायक इंस्पेक्टर सहित अन्य सभी को उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कृत किया जायेगा. एसपी द्वारा गठित टीम में सिटी डीएसपी आलोक रंजन, हरला थाना निरीक्षक अनिल कच्छप, बीएसईबी थाना इंस्पेक्टर सुदामा कुमार दास, बालीडीह थाना इंस्पेक्टर संजय कुमार, पु0 अ0नि0 में हरला थाना से संजय कुमार राय, धनंजय कुमार, बीएस सिटी थाना से नंद किशोर सिंह, प्रभात कुमार, हरला थाना के सहायक अवर निरीक्षक अजय प्रसाद, निर्मल कुमार यादव, सुरेश रविदास, श्रीनिवास शर्मा, आरक्षी नरेश मंडल, रविंद्र कुमार सिंह, मुनसर अहमद, सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह शामिल थे.

**बरामद सामग्री :** ब्रेजा कार, कार की डिक्की में एक नंबर प्लेट, बोलेनो कार जेएच 09 एआर 0998 का चारों पहिया, एलॉय व्हील रिंग, धनबाद से स्कार्पियो का चार टायर, अपोलो कंपनी का चार टायर, जैक सहित अन्य सामग्री बरामद की गयी है.

# कैबिनेट की बैठक आज, दर्जन भर एजेंडों को मिलेगी मंजूरी

**संवाददाता। रांची**

कैबिनेट की बैठक मंगलवार शाम चार बजे से होगी. जानकारी के अनुसार बैठक में एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को स्वीकृति मिल सकती है. केंद्र के अनुरूप राज्यकर्मियों को 4% महंगाई भत्ता देने पर मुहर लग सकती है. एक जनवरी 2024 से इसका लाभ सभी राज्यकर्मी, पेंशनधारी व पारिवारिक पेंशनधारियों को मिल सकता है. कैबिनेट में राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 62 वर्ष करने पर भी विचार हो सकता है. जनजातीय भाषा अकादमी शुरू करने का प्रस्ताव भी बैठक में रखा जा सकता है. बैठक में पथ निर्माण, ग्रामीण विकास और ऊर्जा की कई योजनाओं को स्वीकृति मिलती है. जानकारी के अनुसार, आचार संहिता लगने से पहले राज्य सरकार कई विकास योजनाओं को स्वीकृति दे सकती है. इसके अलावा बैठक में कई नीतिगत निर्णय भी लिये जा सकते हैं.

**खास बातें**

- राज्यकर्मियों के 4% डीए के प्रस्ताव को मिल सकती है मंजूरी
- जनजातीय भाषा अकादमी के प्रस्ताव पर बन सकती है सहमति

### पुटकी में एक नकाबपोश के पास पिस्टल होने की खबर पुलिस ने टेंट उखाड़ कर फेंका

# महिला समिति के धरने में हंगामा, बमबाजी

- दहशत फैलाने के लिए फोड़े गए बम, हंगामे में महिलाओं को लगी चोट

**संवाददाता। पुटकी**

पुटकी के भागाबांध 17 नंबर स्थित निजी कंपनी ईगल दीप प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय के मुख्य गेट पर सोमवार को नशा उन्मूलन महिला समिति के धरना के दौरान जमकर बवाल हुआ. समिति की महिलाएं अपनी 8 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना देने पहुंची थीं. सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को खदेड़ कर भगा दिया. खदेड़ने के क्रम में कुछ महिलाओं को चोटें आई हैं. धरना के लिए लाये गए टेंट को भी हटा दिया गया. वहीं कुछ उपद्रवियों ने कंपनी के गेट से करीब 500 मीटर दूर आंदोलन कर रहे लोगों की खड़ी आधा दर्जन बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया. क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए सुतली बम भी फोडे.गए. घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी दीपक कुमार मौके पर पहुंचे. पुटकी, केंदुआडीह, मुनिडीह समेत पुलिस लाइन से बड़ी संख्या में फोर्स बुलाई गई. पुलिस ने उपद्रव कर रहे लोगों को हिरासत में लिया है.



धरना का नेतृत्व कर रही महिला समिति की नेत्री सुंदरी देवी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि पूर्तव घोषित कार्यक्रम के तहत धरना देने पहुंचीं महिलाओं पर पुलिस ने लाठियां बरसाईं और खदेड़ दिया. महिलाओं ने भागाबांध ओपी प्रभारी प्रवीण कुमार पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप भी लगाया.

### नशे के लिए उपयोग किया जाता है खांसी का सिरप

# बरवाअड्डा में 54 लाख रु. का फेंसेडिल सिरप जब्त



बरामद दवाएं

**संवाददाता। बरवाअड्डा**

गुजरात पुलिस की सूचना पर सोमवार को बरवाअड्डा पुलिस और ड्रग इंस्पेक्टर ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में बरवाअड्डा भेलाटांड़ पानी टंकी के पास की एक गोदाम में छापेमारी की. छापामारी में पुलिस ने गोदाम में अवैध रूप रखे फेंसेडिल की 26000 बोतल जब्त की, जिसकी बाजार कीमत लगभग 54 लाख रुपये है. गुजरात पुलिस ने गुजरात में एक ट्रक पकड़ा था, जिसमें अवैध तरीके के फेंसेडिल सिरप ले जायी जा रही थी. मामले में एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया गया था. हिरासत में लिए गए चालक ने पुलिस को बताया था कि झारखंड के धनबाद जिला अंतर्गत बरवाअड्डा क्षेत्र से दवा को लोड किया गया था. रविवार को मामले को सत्यापित करने के लिए चालक को लेकर गुजरात पुलिस बरवाअड्डा पहुंची थी. रविवार को बरवाअड्डा पुलिस को ले कर गोदाम पहुंचने पर वहां काम कर रहे कर्मचारी ताला लगा कर कर भाग गए थे. पुलिस आने की सूचना पर गोदाम के मालिक भी फरार हो गया.

**मजिस्ट्रेट की देखरेख में ताले तोड़ सिरप जब्त किये गये :** अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सोमवार को वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा को मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया. मजिस्ट्रेट की देख- रेख में गोदाम के ताले तोड़कर अवैध तरीके से भंडारण किए कफ सिरप को जब्त किया गया. कार्यवाही में बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि, ड्रग इंस्पेक्टर रंजीत चौधरी और घनश्याम कुमार मौजूद थे. गोदाम में रखे कफ सिरप को ड्रग इंस्पेक्टर ने जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया. वहीं गोदाम में खड़े एक मिनी ट्रक और लगभग 60 बोरा गेहूं को पुलिस ने जब्त कर गोदाम को सील कर दिया. डीएसपी शंकर कांति ने भी गोदाम पहुंचकर मामले की जानकारी ली और थाना प्रभारी को आवश्यक दिशानिर्देश दिये.

**डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन पर ही बेचने की अनुमति है : ड्रग इंस्पेक्टर:** ड्रग इंस्पेक्टर चौधरी ने बताया कि यह कफ सिरप केवल डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन पर ही बेचने की अनुमति है. बिना कागजात और लाइसेंस के गोदाम रखना गैर कानूनी है. इस संबंध में गोदाम के मालिक उपेंद्र सिंह और गोदाम को किराये पर लिए बनारस निवासी उमेश सिंह पर एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया जाएगा.

**खास बातें**

- बरवाअड्डा के गोदाम में 26 हजार बोतल बरामद
- धनबाद से गुजरात तक हो रही थी नशे की दवा की सप्लाई

**खुशखबरी**

### बेतला वन अभयारण्य में लौटेगी रौनक, वन्यप्राणी प्रेमियों को हो सकेंगे बाघों के दीदार

# एक साल में पीटीआर में दिखे 4 बाघ, वन विभाग की टीम उत्साहित

**खास बातें**

- पिछले साल भी पलामू में देखा गया था एक बाघ
- पीटीआर में लगाये गये कैमरों में कैद हुई बाघों की तस्वीर

**आशीष टैगोर। लातेहार**

बेतला में आने वाले सैलानियों के लिए एक और खुशखबरी है. पीटीआर के बेतला नेशनल पार्क क्षेत्र में एक बाघ और देखा गया है. पिछले एक साल में पलामू व्याघ्र परियोजना (पीटीआर) में चार बाघ देखे गये हैं. पिछले साल मार्च के माह मे पीटीआर में एक बाघ देखा गया था. उसके बाद नवंबर माह में दो बाघ देखे गये. अब मार्च के महीने में फिर से एक बार बाघ देखे जाने का दावा वन विभाग ने की है. पीटीआर क्षेत्र में लगाये गये कैमरा ट्रैप में इस बाघ की तसवीर कैद हुई है. बाघ देखने से एकदम स्वस्थ्य है और पिछली बार देखे गये बाघो से अलग है. यह बाघ उसी इलाके में देखा गया हैं जहां नवंबर के माह में बाघ देखे गये थे. चौथा बाघ देखे जाने से वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी खासे उत्साहित हैं.



**जगी उम्मीद**

### 50 कैमरे लगाये गये हैं

पीटीआर वन क्षेत्र 1129 वर्ग किलोमीटर में है और इसमें बाघों एवं अन्य वन्य जीवों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए 50 से अधिक कैमरे लगाये गये हैं. इन्ही कैमरों में से एक मे उक्त बाघ की तसवीर कैद हुई है. इन कैमरों में पूर्व में पाये गये तीन बाघ की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है. उनके द्वारा जंगल में शिकार करने की तसवीरें भी कैमरों में कैद की गयी है. विशेषज्ञों ने बताया कि बेतला में अभी तक जितने भी बाघ देखे गये हैं, सभी नर हैं. शायद वे मादा की तलाश में भटक रहे हैं और अभी तक अपना स्थायी निवास नहीं बना पाये हैं. वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पीटीआर में बाघों के स्थायी प्रवास के लिए प्रयास किये जा रहे हैं.

### कब कहां देखे गये बाघ

आज से दो साल पहले तक कहा जाता था कि बेतला या पीटीआर में बाघों कें संरक्षण के नाम पर लाखों रूपया पानी की तरह बहाया जा रहा है, लेकिन इसका फलाफल शून्य है. लेकिन विगत एक सालों में पीटीआर में बाघों की चहलकदमी ने सभी मिथक तोड़ दिये हैं. पिछले वर्ष सबसे पहले मार्च के महीने में पीटीआर के कूटकू वन प्रक्षेत्र में बाघ को देखा गया था. इसके बाद नवंबर में गारू वन प्रक्षेत्र में बाघ देखा गया. तीसरी बार भी नवंबर के माह में ही बेतला नेशनल पार्क में बाघ देखा गया. बेतला आये कोलकाता के पर्यटको ने उसकी तसवीर कैमरे में कैद की थी. चौथी बार भी बेतला नेशनल पार्क में ही बाघ देखा गया है.

### ब्रीफ खबरें

## मित्तल श्रृंगार स्टोर में लगी भीषण आग

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के चूड़ी पट्टी स्थित मित्तल श्रृंगार स्टोर में सोमवार की शाम लगभग 4 बजे आग लग गई . आग लगने से स्थानीय दुकानदारों में अफरा - तफरी मच गई . वहीं घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है . वहीं श्रृंगार स्टोर संचालक पवन मित्तल समेत स्थानीय दुकानदारों ने तत्परता दिखाई और तुरंत गैलन व बाल्टी से पानी मार कर आग को बुझाने के प्रयास में जुट गए . स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड की टीम और झरिया थाने को दी. सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने के कार्य में जुट गई.

## दरोगा के खिलाफ एसपी से शिकायत

**धनबाद ।** पांडरपाला की रहने वाली प्रगति कुमारी सिंह ने भूली के दरोगा विजय राम के खिलाफ सिटी एसपी से शिकायत की है. सिटी एसपी को दी गई शिकायत में बताया है कि उसने 2020 में पांडरपाला भूली के ही रहने वाले शिवकुमार सिंह पिता स्व. ब्रह्मदेव सिंह को 2 लाख 80 हजार रुपए दिये थे, रुपए के बदले एग्रीमेंट किया था कि वह जमीन देंगे. लेकिन उसने जमीन पर बना एक घर दिया और पैसे ले लिए. बाद में पता चला कि उक्त जमीन मांझी प्लॉट है, भूली के एसआई से मिलकर अब उसे प्रताड़ित किया जा रहा है.

## विनोद नगर में लाखों की संपत्ति की चोरी हुई

**धनबाद ।** धनबाद थाना क्षेत्र के विनोद नगर त्रिमूर्ति मंदिर रोड निवासी अक्षय कुमार के घर चोरों ने लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली है. अक्षय ने मामले की शिकायत धनबाद थाने में की है. उन्होंने बताया कि वे शादी के सिलसिले से डाल्टनगंज गए हुए थे. इसी का चोरों ने फायदा उठाते हुए घर का ताला तोड़ दिया और घर में रखे सोने व चांदी के जेवरात की चोरी कर ली. चोरी गए सामानों की कीमत लाखों में है. पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है.

## संयुक्त मोर्चा ने विरोध में आक्रोश रैली निकाली

**मधुबन।** सोमवार को संयुक्त मोर्चा ने एमडीओ के खिलाफ आक्रोश रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया. आक्रोश जो खरखरी कॉलोनी का भ्रमण करते हुए खरखरी कोलियरी के कार्यालय में आकर सभा मे तब्दील हो गई . सभा की अध्यक्षता सीनियर गवर्नमेंट घनश्याम यादव व संचालन अजय कुमार महतो ने किया . सभा को संबोधित करते हुए बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष शेख रहीम ने कहा कि प्रबंधन साजिश के तहत गुपचुप तरीके से एमडीओ कंपनी के चालू खदान में घुसाना चाह रहा है.

## चलती कार में आग बाल-बाल बचे दंपती

**धनबाद।** धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर सोमवार की शाम चलती कार में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. यह देख अन्य वाहन जहां-तहां रुक गए, जिससे सड़क जाम हो गई. खतरे को भांप उक्त कार पर सवार दंपती ने कार रुकवाई और जान बचाने के लिए कूद कर भाग निकले. कार के चालक ने बताया कि तोपाचांची निवासी मो. फारूक अपनी पत्नी के साथ जमीन से सबंधित काम को लेकर कार से रजिस्ट्री कार्यालय आए थे. काम खत्म होने के बाद पति-पत्नी घर लौट रहे थे. इसी बीच रणधीर वर्मा चौक पहुंचते ही कार के इंजन से धुआं निकलने लगा.

### बरबेंदिया पुल शिलान्यास के बाद नए विवाद से झामुमो व कांग्रेस आमने-सामने

# विज्ञापन में नाम नहीं होने से विधायक इरफान अंसारी नाराज

संवाददाता। निरसा





बराकर नदी के बरबेंदिया पुल निर्माण के श्रेय को लेकर सत्ता व विपक्ष के बीच होड़ मची हुई है. दोनों ही पार्टी के नेता पुल निर्माण में अपनी भूमिका बता रहे हैं. भाजपा ने जहां सांसद पीएन सिंह व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के नेतृत्व में निरसा में और विधायक इरफान अंसारी की अगुवाई में सूबे के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा जामताड़ा में पुल का शिलान्यास किया गया. पुल को लेकर अब नया विवाद खड़ा हो गया है. सरकारी विज्ञापन में खुद का नाम नहीं होने पर विधायक इरफान अंसारी ने नाराजगी और आपत्ति जतायी है. विधायक इरफान अंसारी ने ट्वीट कर सीएम को चेतावनी दी है. विधायक ने ट्वीट कर लिखा है कि बरबेंदिया पुल के शिलान्यास के सरकारी विज्ञापन में उनका नाम किसी भी अखबार में नहीं है. यह उनका अपमान है. इसे किसी भी कीमत पर वे बर्दाश्त नहीं करेंगे. स्वाभिमान से समझौता नहीं करेंगे.

**खास बातें**

- पुल को लेकर अब नया विवाद शुरू हुआ
- स्वाभिमान से समझौता नहीं करेंगे : इरफान अंसारी

### होर्डिंग व बैनर में विधायक का नाम विज्ञापन में नदारत

होर्डिंग और बैनर में विधायक इरफान अंसारी का नाम और फोटो था. लेकिन अखबार में छपे विज्ञापन में स्थानीय विधायक इरफान अंसारी का नाम नहीं था. जिस पर उन्होंने आपत्ति जताई है. उन्होंने इसे अपना अपमान बताया है. इस मामले को लेकर उनसे संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन विधायक इरफान अंसारी से संपर्क नहीं हो सका.

### क्यों उठी विवाद

दरअसल, मुख्यमंत्री द्वारा बराकर नदी पर 263 .88 करोड़ की लागत से बनने वाले बरबेंदिया पुल के निर्माण कार्य के शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया था. रविवार को हुए इस पुल के शिलान्यास को लेकर सरकार की ओर से सभी अखबारों में विज्ञापन प्रकाशित किये गये थे. सरकार और जामताड़ा जिला प्रशासन की ओर से बड़े-बड़े होर्डिंग बैनर भी लगाये गये थे.

**वर्षो से हो रही थी पुल निर्माण की मांग :** बताते चले कि वर्षों से बराकर नदी पर बरबेंदिया पुल के निर्माण की मांग की जा रही थी. जिसके बाद झारखंड के इस सबसे लंबे पुल का शिलान्यास रविवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कर दिया,हालांकि इस समारोह में विधायक इरफान अंसारी भी मौजूद थे.

# नफ्स पर काबू पाने का नाम है रोजा

- तरावीह की नमाज अदा, आज से रोजा शुरू
- रमजान मुबारक,मुस्लिम बहुल इलाकों की रौनक बढ़ी, मस्जिदें गुलजार

संवाददाता। धनबाद

रमजान का पाक महीना मंगलवार से शुरू हो रहा है. रमजान के रोजे रखने से पहले सोमवार को तरावीह की नमाज अदा की गई. रमजान को लेकर मुस्लिम इलाकों में रौनक बढ़ गई है. मुस्लिम समाज इस पाक महीने में गुनाहों से दूरी बनाकर अपने परवरदिगार की रजा के लिए रोजा रखते हैं और नमाज पढ़ते हैं. मस्जिदों में पाक महीने को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है, क्योंकि इस एक माह के दौरान नमाज पढ़ने वालों की तादाद में काफी इजाफा हो जाएगा. वजू खाने, जानमाज, पानी के इंतजाम, रोशनी के इंतजाम आदि व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है. कई जगहों पर कम दिनों वाली तरावीह की नमाज अदा हो रही है. इस पाक महीने में मुस्लिम समुदाय यानि रोजे रखने वाले दिन के वक्त खाना-पीना छोड़ देता है. सूरज डूबने या मगरिब की नमाज के बाद रोजा खोल जाता है. दिन में पांचों वक्त की नमाज की पूरी पाबंदी करता है और ज्यादा से जयादा नेकियां बटोरने की कोशिश करता है. क्योंकि आलीम व उलेमाओं ने इस पाक महीने को बहुत ही बरकत वाला बताया है, इस पाक महीने में नेकी के बदले सत्तर गुणा सवाब मिलने की बात कुरआन-ए-पाक में कही गई है. कहा गया कि सिर्फ भूखा रहना ही रोजा नहीं है बल्कि नफ्स को नियंत्रण में रखने का नाम रोजा है. नफ्स यानि हर वो दुनियावी चीज जो आम दिनों में आपको करना अच्छा लगता है, इस पाक महीने में हर बुराई को त्याग कर अल्लाह की बातों पर अमल करने का नाम रोजा है. इसी वजह से मुस्लिम रोजे के दिनों में बुराइयों से दूरी बनाने की कोशिश करते हैं और नेकियों की तरफ कदम बढ़ाते हैं. सूरज उगने से पहले ही खाना खा लेना और फिर सूरज डूबने तक खाना-पानी छोड़ दिया जाता है. फिर जैसे ही सूरज डूबता है, और मगरिब की अजान होती है, रोजेदार की खाने-पीने को लेकर पाबंदी खत्म हो जाती है. न सिर्फ बड़े बल्कि बच्चों में रोजे रखने को लेकर काफी उत्साह देखा जाता है, काफी बच्चे भी पूरे एक महीने तक रोजे रख लेते हैं.

### इसी पाक महीने में कुरआन हुई थी नाजिल

रमजान की फजीलत इस वजह से और भी बढ़ जाती है कि पूरी दुनिया के मुसलमानों को जिंदगी और आखिरत तक की सीख देनी वाली कुरआन-ए-पाक इसी महीने में नाजिल हुई थी. इसके अलावा अन्य फजीलतों में ये भी है कि इस महीने में बरकत और गुनाहगारों के लिए मगफिरत दोनों मिलती हैं. नेकियों की बारिश करने वाले इस पाक महीने में हर मुस्लिम सवाब से सराबोर होने की ख्वाहिश रखते हुए नेक अमल करता है.

**पुलिस केंद्र में खुलेगा रोजा ।** धनबाद पुलिस लाइन में भी हर साल की तरह रोजेदार एक साथ इफ्तार करेंगे. लगभग दो दर्जन रोजेदार यहां होने की उम्मीद की जा रही है. पुलिस केंद्र के मुस्लिम बैरक में रोजेदार प्रत्येक साल एक साथ इफ्तार करते हैं और मगरिब की नमाज भी अदा करते हैं. रोजे खोलने को लेकर होने वाली तैयारी पूरी कर ली गई है.

### पुरी से मंगलवार और दर्शन नगर से बुधवार को चलेगी ट्रेन

# आज से गोमो-बोकारो होकर अयोध्या के लिए चलेगी नई ट्रेन

**खास बातें**

- दो दिन के बदले अब साप्ताहिक ट्रेन चलेगी
- अब चाईबासा, चांडिल, मुरी, से बोकारो होकर चलेगी

संवाददाता । धनबाद



मंगलवार से धनबाद रेल मंडल के गोमो-बोकारो-कोडरमा होकर अयोध्या के लिए नई ट्रेन चलेगी. इस ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 85 हजार करोड़ की रेलवे की अन्य योजनाओं के साथ इसका भी ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे. यह ट्रेन पुरी से मंगलवार और अयोध्या के दर्शन नगर स्टेशन से बुधवार को चलेगी.

सूत्रों के अनुसार रेलवे बोर्ड ने पुरी से अयोध्या के दर्शन नगर स्टेशन तक नई ट्रेन चलाने की घोषणा कर दी है. पहले पुरी से दर्शन नगर के लिए सप्ताह में दो दिन ट्रेन चलाने की तैयारी थी, लेकिन अब इसमें संशोधन किया गया है. दो दिन के बदले अब साप्ताहिक ट्रेन चलेगी. पहले इस ट्रेन को आद्रा, बांकुड़ा, भोजूडीह और गोमो होकर चलाने का प्रस्ताव दिया था. अब चाइबासा, चांडिल, मूरी, बोकारो और गोमो होकर चलेगी. ओडिशा में पुरी-आनंदविहार एक्सप्रेस की तर्ज पर केंदुझारगढ़ होकर चलेगी.

### नई साप्ताहिक ट्रेन पुरी-आनंद विहार

पहले मंगलवार और शुक्रवार को प्रस्तावित ट्रेन पुरी से सुबह 5 :20 बजे खुलकर शाम 4 :25 बजे गोमो और अगले दिन तड़के 3 :20 बजे दर्शन नगर पहुंचना था. वापसी में दर्शन नगर से गुरुवार और रविवार को सुबह 8 :00 बजे खुलकर शाम 6 :22 बजे गोमो और सुबह 6 :30 बजे पुरी पहुंचने का समय निर्धारित था. जबकि मंगलवार को पुरी से दोपहर 2 :15 बजे खुलकर बोकारो और गोमो होकर दूसरे दिन दोपहर 3 :50 बजे दर्शन नगर पहुंचेगी. वापसी में दर्शन नगर से बुधवार को शाम 6 :50 बजे खुलेगी और गोमो व बोकारो होकर दूसरे दिन रात 10 :30 बजे पुरी पहुंचेगी. अधिकारी के अनुसार नई साप्ताहिक ट्रेन पुरी-आनंदविहार साप्ताहिक ट्रेन की रैक से चलेगी. जिसमें चार जनरल, छह स्लीपर, पांच थर्ड एसी, एक इकोनामी, दो सेकेंड व एक फर्स्ट कोच रहेगा. ट्रेन पुरी से खुलने के बाद साक्षी गोपाल, खुर्दा रोड, भुवनेश्वर, कटक, जाखापुरा, हरिचंदनपुर, केंदुझारगढ़, बंसापानी, डांगोवापोसी, चाइबासा, चांडिल, मूरी, बोकारो, गोमो, कोडरमा, गया, सासाराम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और वाराणसी होकर दर्शन नगर पहुंचेगी.

## डीएवी स्कूल बरोरा में दस दिवसीय योग शिविर शुरू

**बरोरा।** आर्य युवा समाज डीएवी पब्लिक स्कूल बरोरा में 10 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ सोमवार को हुआ. शिविर का उद्घाटन बरोरा थाना प्रभारी विकास कुमार व जेएसआई. अभिषेक कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से किया. शिविर में भाग ले रहे बच्चों व शिक्षकों को पतंजलि योग समिति धनबाद के योगाचार्य कमल कुमार व डीएवी बरोरा के संजीव कुमार शास्त्री ने वज्रासन, मुंडकासन, शवासन, नौकासन, भुजंगासन, हलासन, पद्मासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी, बाह्य प्राणायाम समेत अन्य आसनों का अभ्यास कराया.

### जिला प्रशासन ने धनबाद जाने के लिए नहीं की बस की व्यवस्था

# समारोह से वंचित रह गए निरसा के 25 बच्चे

संवाददाता। मैथन

गरीब व मेधावी छात्र-छात्राओं की उच्च शिक्षा के लिए झारखंड सरकार की गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में निरसा के करीब 25 बच्चे भाग नहीं ले सके. कार्यक्रम का आयोजन रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत मैदान में सोमवार को कियागया था. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने लाभुक बच्चों को क्रेडिट कार्ड का वितरण किया. लेकिन धनबाद जिला प्रशासन के उदासीन रवैये के चलते निरसा विधानसभा के 25 बच्चे कार्यक्रम में भाग नहीं ले पाये. जबकि सरकार ने जिले के डीसी को निर्देशित किया था कि हर हाल में लाभुक बच्चों को कार्यक्रम में ले जाना है. बच्चों के जाने-आने का पूरा खर्च सरकार को वहन करना था. बावजूद इसके बच्चों को कार्यक्रम स्थल तक ले जाने की कोई व्यवस्था नहीं की गयी.

### एग्यारकुंड व कलियासोल के बच्चे नहीं जा सके

जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन ने धनबाद मुख्यालय में चार बसों की व्यवस्था की थी, लेकिन सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के निर्धन बच्चे धनबाद कैसे पहुंचेंगे, इसका कोई इंतजाम नहीं किया था, जिसके कारण निरसा, एग्यारकुंड व कलियासोल प्रखंड के बच्चे रांची नहीं जा सके. लाभुक बच्चों ने बताया कि एक तो जिला मुख्यालय जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई थी और अहले सुबह पांच बजे तक पहुंचने को कहा गया था. जबकि क्षेत्र से उतनी सुबह ट्रेन व बस से जाने की व्यवस्था नहीं है. रिजर्व वाहन का खर्च 1500 रुपए वहन करना उनके वश में नहीं था. इसलिए चाहकर भी वे लोग नहीं जा सके. इस संबंध में निरसा के बीपीएम (शिक्षा विभाग) पवन महतो ने कहा कि पंचायत व प्रखंड स्तर पर बस या अन्य गाड़ी की व्यवस्था का कोई निर्देश नहीं मिला था. कोई फंड की भी व्यवस्था नहीं की गयी थी. निरसा, कलियासोल व एग्यारकुंड प्रखंड के कुल 55 लाभुक बच्चों में से केवल 30 ही धनबाद पहुंच पाये.

### एटीएम में प्लास्टिक डाल रोक देते हैं एटीएम से रकम की निकासी

# फिर आपके रुपये लेकर हो जाएंगे चंपत

संवाददाता। धनसार




अगर आप एटीएम से पैसा निकाल रहे हैं और सारी प्रक्रिया के बाद भी पैसा नहीं निकला तो सावधान हो जाइए. सबसे पहले एटीएम से पैसे निकलने वाले द्वार को चेक कर लीजिए. कहीं शातिर ठग इस द्वार को प्लास्टिक से पैक तो नहीं कर दिया है. इन दिनों इसी अंदाज से शातिर ठगी कर रहे हैं. ऐसा ही एक मामला सोमवार की सुबह जोड़ाफाटक स्थित बैंक आफ इंडिया के एटीएम में देखने को मिला.

धनसार थाना क्षेत्र न्यू क्वार्टर निवासी सह नगर निगम कर्मी सूरज एक हजार रूपए निकासी करने इस एटीएम पहुंचा. पैसे निकालने के सभी प्रक्रिया पूरी की. पैसे निकलने वक्त निकलने वाला आवाज भी आई पर पैसे बाहर नहीं निकले. सूरज को अब कुछ समझ मे नहीं आ रहा था. वह एटीएम से बाहर निकल खड़ा हो गया. देखते ही देखते वहां लोगों की भिड़ जुट गई. जब कुछ लोगों ने एटीएम के द्वार को जांच किया तो देखा कि उसके पैसे निकले हुए हैं. उसके उपर प्लास्टिक चिपका हुआ है. इसके बाद उसने अपना पैसा वापस पाया. इसके बाद शातिर का यह भेद खुल गया हालांकि सूरज ने इस संबंध में पुलिस को सूचना नहीं दी है.

**खास बातें**

- एटीएम में ठगी करने वालों के पैंतरे से सावधान
- पैसे निकलने वाले द्वार को चेक कर लीजिए

### ऐसे करते शातिर यह काम

पैसे निकलने वाले द्वार मे शातिर प्लास्टिक लगा कवर कर देते हैं ताकि निकासी की गई रकम बाहर न आए. प्लास्टिक लगाने के बाद एटीएम के इर्दगिर्द शातिर मडराते रहते है जब कोई व्यक्ति पैसा निकासी के बाद चला जाता है. तब वह प्लास्टिक हटा पैसे लेकर चंपत हो जाते है हालांकि इस बार शातिर की यह चाल सफल न हो सकी. ऐसे करनेवाले खासकर जिस एटीएम में गार्ड नहीं रहते है वैसे एटीएम में ही ऐसे कार्य करते हैं.

### शहर में चोरी की लगातार घटनाओं से आम लोगों में बन रहा भय का माहौल

# भाजपा नेता समेत तीन घरों में लाखों की चोरी

संवाददाता। धनबाद



शहर में लगातार हो रही चोरी की घटना में रविवार को तीन वारदातें और जुड़ गई. नवाडीह में अलकारी देवी अस्पताल के समीप बीती रात चोरों ने एक साथ तीन घरों के ताले तोड़ दिए . भाजपा नेता पप्पू सिंह के घर से चोरों ने लाखों के समान की चोरी की है. पप्पू सिंह ने बताया कि वह अपने पिता के घर तेतुलमारी गए हुए थे. उन्हें उनके पड़ोसी ने सोमवार की सुबह सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है. आकर देखा तो पाया कि दो सोने का झुमका, दो चैन, कंप्यूटर सेट एवं लैपटॉप, एक वीआइपी बैग, जिसमे कपड़ो के साथ करीब 50 हजार रुपये रखे थे, समान की चोरी हुई है. पप्पू सिंह नवाडीह में किराए के मकान में रहते हैं. वहीं उनके मकान से सटे दूसरे मकान में रहने वाली प्रसन्न सिंह की बेटी के घर का भी ताला तोड़ा गया है. वह यहां रहकर पढ़ाई करती है. मालूम हो कि प्रसन्न सिंह की बेटी भी अपने घर गई हुई है.

इसके साथ ही 8 लेन सड़क का काम करने वाली कंपनी दरषो एंड प्राइवेट कंपनी लिमिटेड के कार्यालय का भी ताला तोड़ा गया है. कार्यालय के भीतर सभी दराज की कुंडी तोड़ी गई है. लेकिन उनके कार्यालय से कुछ भी चोरी नहीं हुई है.

### वाह रे पुलिसिंग

- चोरी का एफआईआर नहीं करते थानेदार
- एसआई ने पीड़ित को कहा अब नहीं मिलेगा सामान, बेकार है एफआईआर करना

### थानेदार ने तो भाजपा नेता को चैंबर से ही निकाल दिया

शहर में लगातार चोरी और छिनतई की घटना हो रही है, पुलिस इन अपराधियों को पकड़ने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है. सब ठीक -ढाक चल रा है साबित करने के लिए पुलिस एफआइआर करने से ही परहेज कर रही है. एफआईआर दर्ज करने से ही मना कर दे रही है. चोरी होने के बाद भुक्तभोगी को ही पुलिस कहने लगी कि एफआईआर करने से क्या होगा, जो सामान चोरी हो गया वह तो अब नहीं मिलेगा. सोमवार की सुबह भाजपा नेता पप्पू सिंह के घर हुई चोरी की घटना का अनुसंधान करने भूली ओपी से एएसआई अमित सिंह पहुंचे. चोरी की सारी जानकारी लेने के बाद अमित सिंह ने पप्पू सिंह को कहा कि एफआईआर मत कीजिए. इससे कोई फायदा नहीं होगा. चोरी गया सामान तो मिलने वाला नहीं है. इसके बाद जब पप्पू सिंह भूलीओपी पहुंचे और थानेदार को एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने का आग्रह किया तो थानेदार भुक्तभोगी पर ही भड़क गए और अपने चैम्बर से ही निकाल दिया. इसके बाद एएसआई अमित सिंह उन्हें समझाने की कोशिश करने लगे कि एफआईआर मत कीजिए.

**अबुआ आवास** सूची में गड़बड़ी सहित अन्य मांगों को लेकर एग्यारकुंड प्रखंड के समक्ष धरना

# भ्रष्टचार खत्म होने तक हार नहीं मानूंगी: ब्लॉक प्रमुख

संवाददाता। मैथन



अबुआ आवास मुहैया कराने सहित अन्य मांग को लेकर सोमवार को ब्लाक प्रमुख संगीता महतो के नेतृत्व में एगयारकुंड प्रखंड कार्यालय के समक्ष पंसस, वार्ड सदस्य व वंचित लाभुकों ने एक दिवसीय धरना दिया. प्रमुख संगीता महतो ने कहा कि अबुआ आवास सूची में गड़बड़ी को लेकर आंदोलन लंबे समय से चल रहा है. आरोप लगाया कि बाबुओं द्वारा अबुआ आवास के नाम पर पैसे मांगे जाते हैं. जिस कारण कई योग्य लाभुक आवास से वंचित हो गये हैं. डीसी सहित अन्य अधिकारियों को पत्र देने के बावजूद गड़बड़ी की जांच कर दोषियों पर अबतक कार्रवाई नहीं हुई. तत्कालीन डीसी वरूण रंजन ने भी माना था कि निचले स्तर पर गड़बड़ी हुई है तथा कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था. कहा गया कि ब्लाक में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार चल रहा है. जबतक भ्रष्टाचार खत्म नहीं हो जाता है हार नहीं मानूंगी. धरना प्रदर्शन के बावजूद उनकी मांग पर पहल नहीं की जाती है तो वो मुख्यमंत्री से मिलेंगी. बता दें कि अबुआ आवास की सूची मांगने के सवाल पर प्रखण्ड समन्वयक जमाल अख्तर एवं ब्लाक प्रमुख संगीता महतो के नेतृत्व में पंसस के बीच नोंक-झोंक हुई थी. इसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया.

**खास बातें**

- गड़बड़ी को लेकर आंदोलन लंबे समय से चल रहा है
- योग्य लाभुक आवास से वंचित हो गए हैं

### प्रखंड समन्वयक से समझौता मामले की चर्चा

प्रखंड समन्वयक जमाल अख्तर से सूची मांगने पर प्रमुख प्रमुख के नेतृत्व में पंसस की नोंक-झोंक हुई थी. अख्तर पर दुर्व्यवहार का आरोप लगा था. निरसा थाना से लेकर जिलाधिकारी से अख्तर पर कार्रवाई व एग्यारकुण्ड ब्लाक से उन्हें हटाने की मांग थीं. लेकिन प्रमुख एवं प्रखंड समन्वयक के बीच समझौता हो गया. जिसकी चर्चा धरना के दौरान लोगों में चल रही थी. लोगों का कहना था कि गड़बड़ी में प्रखण्ड समन्वयक भी दोषी है.

### मितेंद्र एकादश क्लब ने 54 रन से शानदार जीत हासिल की

# हार से खिलाड़ी विचलित न हों : ढुल्लू

संवाददाता। कतरास



कतरास स्पोर्टिंग क्लब द्वारा जीएनएम हाई स्कूल मैदान में आयोजित दो दिवसीय डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेन्ट रविवार को मध्य रात्रि को संपन्न हुआ. फाइनल मैच मितेंद्र एकादश बनाम मलिक एकादश क्लब के बीच खेला गया. जिसमें मितेंद्र एकादश क्लब ने 54 रन से शानदार जीत हासिल की. मितेंद्र एकादश क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की और पांच विकेट खोकर 136 रन का स्कोर खड़ा किया. जवाबी पारी खेल में उतरे मलिक एकादश क्लब ने 6 विकेट गवाकर मात्र 82 रन पर सिमट गई. यह मैच मितेंद्र एकादश क्लब ने 54 रन से शानदार जीत हासिल की. खेल में मेन ऑफ द मैच मितेंद्र 11 क्लब के आजसू खान रहे, तथा इस टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मितेंद्र 11 के सुभंम रहे। जिन्होने अपने खेल से सभी लोगो को अपने और आकर्षित करने का काम किया। समापन में विजेता टीम को 51000/- हजार एवं एक ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 31000/ हजार व एक ट्रॉफी, 'मैन ऑफ द सीरिज को 5100/, बेस्ट बॉलर एवं बेस्टमैन को 1100/- दिया गया.

पुरुस्कृत वितरण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि खिलाडियों को खेल भावना से खेल खेलाना चाहिए. खेल के मैदान में हार जीत लगी रहती है. इससे खिलाड़ियों को विचलित नहीं होना चाहिए. बल्कि हार की समीक्षा करनी चाहिए . तभी मुकाम हासिल कर सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### कई परियोजनाओं का मोदी करेंगे शुभारंभ

**साहिबगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मार्च को साहिबगंज रेलवे स्टेशन में ऑनलाइन रेलवे के कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे. उद्घाटन को लेकर साहिबगंज रेलवे की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है. एक स्टेशन एक उत्पाद योजना के तहत जन औषधि केंद्र, कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन किया जायेगा. मालदा रेल डिवीजन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जिलेवासियों से उक्त कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों से शामिल होने की अपील की है.

### दो सड़क हादसों में चार लोग घायल हुए

**तिसरी (गिरिडीह)।** दो अलग-अलग सड़क हादसे में चार लोग घायल हो गये. एक को गंभीर चोटे लगी है. जबकि तीन को मामूली चोट आयी है. सभी तिसरी में लगने वाले बहुचर्चित भुराई मेला घूमने जा रहे थे. तभी यह हादसा हो गया. जानकारी के अनुसार, लोकाय निवासी दिनेश बेसरा, नीलमनी बास्के और आरती बास्के बाइक पर सवार होकर भुराई मेला जा रहे थे. तभी तिसरी चौक के पास बाइक असंतुलित हो गयी और जमीन पर गिर गयी. वहीं संजूल टुडू भुराई मेला से घूमकर अपने घर कसियाटांड लौट रहा था. इसी दौरान खिजुरी क्रेशर मोड़ के समीप बाइक असंतुलित होने से दुर्घटनाग्रस्त हो गई.

### गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**साहिबगंज।** जिला के राजमहल थाना क्षेत्र में पुलिस ने 50 पुड़िया गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है. जिसकी अनुमानित वजन 150 ग्राम बतायी जा रही है. दरअसल साहिबगंज पुलिस अधीक्षक को इस संबंध में गुप्त सूचना मिली थी. जिसके आधार पर एक स्पेशल टीम गठित कर छापेमारी की गयी.एसडीपीओ ने कहा कि मंगलहाट गढतालाब निवासी रामचंद्र मंडल व छोटू रविदास को गिरफ्तार किया गया है. उनके पास मौजूद बाइक व दो मोबाइल जब्त किए गए हैं. पुलिस इस मामले को लेकर पड़ताल में जुट गई है.

### प्रहरी कप क्रिकेट में कसमार बना चैंपियन

**बोकारो।** कसमार प्रखंड के खैराचातर में आयोजित प्रहरी मेला के 24वें आयोजन पर आयोजित प्रहरी कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 के फाइनल मैच में केसीसी क्लब, कसमार ने जय भवानी क्लब, बगदा की टीम को पांच विकेट से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया. बगदा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर पर 85 रनों के स्कोर खड़ा किया. जवाबी पारी खेलते हुए केसीसी की टीम ने 5 विकेट होकर लक्ष्य हासिल कर लिया. समारोह के अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया.

### कुत्ते ने महिला को काटकर घायल किया

**साहिबगंज।** सोमवार को बरहेट प्रखंड क्षेत्र के पंचकठीया बाबूपुर गांव की एक महिला गंगामूनी मुर्मू (उम्र 25 वर्ष) पर एक पागल कुत्ते ने हमला कर दिया. उसने महिला के मुंह और होंठ बुरी तरह से जख्मी कर दिया. उसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लेकर आया, जहां डॉक्टर पंकज कर्मकार ने प्राथमिक उपचार किया. महिला का मुंह इस तरह जख्मी हुआ है कि वह कुछ खा भी नहीं पा रही है.प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज को लिए महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है.

## लोकसभा चुनाव को लेकर आयुक्त ने पाकुड़ में पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की

# गाइडलाइन से अवगत कराया, विशेष निगरानी का निर्देश

**संवाददाता ।पाकुड़**



आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त दुमका लाल चंद दाडेल ने सोमवार को पाकुड़ समाहरणालय में इंटर स्टेट बॉर्डर डिस्ट्रिक जिला अधिकारी और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने पर चर्चा की गई. आयुक्त ने कहा कि स्टेट बॉर्डर से जुड़े जिलों में बने चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी और सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन के बारे में इंटरस्टेड बॉर्डर जिला के अधिकारियों को अवगत कराते हुए चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी करते हुए आर्म्स, ड्रग्स, लीकर और पैसे के ट्रांजैक्शन पर सख्त रोक लगाने का निर्देश दिया है .

**खास बातें**

- चेक पोस्ट पर सतर्कता बरतने का निर्देश
- सुरक्षा की दृष्टि से कई विषयों पर चर्चा की गई

**शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करने पर चर्चा**

बैठक संपन्न करने के पश्चात प्रमंडलीय आयुक्त ने मीडिया से रूबरू होकर कहा कि आज इलेक्शन कमीशन के डायरेक्शन पर इंटरस्टेट जिला के बॉर्डर सीलिंग पर पाकुड़, साहिबगंज, जामताड़ा, पश्चिम बंगाल के बीरभूम, मालदा , वर्धमान के जिला अधिकारी और पुलिस अधिकारी के साथ बैठक की .बैठक में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर चर्चा की गई . बैठक में बॉर्डर वालों जिलों में स्थित चेक पोस्ट पर विशेष रूप से सतर्कता और निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है . चेक पोस्ट पर आर्म्स, ड्रग्स, लिकर और पैसे के ट्रांजेक्शन पर विशेष तौर पर निगरानी करने का निर्देश दिए गए हैं .वहीं संथाल परगना के डीआईजी संजीव कुमार सिंह ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से कई विषयों पर चर्चा की गई है . अपराधी जो एक दूसरे जिलों में स्थान बदल कर रहे हैं उनका नाम एक दूसरे जिले को भेज कर उन पर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है . संबंधित जिलों में बने चेक पोस्ट पर भी विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है . बैठक में दुमका, पाकुड़, साहिबगंज ,पश्चिम बंगाल की कई जिला के अधिकारी मौजूद थे .

# खोरठा गायक कैलाश देहाती नाइट में जमकर झूमे लोग

## सात दिवसीय प्रहरी मेला का उद्घाटन समारोह



**संवाददात।बोकरो**

कसमार प्रखंड के खैराचातर में आयोजित सात दिवसीय प्रहरी मेला के उद्घाटन समारोह के अवसर पर रविवार की देर रात को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इस दौरान खोरठा के स्टार गायक कैलाश देहाती और उनके सहयोगी कलाकारों ने अपने गीत-संगीत से रात भर लोगों का जमकर मनोरंजन किया. कैलाश देहाती के गीत झारखंडेक मान नाय करीहा अपमान रे, झारखंडेक माटी दादा माये के समान रे, सुरेश बाबू तोहर चरणे प्रणाम, 'दिलवा के करी ले ले चोरी रे आदि पर लोग झूम उठे. वहीं, नृत्यांगना मुस्कान, सोनिया, करिश्मा व मास्टर राजू ने अपने नृत्य से भी लोगों को खूब झुमाया.

## बेंगाबाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का जीर्णोद्धार कार्यक्रम

# गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए मंत्रालय गंभीर: अन्नपूर्णा

**संवाददाता।बेंगाबाद (गिरिडीह)**





बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए केंद्र की शिक्षा मंत्रालय गंभीर है और इस दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है. उक्त बातें कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बेंगाबाद में कही. वह सोमवार को बेंगाबाद प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के जीर्णोद्धार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थी. उन्होंने कहा कि 24 वर्षों के बाद देश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू हुआ.

नई शिक्षा नीति के तहत केंद्र सरकार ने बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए आवश्यक सभी बिंदुओं को समाहित किया है. अब छात्र-छात्राएं अपनी भाषा में गुणवत्ता पूर्ण उच्च शिक्षा हासिल कर सकते हैं. मेडिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिंदी भाषा में की जा सकती है. इसके अलावे स्कूलों में पाठ्यक्रम के अलावे वोकेशनल शिक्षा, डिजिटल क्लास रूम के माध्यम से बच्चों को तकनीकी शिक्षा देने का काम किया जा रहा है.

**महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है :** मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था बनाने में केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकार भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. लोकसभा चुनाव के सवाल पर मंत्री ने कहा कि चुनाव में फिर से भाजपा प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेगी. मोदी सरकार की सबका साथ सबका विकास नीति का परिणाम पूरे देश में देखने को मिलेगा. कोडरमा में भी भाजपा को सबका साथ मिलेगा और विजय पताका लहराया जाएगा.

**खास बातें**

- 24 वर्षों के बाद नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू
- अपनी भाषा में उच्च शिक्षा हासिल कर सकते हैं विद्यार्थी

**जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास**

कार्यक्रम के तहत मंत्री के हाथों कस्तूरबा विद्यालय में भवन निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया गया . मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, प्रखंड प्रमुख मीना देवी, सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नुनुराम किस्कू, संवेदक इंद्रजीत सिंह, विजय सिंह, पवन राम, पवन सिंह, शिवपूजन राम, राजेश पोद्दार, जयप्रकाश मंडल, मोनू मंडल समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे . संवेदक इंद्रजीत सिंह उर्फ बंटी सिंह ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण तरीक़े से समय पर काम पूरा कर लिया जाएगा .

# मोबाइल से बात करने के दौरान ट्रेन से कटकर युवती की मौत

**संवाददाता।गोड्डा।**

गोड्डा हंसडीहा रेलखंड पर पौड़ेयाहाट के समीप ट्रेन से कटकर युवती की मौत हो गई. घटना रविवार रात हरियारि के समीप मनका टोला की है. गोड्डा स्टेशन से खुलकर दुमका जा रही लोकल ट्रेन के पौरेयाहाट स्टेशन पहुंचने से पहले ही हरियारि के समीप यह हादसा हो गया. युवती की ट्रेन से कटकर मौके पर ही मौत हो गई.

मृतक महिला की पहचान पथरगामा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बड़कागांव की पिंकी मुर्मू (28) के रूप में की गई. पिंकी मुर्मू पिछले पखवाड़े ही बाबूजी मुर्मू के यहां आकर रह रही थी. घटना के समय वह मोबाइल से बाते करते हुए पटरी के किनारे से गुजर रही थी. बातचीत के क्रम में ट्रेन का आभास नहीं हुआ और ट्रेन उसे रौंदते हुए निकल गई. जिससे उसकी मौत हो गई. घटना के बाद अगल बगल से काफी संख्या में लोगो की भीड़ जमा हो गई.

घटना की सूचना पाकर पौडेयाहाट थाना की पुलिस भी पहुंची और लाश को उठाकर अस्पताल भेजवाया. गोड्डा हंसडीहा रेलखंड के उद्घाटन होने से अबतक बीते एक वर्षो में एक दर्जन से अधिक लोगो की ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो चुकी है जिसमे अधिकतर मामले लापरवाही की ही सामने आई है.

### इग्नू में नामांकन की तिथि 20 मार्च तक बढ़ी

**साहिबगंज।** इग्नू क्षेत्रीय कार्यालय, देवघर के निर्देशानुसार इग्नू अध्ययन केन्द्र-3605 साहिबगंज महाविद्यालय, साहिबगंज के समन्वयक डॉ ध्रूब ज्योति कुमार सिंह ने प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा है कि जनवरी 2024 सत्र में नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से 20 मार्च 2024 तक इग्नू में नामांकन ले सकते है. नामांकन के लिए कार्यक्रम का नाम पीजी कोर्स एमए अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, पोल.एससी. समाजशास्त्र अर्थशास्त्र, लोक प्रशासन, ग्रामीण विकास,यूजी पाठ्यक्रम बीए अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, पोल.एससी. समाजशास्त्र. अर्थशास्त्र, सार्वजनिक प्रशासन, मनोविज्ञान आदि. डिप्लोमा कोर्स पीजीडीआरडी, डीएनएचई, डीईसीई, डीएएफई,जनवरी 2024 सत्र के लिए पुनः पंजीयन की तिथि 20 मार्च 2024 तक बढ़ा दी गई है.

# दुकानदारों ने किया नगर सेवा भवन का घेराव

**संवाददाता।बोकारो**



बोकारो में नगर सेवा भवन के घेराव में मौजूद नेता.

झुग्गी-झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ ने सोमवार को बोकारो नगर सेवा भवन के समक्ष प्रदर्शन सह घेराव कार्यक्रम आयोजित किया. इस दौरान महासंघ के संरक्षक कुमार राकेश के नेतृत्व में 13 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया.सौंपे गये ज्ञापन में बोकारो के झुग्गी-वासियों और फुटपाथ दुकानदारों का सर्वे कराने, सभी झुग्गी वासियों और फुटपाथ दुकानदारों को बिजली-पानी का मीटर लगाने, ठेका श्रमिकों को सेल के आवास आवंटित करने, दस किलोमीटर परिधि में विस्थापित गांवों में बिजली, पानी, सड़क, विद्यालय आदि प्रदान करने, हवाई अड्डा के पास स्थित मीट-मुर्गा दुकानों को दुग्गल गेट के समीप पुनर्वासित करने,ठेला और न्यू सिटी सेंटर के आवेदकों को लाईसेंस निर्गत करने, लीज और लाईसेंस के आवासों के अतिरिक्त निर्माण को नियमित करने, अतिक्रमण हटाओ अभियान रोकने आदि मांगें शामिल हैं. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासंघ के संरक्षक राकेश ने कहा कि सेल प्रबंधन को सेल की अन्य इकाईयों की तरह बोकारो वासियों को सुविधा प्रदान करनी चाहिए. इस अवसर पर महासंघ के सचिव आजाद कुमार, उपाध्यक्ष ललन सिंह, अशोक कुमार, कृष्ण किशोर, गणेश ठाकुर, मदन पाठक उपस्थित थे.

**खास बातें**

- फुटपाथ दुकानदार महासंघ का प्रदर्शन कार्यक्रम
- संरक्षक के नेतृत्व में 13 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया

# 23 को जायसवाल समाज का होली मिलन समारोह



**संवाददाता।पाकुड़**

जायसवाल समाज की बैठक में होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया. शहर के शिव शीतला मंदिर के पास जायसवाल समाज की बैठक समाज के अध्यक्ष प्रेम भगत की अध्यक्षता में हुई. बैठक में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया. मौके पर मौजूद सदस्यों के बीच होली मिलन समारोह आयोजित करने को लेकर राय-सुमारी की गई और आगामी 23 मार्च को शहरकोल स्थित जायसवाल धर्मशाला में होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया. समारोह के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई. इसकी तैयारी में सभी सदस्यों को जुटने का आह्वान किया गया. बैठक में मौजूद समाज के सचिव राजेश जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस त्यौहार को यादगार बनाने के लिए समाज की ओर से हर वर्ष सभी के सहयोग से होली मिलन समारोह आयोजित किया जाता रहा है.

# राजमहल लोस क्षेत्र से टीएमसी उम्मीदवार देगी : मो. आसराफुल

**संवाददाता।पाकुड़**



आज आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी के पाकुड़ जिला अध्यक्ष -सह-झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष मो. आसराफुल शेख के नेतृत्व में जिला कार्यालय पाकुड़ में आवश्यक बैठक हुई. बैठक में जिले के सभी प्रखंड व जिला कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित थे.

बैठक में सभी पदाधिकारियों ने निर्णय पारित किया कि आनेवाले लोक सभा चुनाव के मद्देनजर राजमहल लोक सभा क्षेत्र से ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी की ओर से उम्मीदवार देने का निर्णय लिया गया. क्योंकि 10 मार्च को पार्टी सुप्रिमो-सह-मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बिग्रेट मैदान की जन गर्जन सभा में पश्चिम बंगाल के 42 सीटों पर अपने बलबूते सभी लड़ाकू उम्मीदवारों को उम्मीदवार घोषित किया है. कहा गया कि 2024 के आम चुनाव में पश्चिम बंगाल से कांग्रेस, सीपीआईएम और भाजपा का सफाया हो जाएगा. पश्चिम बंगाल के सभी 42 सीट में टीएमसी पार्टी कि जीत दर्ज होगी ! झारखंड प्रदेश में भी ममता दीदी के नेतृत्व में एवं बंगाल के तर्ज पर राजमहल लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार देने की बातें तय हो गई है. अब आला कमान के निर्देश पर बहुत ही जल्द राजमहल लोकसभा क्षेत्र से पार्टी सुप्रीमो एंव पार्टी के युवा लीडर अभिषेक बैनर्जी जल्द घोषणा करेंगे.

**ये थे उपस्थित :** बैठक में आब्दुल करीम (जिला सचिव), ईकबाल अंसारी(प्रखंड अध्यक्ष हिरणपुर), मो. नाजिर हुसैन(जिला मीडिया प्रभारी), साईमन मूर्मू (महेशपुर विधान सभा), राजेन्द्र कुमार मडैय़ा (प्रखण्ड अध्यक्ष महेशपुर) , इसमाईल अंसारी (प्रखण्ड अध्यक्ष पाकुड़िया), मो. आनिकूल इसलाम (जिला उपाध्याक्ष), सागीर अंसारी(प्रखंड अध्यक्ष लिट्टीपाडा.) , सनाउल अंसारी(प्रखण्ड सचिव लिट्टीपाडा.) एंव विश्वनाथ पाण्डा (प्रखण्ड उपाध्यक्ष लिट्टीपाडा.) उपस्थित थे.

# 13 को माकपा का एसबीआई के समक्ष धरना का निर्णय

**संवाददाता।बोकारो**

माकपा कसमार अंचल कमेटी की बैठक सोमवार को पार्टी कार्यालय में केदार महतो की अध्यक्षता में की गई. बैठक में माकपा की केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर आगामी 13 मार्च को एसबीआई कसमार शाखा में धरना देकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करने को लेकर एक मांग पत्र देने का निर्णय लिया गया.

बैठक को संबोधित करते हुए माकपा कसमार लोकल कमेटी सचिव शकुर अंसारी ने कहा कि दिल्ली के इंद्रपुरी में नमाजियों के ऊपर लात मारने की घटना काफी निंदनीय है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एक ओर अबू धाबी में मंदिर का उद्घाटन करते हैं, वहीं पर दूसरी ओर उनकी पुलिस अल्पसंख्यकों पर जघन्य व्यवहार करती है. उन्होंने कहा कि एसबीआई को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करना होगा. डिजिटल दौर में जहां एक क्लिक में सारा बायोडाटा सामने आ जाता है, वहीं पर सरकार के दबाव में एसबीआई इलेक्टोरल बॉन्ड का डाटा 116 दिनों में देने का समय कोर्ट से मांग रहा है, ताकि इतने दिनों में लोकसभा का चुनाव संपन्न हो जाएगा.

**ये थे उपस्थित :** बैठक में उमाशंकर महाराज, जटाधारी सिंह, ऐनुल अंसारी, केदार महतो, बिनोद कुमार मुखर्जी, साहबान अंसारी, सलीम शाह उपस्थित थे.



**कसमार**

## कलश यात्रा में विधायक की धर्मपत्नी कौशल्या देवी भी शामिल हुईं

# जामकुदर में रुद्र महायज्ञ को लेकर कलशयात्रा

**संवाददाता।बोकारो**

कसमार प्रखंड के जामकुदर में पांच दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह श्री श्री 1008 श्री रुद्र महायज्ञ महोत्सव सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ. मंदिर परिसर से कलश यात्रा शुरू हुई, जो चार किमी दूर खांजो नदी पहुंची. यहां यज्ञाचार्य राजेश पांडेय, उपयज्ञाचार्य वासुदेव पांडेय तथा सहयोगी आचार्य भीम पांडेय, अवध कुमार पांडेय, लालदेव पांडेय तथा पिंटू पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया. जल यात्रा के दौरान भगवान शिव समेत अन्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा.



कसमार के जामकुदर में यज्ञ के कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालु.

कलश यात्रा में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो की धर्मपत्नी कौशल्या देवी भी शामिल हुई. उन्होंने भी कलश उठाया और खांजो नदी से कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल तक गई. इस अवसर पर आकर्षक झांकी भी निकाली गई.

**खास बातें**

- मंदिर परिसर से शुरू हुई कलश यात्रा
- वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया

**झांकी में शामिल हुए**

बहादुर महतो, अशोक प्रमाणिक, निखिल प्रमाणिक, विजय दे, अभिषेक कुमार, आस्तिक कुमार समिति कई बच्चे शिव पार्वती समेत विभिन्न देवी-देवताओं की वेशभूषा में झांकी में शामिल हुए . मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष दिवाकर प्रमाणिक, सचिव प्रयाग महतो, कोषाध्यक्ष विकास महतो, धीरेंद्रनाथ महतो व अनुज कुमार नायक, निमाय प्रमाणिक ने बताया कि पांच दिवसीय महायज्ञ के दौरान 12 मार्च को मंडप पूजन, देव-देवी पूजन, वेदी पूजन, नगर भ्रमण, हवन, संध्या आरती, प्रसाद वितरण एवं पश्चिम बंगाल के कलाकारों का महिला साढ़ा नाच, 13 व 14 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा, हवन, संध्या आरती, प्रसाद वितरण एवं शाम को कथावाचिका सुश्री दीदी दिव्यांशी जी (वृन्दावन धाम) का कथावाचन तथा 15 मार्च को वेदी पूजन, नगर भ्रमण, हवन, पूर्णहूति, आरती, कन्या पूजन, विसर्जन, शांति जल एवं प्रसाद वितरण सह भंडारा तथा शाम को बंगाल के महिला कलाकारों द्वारा छऊ नृत्य का आयोजन होगा . मौके पर भीमनाथ महतो, दिनेश महतो, अशोक प्रमाणिक, प्रकाश प्रमाणिक, मंटू महतो, भुवन महतो शामिल थे .

# अपराध को नियंत्रित करें: अमित

## डीएसपी से मिलकर भाजपा ने अपराधियों पर नकेल कसने की मांग की

**संवाददाता।बोकारो**

भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने बोकारो में चोरी सहित अन्य बढ़ती अपराधिक घटनाओं को नियंत्रित करने की मांग को लेकर सिटी डीएसपी आलोक रंजन से सोमवार को मुलाकात की. इस दौरान अमित ने डीएसपी से बोकारो में अनेक चरपहिया वाहनों की चक्का चोरी, बाइक चोरी, बच्चा चोरी, छिनतई, बोकारो इस्पात संयंत्र के परिसम्पत्तियों की चोरी, अवैध शराब, जुआ आदि सहित अनेक अपराधिक घटनाओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि बोकारोवासी आये दिन घटित होने वाले इन अपराधिक घटनाओं से त्रस्त हैं.



बोकारो में डीएसपी से मिलते भाजपा नेता कुमार अमित व अन्य.

**सुरक्षा को लेकर भयभीत**

सेल की सरकारी संपत्ति चोरों द्वारा दिन दहाड़े चोरी की जा रही है . लोग जान-माल की सुरक्षा को लेकर भयभीत एवं चिंतित रह रहे हैं . अपराधियों के बढ़ते मनोबल से लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है . पुलिस प्रशासन के प्रति लोग आक्रोशित हो रहे हैं . समय रहते पुलिस प्रशासन इन अपराधियों के ख़िलाफ ठोस योजना बना कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे, जिससे कि आम जन में कानून के प्रति सम्मान और अपराधियों में ख़ौफ कायम हो सके . कुमार अमित ने सिटी डीएसपी से अपराधियों पर नकेल कसने में बोकारो की जनता का पुलिस को पुरा सहयोग दिलाने की भी बात कही .

### लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर रेंज आईजी ने की समीक्षा बैठक, लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन करने को कहा

# अपराधियों एवं नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश

संवाददाता। हजारीबाग

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी का जायजा लेने बोकारो रेंज के आईजी माइकल राज सोमवार को हजारीबाग पहुंचे. उन्होंने हजारीबाग एसपी के कार्यालय में बैठक कर चुनावी तैयारी की समीक्षा की. इस दौरान पांचों जिले के एसपी के अलावा डीएसपी और एसडीपीओ शामिल रहे.

आईजी ने पांचों जिले के एसपी से तीन वर्षों में हत्या, डकैती, लूट, चोरी, गृहभेदन, आर्म्स एक्ट, फिरौती के लिए अपहरण, संगठित अपराध, रंगदारी, बलात्कार, पॉक्सो एक्ट, अनुसूचित जाति/ जनजाति अधिनियम से संबंधित कांडों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की.

आईजी ने लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया. वहीं, संगठित अपराधियों एवं नक्सलियों के विरूद्ध कारगर कार्रवाई करने को कहा गया. जिले में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया, ताकि शरारती तत्वों द्वारा किसी प्रकार की अवांछित हरकत करने पर उसकी पहचान कर कार्रवाई की जा सके. वहीं, जिले में जितने भी प्रवेश और निकासी मार्ग हैं, उसको चिह्नित कर वहां रोड बैरेकेडिंग बैरियर लगाने का निर्देश दिया. जिले में रात्रि गश्ती के किए जा रहे कार्यों का चकचालन के आधार पर वरीय पदाधिकारियों के माध्यम से जांच करने को कहा. चुनाव के दौरान उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए सिक्योरिटी प्लान तैयार करने का निर्देश दिया.



### बोले आईजी

- उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए सिक्योरिटी प्लान तैयार करें
- जिले में प्रवेश और निकासी मार्गों पर बैरियर लगाएं

### हजारीबाग एसपी ने गिनाई दो माह की उपलब्धियां

बैठक में हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि जनवरी एवं फरवरी माह में 11046 बोतल विदेशी शराब, 133 .50 किलो गांजा, 14700 किलो जावा महुआ, 80 लीटर देसी शराब, 127 .44 किलो ब्राउन शुगर, 12 किलो डोडा, 4 .97 किलो गांजा का जटा जब्त किया गया है. वहीं, अवैध शराब निर्माण व तस्करी के 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. जिले में विगत दो माह में 6 कट्टा, 4 पिस्तौल, एक भराठी बंदुक और 13 कारतूस बरामद किया गया है और 3 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है.

### लोस चुनाव को लेकर 10 इंटर स्टेट चेकपोस्ट स्थापित

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हजारीबाग जिले में 10 इंटर स्टेट चेकपोस्ट स्थापित किया गया है और 35 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेकपोस्ट स्थापित किया जा रहा है. इसके अलावा लंबित वारंट एवं कुर्की का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है. विगत दो माह में हजारीबाग जिला अंतर्गत धारा 107 के तहत 7082 लोगों, धारा 110 के तहत 133 लोगों, धारा 116 के तहत एक एवं धारा 116 (iii) के तहत 25 लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है.

# पंचमुखी हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा के तीसरे दिन गणेश-गौरी पूजन

संवाददाता। कटकमसांडी

प्रखंड क्षेत्र के कंचनपुर पंचायत के हरिजन मुहल्ला में श्री श्री 1008 श्री पंचमुखी हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को गणेश और माता गौरी का पूजन किया गया. इसके बाद वेदी पूजन, मंडप पूजन, अरणी मंथन, हवन के बाद आरती कर प्रसाद का वितरण किया. वहीं, 12 मार्च यानी मंगलवार को गणेश गौरी पूजन, वेदी पूजन, मंडप पूजन, पुष्पा निवास, फलाधिवास, देवस्नानपान, नगर भ्रमण और संध्या में आरती की जाएगी.

महायज्ञ के अंतिम दिन 13 मार्च को गणेश पूजन, वेदी पूजन, मंडप पूजन, प्राण-प्रतिष्ठा, हवन पूर्णाहुति के बाद आरती कर कन्या पूजन और भंडारा का आयोजन किया जाएगा. वहीं, रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन भी होगा. महायज्ञ को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में समिति के अध्यक्ष मनोज राम, अशोक राम, सचिव संतोष कुमार, सोनू कुमार, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, सोबरण राम, अरूण कुमार, विनोद कुमार यादव, अर्जुन कुमार आदि अपना योगदान दे रहे हैं.

### धार्मिक अनुष्ठान

- वेदी पूजन, हवन व आरती के बाद बांटा गया प्रसाद
- 13 मार्च को प्राण-प्रतिष्ठा के साथ संपन्न होगा महायज्ञ

## ब्रीफ खबरें

### बाबुओं की मनमानी के खिलाफ धरना प्रदर्शन

**विष्णुगढ़।** प्रखंड और अंचल के पदाधिकारियों की मनमानी के खिलाफ झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में धरना दिया. अध्यक्षता प्रखंड प्रभारी सरयू साव और संचालन प्रखंड पर्यवेक्षक प्रेमचंद महतो ने किया. वक्ताओं ने कर्मियों एवं पदाधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी. धरना के समापन के बाद मांग पत्र सौंपा गया. धरना में पूर्व जिला परिषद सह जिला कोर कमेटी सदस्य जय प्रकाश सिंह पटेल, केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, केंद्रीय सह सचिव (युवा मोर्चा) मो. शाहिद अंसारी, केंद्रीय युवा मोर्चा के महामंत्री उमेश कुमार समेत पार्टी के दर्जनों लोग मौजूद थे.

### जन सहयोग केंद्र ने खैरा में मनाया महिला दिवस

**टाटीझरिया।** महिलाओं के हक और अधिकार को लेकर जन सहयोग केंद्र ने सोमवार को टाटीझरिया के खैरा गांव में महिला दिवस मनाया. कार्यक्रम के दौरान भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान के महत्व को बताया गया. महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा गया कि महिलाओं को भी पुरुष के समान शिक्षा, रोजगार, नौकरी इत्यादि में बराबर का हक मिलना चाहिए. कार्यक्रम में शामिल महिला प्रतिभागियों ने महिला अधिकार के इतिहास तथा उसके हक के बारे में बताया. इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया. मौके पर सहयोगी के तौर पर जमुना कुमार रवि, चुनुलाल सोरेन, अजीत कुमार पासवान, अनिल बास्के, छोटन टुडू, रेखा कुमारी, सोनी कुमारी, ममता देवी आदि मौजूद थीं.

### बौधागांव में प्रबुद्धजनों ने शांत कराया मामला

**टाटीझरिया।** शिवरात्रि के दिन बौधा के शिव मंदिर परिसर में हड्डियां व मांस के लोथड़े मिलने से तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया था. इस मामले को लेकर दोनों समुदाय के प्रबुद्धजनों ने ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की. दोनों समाज के लोगों ने सौहार्द्र बिगाड़ने वाले इस कार्य की भर्त्सना की. वहीं, मुस्लिम समाज के लोगों ने वचन दिया कि अब से वे खास मौकों पर दिन हो अथवा रात, गांव की निगरानी करेंगे, क्योंकि बदनामी उनके ही समाज को होती है. बैठक में प्रमुख संतोष मंडल, मुखिया सुरेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि रवींद्र यादव, सुरेंद्र प्रसाद, मनोज कुशवाहा, अजीज अंसारी, प्रकाश साव, एमके पाठक, भोला शर्मा, मुस्लिम मियां, बदरुद्दीन मियां, शमसुद्दीन मियां, सकुर मियां, अलाउद्दीन मियां, मुस्तकिम मियां समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### भाजयुमो ने रोजगार कार्यालय तक निकाला न्याय मार्च

# बेरोजगार कार्यालय का बैनर-पोस्टर चिपकाया

संवाददाता। हजारीबाग

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सोमवार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के हजारीबाग में रोजगार न्याय मार्च निकाला. निर्मल महतो पार्क के पास से प्रारंभ होकर यह मार्च रोजगार कार्यालय पहुंचा. यहां रोजगार कार्यालय के मुख्य दरवाजे पर तालाबंदी कर बेरोजगार कार्यालय का बैनर-पोस्टर चिपका दिया गया. इस न्याय मार्च में हजारीबाग के अलावा धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, कोडरमा एवं रामगढ़ के कई भाजयुमो कार्यकर्ता शामिल हुए.

बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे भाजयुमो के झारखंड प्रदेश महामंत्री रुपेश सिन्हा ने कहा कि झारखंड की जनता और युवा वर्तमान सरकार की नीतियों से नाखुश हैं. पिछले चार वर्षों में राज्य सरकार ने ऐसा कोई काम नहीं किया है, जिससे जनता खुश रहे. हर एक दिन और हर एक वक्त जनता को परेशानियों का सामना करवाया है. कहा, जेएसएससी पेपर लीक प्रकरण काफी दुर्भाग्यपूर्ण है. ऐसे हजारों मामले सामने हैं, जो 4 वर्षों में प्रकाश में आए हैं. उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने क्या किया वह जनता ने देख लिया है. एक व्यक्ति के कारण पूरा झारखंड बदनाम हो गया है.



### साधा निशाना

- चार वर्षों में जनता को हर वक्त परेशान किया गया
- हेमंत सोरेन के कारण पूरा झारखंड बदनाम हुआ

### राज्य में चल रहा ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल : रुपेश

भाजयुमो प्रदेश महामंत्री ने यह भी कहा कि ऐसी सरकार, जो युवा विरोधी, महिला विरोधी और भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त रही है, उसे आने वाले विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकना है. उन्होंने युवाओं के सपनों को साकार करने की बात कही. बोले, भारतीय जनता पार्टी युवाओं के साथ है और रहेगी. राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में लगातार ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल चल रहा है, जिसे जनता देख रही है. जनता यह सब कभी बर्दाश्त नहीं करेगी.

मौके पर हजारीबाग भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, हजारीबाग भाजपा के जिला प्रभारी अभय सिंह, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, दिनेश सिंह राठौर, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री विशाल वाल्मीकि, भाजयुमो के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष सोनी, प्रमंडलीय प्रभारी अविनाश आर्य, अधिराज नारायण सिंह, संजीव कुमार पटेल, संतोष महतो, पंकज मेहता, धनबाद जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह, धनबाद ग्रामीण जिला अध्यक्ष बंपी चक्रवर्ती, बोकारो जिला अध्यक्ष बिनोद प्रजापति, गिरिडीह जिला अध्यक्ष रंजीत राय, कोडरमा जिला अध्यक्ष सूरज प्रताप, रामगढ़ जिला अध्यक्ष अभितेश सिंह, हजारीबाग जिला महामंत्री निशिकांत कुमार, आशीष गुप्ता, आतिश सिंह, विक्रमादित्य कुमार, शिवपाल यादव, अमित गुप्ता, शिबू मेहता सहित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य एवं उतरी छोटानागपुर प्रमंडल से आए कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### प्रभावित क्षेत्र के बच्चों को तीरंदाजी का प्रशिक्षण दे रहा एनटीपीसी

# परियोजना प्रमुख ने बढ़ाया उत्साह

संवाददाता। हजारीबाग

बड़कागांव के पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा आसपास के गांव के बच्चों के लिए फरवरी माह से ही तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इन दौरान इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि सभी बच्चे बेहतर ढंग से प्रशिक्षण ले पाएं. इस कड़ी में परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने बच्चों के बीच ट्रैक सूट, जूते के अलावा प्रशिक्षण से संबंधित अन्य सामग्री का वितरण किया.

प्रशिक्षण के जरूरी सामान मिलने के बाद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान दिखी. इस दौरान परियोजना प्रमुख ने प्रशिक्षण ले रहे बच्चों से बात कर उनकी प्रगति के बारे में जाना. कहा कि सभी बच्चे खूब मेहनत करें और जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन करें. प्रशिक्षण के लिए जिन भी चीजों की आवश्यकता होगी, उसे मुहैया कराया जाएगा.



### अच्छी पहल

- प्रशिक्षु बच्चों के बीच ट्रैक सूट का किया गया वितरण
- गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पाकर बच्चों का हो रहा विकास

# विभावि के विद्यार्थियों ने किया रोटी दान, परोपकार पर जोर

संवाददाता। हजारीबाग

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में रोटी दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने की. इस अवसर पर 200 विद्यार्थियों के अलावा विभाग के शिक्षक व शोधार्थियों ने एक-एक रोटी दान दिया. रोटी से भरे दो बड़े-बड़े कंटेनर को विभाग के विद्यार्थियों ने रोटी बैंक के मो. खालिद को सौंप दिया.

इस मौके पर आयोजित कार्यशाला में आइक्यूएसी के निदेशक तथा समाज विज्ञान संकाय के अध्यक्ष डॉ. सादिक रजक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में परोपकारिता की भावना विकसित होती है. वहीं मो. खालिद ने कहा कि दान में मिली रोटियां मानसिक रूप में विक्षिप्त एवं अन्य जरूरतमंदों के बीच वितरित किया जाएगा. कुछ रोटी पशुओं को भी दिए जाएंगे. वहीं, डॉ. मार्गरेट लकड़ा ने कहा कि आज के दान के माध्यम से विद्यार्थियों ने परमात्मा के साथ जुड़ने का काम किया है. विभावि के नैक समन्वयक डॉ गंगानंद सिंह ने कहा कि रोटी दान का अवसर विश्वविद्यालय के सभी विभागों को मिले. विभागीय प्राध्यापक डॉ प्रमोद कुमार एवं अंग्रेजी विभाग के डॉ नीरज डांग भी अपने विचार रखें. धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अजय बहादुर सिंह ने किया.

### अनियंत्रित बाइक से गिर कर अधेड़ की हुई मौत

**हजारीबाग।** इचाक प्रखंड के कुरहा में सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई. मृतक की पहचान इचाक प्रखंड के रहने वाले चंदर महतो के रूप में हुई है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि चंदर महतो बीती रविवार रात करीब 10 बजे बाइक से कीर्तन के लिए मंदिर जा रहे थे. तभी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई. सड़क पर गिरने की वजह से उनके सिर पर गंभीर चोट लगी. स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलने के बाद इचाक पुलिस अस्पताल पहुंची. शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है.

### मेडिकल कॉलेज में हड्डी रोग संबंधी समस्याओं का होगा निराकरण

# आर्थो विभाग में मॉड्यूलर ओटी शुरू

संवाददाता। हजारीबाग

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्तपाल के आर्थो विभाग में डीएमएफटी मद से तैयार मॉड्यूलर ओटी का सोमवार को विधिवत उद्घाटन किया गया. बरही विधायक उमाशंकर अकेला, उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटा गया. 62.13 लाख रुपए की लागत से बने मॉड्यूलर ओटी में हड्डी रोग संबंधी समस्याओं का निराकरण स्थानीय स्तर पर संभव हो सकेगा.

इस अवसर पर बरही विधायक ने जिला प्रशासन को ऐसे ही नवाचार को बढ़ावा देने की शुभकामनाएं दी. उन्होंने सरकार के स्तर पर हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया. साथ ही चिकित्सकों को भी मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए सदैव तत्पर रहने को कहा. इस अवसर पर सिविल सर्जन, मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक, हजारीबाग सासंद प्रतिनिधि ज्ञान प्रकाश व ज्योति सिन्हा मौजूद रहे.



### स्वास्थ्य सुविधा

- बरही विधायक ने फीता काट कर किया उद्घाटन
- सरकार स्तर पर हर संभव मदद का भरोसा दिया

**जिला महिला सशक्ति केंद्र कार्यालय का उद्घाटन :** एक ही छत के नीचे महिलाओं को सरकारी योजनाओं एवं कानूनों की जानकारी देने के उद्देश्य से सदर अस्पताल परिसर स्थित वन स्टॉप सेंटर में मिशन शक्ति के तहत जिला महिला सशक्ति केंद्र कार्यालय का बरही विधायक ने फीता काट कर उद्घाटन किया. डीसी ने बताया कि केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन से महिला सशक्तीकरण हेतु जिला स्तर पर केंद्र का गठन किया गया है. वहीं, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि केंद्र के संचालन संबंधी किसी भी विषय पर जिला मिशन को-ऑर्डिनेटर डॉ. रेखा रानी, जेंडर विशेषज्ञ ज्योति रंजन, शाहीन परवीन से संपर्क कर सकते हैं. उद्घाटन समारोह में सिविल सर्जन, अपर चिकित्सा पदाधिकारी, जिला आरसीएच पदाधिकारी, लिपिक अभिषेक कुमार सिंह आदि मौजूद थे.

### वरिष्ठ पत्रकार डी मुन्ना का आकस्मिक निधन

**चौपारण।** प्रखंड के वरिष्ठ और अनुभवी पत्रकार डी मुन्ना का बीती रविवार देर रात आकस्मिक निधन गया. वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और दिल्ली एम्स में उनका इचाज चल रहा था. वह रि-चेकअप के लिए पत्नी और छोटे बेटे को लेकर दिल्ली गए हुए थे. इसी बीच रविवार को उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और इलाज के दौरान मौत हो गई. उनके निधन की सूचना मिलने के बाद चौपारण समेत हजारीबाग जिला के पत्रकारिता जगत के लोगों में गहरा शोक प्रकट किया है और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. वहीं, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिप सदस्य राकेश रंजन, रवि अकेला, आरती कौशल सहित सैकड़ों लोगों ने भी पत्रकार के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की.



### गुड़कुवा पहाड़ जंगल से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद

# टीपीसी के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

संवाददाता। हजारीबाग

टीपीसी उग्रवादी संगठन प्रभारी प्रताप जी उर्फ दिवाकर गंझू के दस्ते के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. वहीं, टीपीसी उग्रवादियों और पुलिस के बीच बीते रविवार को बड़कागांव थाना क्षेत्र के गुड़कुवा पहाड़ के जंगल में मुठभेड़ हुई थी. इसके बाद पुलिस ने पूरे जंगल में सर्च अभियान चला कर हथियार, कारतूस, पर्चा समेत अन्य सामान बरामद किए हैं.

इस संबंध में हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर और एसपी अरविंद कुमार सिंह ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी. उन्होंने बताया कि टीपीसी उग्रवादी संगठन प्रभारी प्रताप जी उर्फ दिवाकर गंझू और उसके दस्ते के सदस्यों के द्वारा बीते 5 मार्च को बड़कागांव थाना क्षेत्र के कोयलांग गांव स्थित बालू यार्ड में गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था. कांड के उद्भेदन के लिए बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार के नेतृत्व में बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के साथ विशेष टीम का गठन किया गया था. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कर तीन उग्रवादियों अर्जुन गंझू, विपिन लोहरा और सूरज भुइयां उर्फ चक्कू उर्फ नाठा को गिरफ्तार किया है. तीनों रांची जिला अंतर्गत बुढ़मू थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं.



### बड़ी सफलता

- कोयलांग बालू यार्ड में बीते 5 मार्च को हुई थी गोलीबारी
- एक दिन पूर्व टीपीसी और पुलिस टीम में हुई थी मुठभेड़

### हथियार समेत कई समान बरामद किये

गुड़कुवा पहाड़ जंगल में टीपीसी उग्रवादियों की ओर से 25-30 राउंड गोलीबारी की गई. वहीं पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 20 राउंड गोलियां चलाई. हालांकि, उग्रवादी घने जंगल का फायदा उठा कर फरार हो गए थे. पुलिस के सर्च अभियान में .303 बोर का एक राइफल, 9 एमएम का दो देसी पिस्तौल, 5 मैग्जीन, 11 कारतूस, दो खोखा, 5 बाइक, 7 मोबाइल, टीपीसी का पर्चा, डायरी समेत कई अन्य सामान बरामद किए गए हैं.

**बैठक**

### स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा, स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं की ली जानकारी

# 108 एंबुलेंस सेवा को और प्रभावी बनाएं अधिकारी : चंदन कुमार

संवाददाता। रामगढ़

स्वास्थ्य विभाग द्वारा रामगढ़ जिले में किए जा रहे कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक हुई. इस दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद से जिला अंतर्गत सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से लोगों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली.

108 एंबुलेंस सेवा के तहत लोगों को उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को एंबुलेंस सेवा का संचालन और भी प्रभावी तरीके से करने को कहा. साथ ही नियमित रूप से एंबुलेंस के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया. वहीं, सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा आकस्मिक स्थिति में मरीजों को रेफर किए जाने संबंधित प्रतिवेदन की समीक्षा की गई. इस क्रम में उपायुक्त ने प्रतिवेदन तैयार करते वक्त कई महत्वपूर्ण जानकारियां सुनिश्चित को लेकर आवश्यक निर्देश दिए.

ब्लड बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा में संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में तीन दिनों के अंदर ब्लड लाइसेंसिंग की प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया. सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक स्वास्थ्य उपकरणों आदि का प्रस्ताव तैयार कर तत्काल जिला स्तर पर भेजने का निर्देश दिया. वर्बल ऑटोप्सी मामलों की समीक्षा में उपायुक्त ने कार्यों पर असंतोष जाहिर किया. उन्होंने संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी से स्पष्टीकरण पूछने को कहा है.



### विभागीय कवायद

- ब्लड लाइसेंसिंग की प्रक्रिया पूरी करने का दिया निर्देश
- वर्बल ऑटोप्सी की समीक्षा में कार्यों पर असंतोष जताया

### अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराएं

कुपोषण उपचार के उद्देश्य से जिले में संचालित विभिन्न एमटीसी केंद्रों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने एमटीसी केंद्र का इस्तेमाल प्रभावी तरीके से करने को कहा. वहीं, कुपोषण दूर करने में संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के साथ समन्वय करते हुए कार्य करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए. सिविल सर्जन एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीज को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा गया. बैठक में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक के माध्यम से दर्ज कराने का भी उपायुक्त ने निर्देश दिया.

# ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा घटनास्थल पर ही तोड़ा दम

संवाददाता। विष्णुगढ़

विष्णुगढ़ में अतिथि सत्कार होटल के सामने सोमवार दोपहर ट्रक और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई. दुर्घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, टक्कर के बाद बाइक सवार ट्रक के पहिये के नीचे आ गया था, जिससे दब कर उसका शव क्षत-विक्षत हो गया. दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ कर मौके से फरार हो गया.

इधर, घटना की सूचना मिलने पर विष्णुगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. वहीं ट्रक और बाइक को जब्त कर लिया गया है. पुलिस बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर (जेएच10 एआर 3309) के आधार पर बाइक सवार की पहचान करने में जुटी थी. खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी. वहीं जब्त ट्रक(जेएच 13ई 1387) के मालिक और चालक के बारे में पता लगाया जा रहा है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार बगोदर की तरफ से आ रहा था. वह अपने लेन में चल रहा था, लेकिन गलत लेन में आ रहे ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया.

### सड़क हादसा

- ट्रक के पहिये के नीचे आने से क्षत-विक्षत हुआ शव
- ट्रक छोड़ कर चालक फरार, ट्रक और बाइक जब्त

### झारखंड के जल, जंगल और जमीन पर कब्जा करना चाहती है ईडी

# बड़गाई की जमीन कैसे हेमंत सोरेन के नाम से है, ईडी प्रमाण दे : झामुमो

**विशेष संवाददाता। रांची**



**उठाए सवाल**

- झामुमो जमीन से संबंधित कागजात जारी किया है
- ईडी बताए कि किन कंपनियों पर छापेमारी की गई

झामुमो ने ईडी पर बड़ा हमला बोला है. झामुमो ने बड़गांई अंचल की 8.5 एकड़ जमीन का मुद्दा एक बार उठाते हुए ईडी से सवाल किया है. कहा कि यह जमीन कैसे हेमंत सोरेन के नाम से है, ईडी प्रमाण दे. यह बातें झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही.

उन्होंने इस मौके पर जमीन से संबंधित कागजात भी जारी किया है. कहा कि ईडी का पूरा खेल झारखंड के जल, जंगल, जमीन पर कब्जा करने के लिए है. इसे हेमंत सोरेन ने रोकना चाहा तो उन्हें जेल में डाल दिया गया. उन्होंने कहा कि ईडी बताये कि किन-किन कंपनियों पर छापेमारी की गयी. उसके बाद इन कंपनियों द्वारा 375 करोड़ का इलेक्ट्रोल बांड कैसे खरीद कर सत्ताधारी पार्टी को दिया गया. भट्टाचार्य ने कहा कि जिस भुईंहरी जमीन को सामने लाया गया है. दरअसल, वह राजकुमार पाहन की जमीन है. वर्तमान में भी वह जमीन पाहन के पास ही ही है. 2015 में उन्होंने 8.5 एकड़ जमीन हिलारियस कच्छप के नाम से रजिस्टर्ड डीड के माध्यम से लीज पर दिया था. हिलारियस ने इस जमीन को खेती के लिए लिया था. जमीन पर बिजली कनेक्शन के लिए कच्छप ने ही आवेदन दिया और उनके नाम से कनेक्शन भी लिया. बिजली बिल का भुगतान भी किया.

भट्टाचार्य ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब 2015 में इस जमीन का लीज हिलारियस के नाम से रजिस्टर्ड होता है, बिजली कनेक्शन भी मिलता है. बिल भी नियमित रूप से जमा होता है तो यह हेमंत सोरेन का जमीन कैसे हो गयी. ईडी किस आधार पर क्लेम करती है कि यह जमीन हेमंत सोरेन की है. उनके पास इसका आधार क्या है. किसी भी जमीन की पहचान खाता, खेवट और खतियान से होती है. इसमें कहीं भी हेमंत सोरेन का नाम नहीं है.

### जमीन 17 बार बेचने की सूचना के बाद राजकुमार को वापस कर दी गई

भट्टाचार्य ने कहा कि दरअसल जब इस जमीन को 17 बार 17 लोगों के बीच बेचने की सूचना मिली तब राजकुमार पाहन ने जमीन वापस करने के आवेदन दिया. उन्हें जमीन वापस भी कर दी गयी. तो किस आधार पर यह हेमंत की जमीन बतायी जा रही है, जबकि जमीन उसके मालिक पास सुरक्षित है.

### प्रत्याशी ही चुनाव आयुक्त का चुनाव कैसे करा सकता है ?

भट्टाचार्य ने कहा कि पीएम मोदी खुद ही प्रत्याशी घोषित किये गये हैं. अब 15 मार्च को वह चुनाव आयुक्त का चुनाव कैसे कर सकते हैं. क्या प्रत्याशी ही तय करेगा कि वोट का रखवाला कौन हो. पीएम, गृहमंत्री दोनों ही प्रत्याशी हैं और दोनों ही चुनाव आयुक्त को नियुक्त कैसे कर सकते हैं. क्या ये लोग संविधान बदलने की तैयारी कर रहे हैं.

### इलेक्ट्रोरल बांड मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत : विजय हांसदा

इस मौके पर राजमहल के सांसद विजय हांसदा ने कहा कि इलेक्ट्रोरल बांड को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक एवं स्वागत योग्य है. कोर्ट ने तुरंत ही एसबीआई को इलेक्ट्रोरल बांड की सूची जारी करने का निर्देश दिया है. जो एक स्वयं को भ्रष्टाचारमुक्त पार्टी कहती है वे अब बताए कि कहां से कितना पैसा आया है.



## राशिफल

**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** बारहवें चंद्र राहु का योग है. आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा. अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा. विवेक से कार्य करें. स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी. पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा. जल का दान किसी शिव मंदिर में करें.

**वृषभ** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर प्राप्त होंगे. शत्रु भय रहेगा. व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी. नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी. मशक्कत करने से लाभ होगा. चिंता होगी. शत्रु पराजित होंगे.

**मिथुन** मान-सम्मान मिलेगा. वाणी पर नियंत्रण रखें. स्त्री कष्ट संभव. कलह से बचें. कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे. विवेक से कार्य बनेंगे. पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना. वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग. किस्मत का साथ मिलेगा.

**कर्क** विवाद न करें. लेन-देन में सावधानी रखें. कानूनी बाधा दूर होगी. देव दर्शन होंगे. राज्य से लाभ होने की संभावना. मातृपक्ष की चिंता. वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें. धनागम की संभावना. मित्र मिलेंगे.

**सिंह** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें. झंझटों में न पड़ें. आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना. शत्रु पराजित होंगे. लाभ होगा. स्वास्थ्य ठीक न हो. अनजाना भय सताएगा. राज्य से लाभ.

**कन्या** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. राजकीय बाधा दूर होगी. नेत्र पीड़ा की संभावना. धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा. शत्रु से परेशान होंगे. अपमान होने की संभावना. कष्ट की संभावना. धनहानि. कष्ट-पीड़ा.

**तुला** स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. भागदौड़ रहेगी. भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी. उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे. धनागम सुस्त रहेगा. कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा. दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है. कुछ लाभ की संभावना.

**वृश्चिक** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना. कुसंग से हानि. धनागम सुखद रहेगा. प्रेमिका मिलेगी. कुछ आय होगी. माता को कष्ट रहेगा.

**धनु** भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना. लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा. दुःसमाचार प्राप्त होंगे. हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा. भयकारक दिन रहेगा. मंदिर में घी दान करें.

**मकर** मेहनत से किया गया प्रयास सफल होगा. कोई धार्मिक यात्रा के योग बनेंगे. कुछ कष्ट होने की संभावना. लाभ के योग बनेंगे. स्त्री वर्ग को कष्ट साथ ही कुसंग से कष्ट. कलहकारक दिन रहेगा. अन्न और फल का दान करें.

**कुंभ** पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. आय में वृद्धि होगी. विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना. चिंताएं जन्म लेंगी.

**मीन** किस्मत का साथ मिलेगा. परिवार की चिंता रहेगी. लाभ होगा. अस्वस्थता का अनुभव करेंगे. चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी. शत्रु दबे रहेंगे. कलह-अपमान से बचें. संभावित यात्रा होगी. सावधानी बरतना होगी.

### गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड और मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ

# आर्थिक मदद करने के लिए अब तैयार है चंपाई सरकार



**संवाददाता। रांची**

सोमवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राजधानी रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना और मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का तोहफा दिया. मुख्यमंत्री ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि अब आप और आपकी पढ़ाई के बीच आर्थिक तंगी को बाधा नहीं बनने देंगे. आपके कॅरियर को सरकार उड़ान देगी. झारखंड के गरीब बच्चे-बच्चियों को पढ़ाई के लिए पैसे की चिंता नहीं करनी है. बच्चे अपना भविष्य संवारने की दिशा में आगे बढ़ें, सरकार आर्थिक मदद करने को तैयार है.

**शिक्षा का बेहतर वातावरण कर रहे तैयार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा का बेहतर वातावरण बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है. इस राज्य के सभी वर्ग के बच्चों को बेहतर और उच्च शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिले, इसके लिए कई योजनाएं चल रही है. जब तक यहां के बच्चे पढ़- लिखकर अच्छा मुकाम हासिल नहीं करेंगे, तब तक इस राज्य को आगे नहीं ले जा सकते हैं. ऐसे में बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं. उन्होने कहा कि झारखंड एक गरीब प्रदेश है. यहां के आदिवासी, मूलवासी परिवारों के बच्चे आर्थिक कठिनाइयों की वजह से उच्च शिक्षा पाने से वंचित हो जाते हैं. ऐसे में इन गरीब आदिवासी, मूलवासी बच्चों को उच्च शिक्षा देने के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है. मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने राज्य के बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्य धारा में लाने का कार्य कर रहे हैं.

**बच्चों के सपनों को पूरा करने का प्रयास:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे गरीब बच्चों ने अपने भविष्य को लेकर जो सपना देखा है, उसे पूरा करने की दिशा में सरकार उनके साथ खड़ी है. जो बच्चे इंजीनियर, डॉक्टर और लॉयर आदि बनने की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन पैसे की तंगी व्यवधान पैदा कर रहा है, वैसे बच्चों को सरकार आर्थिक सहयोग करेगी, ताकि वे पढ़ लिखकर एक अच्छा मुकाम हासिल करें और राज्य के साथ अपने परिवार तथा समाज को सशक्त बनाने में अहम योगदान कर सकें.

### ये रही समारोह की खासियत

- 12 सौ विद्यार्थियों को मिला गुरुजी क्रेडिट कार्ड
- 900 छात्राओं को मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना का लाभ
- गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के पोर्टल की हुई लॉन्चिंग
- झारखंड विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद के नए वेब पोर्टल का शुभारंभ
- गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को लेकर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग का सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक धनबाद एवं एचडीएफसी बैंक के साथ हुआ एमओयू
- झारखंड विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद और राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत के मध्य हुआ एम ओ एमओयू.
- क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र रांची में नवनिर्मित 3-डी थिएटर का हुआ उद्घाटन

### मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना की विशेषता

झारखंड की छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के उद्देश्य से मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत की गयी है. इसमें राज्य के राजकीय, नीजी व पीपीपी मोड पर संचालित डिप्लोमा स्तरीय कोर्स में नामांकित तथा झारखं के विद्यालयों से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं को डिप्लोमा कोर्स के लिए प्रति वर्ष 15,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी. झारखंड के राजकीय, नीजी व पीपीपी मोड पर संचालित अभियंत्रण महाविद्यालयों में बीटेक और बी.ई. कोर्स में झारखंड के स्कूलों से 10वीं व 12वीं कक्षा (अथवा समकक्ष) उत्तीर्ण छात्राओं को बी. टेक और बी.ई. कोर्स के लिए प्रति वर्ष 30,000 प्रोत्साहन राशि दी जायेगी. जिस छात्रा के परिवार का विगत वर्ष में सभी प्रकार के आय के स्रोतों को मिलाकर सकल वार्षिक आय अधिकतम 4 लाख रुपये तक प्रति वर्ष है या लाभुक राष्ट्रीय/राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित हैं, उन्हें शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से लाभ मिलेगा.

### बच्चों को फ्री कोचिंग के अलावा रहने-खाने का खर्च दे रही है सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए सरकार आर्थिक मदद कर रही है. इसी कड़ी में मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत विभिन्न परीक्षा प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को फ्री कोचिंग करने के साथ रहने खाने का भी खर्च सरकार वहन कर रही है. वहीं, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों की विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप राज्य सरकार दे रही है. कार्यक्रम के दौरान मनोज कुमार जीएम एसएलबीसी बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि सरकार की पहल पर बैंक भी आगे आएगी.

### नहीं रखनी होगी कुछ गिरवी, सरकार बनेगी गारंटर

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों को अब उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कुछ भी गिरवी रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी उन्हें आर्थिक मदद के लिए गारंटी नहीं देनी होगी. सरकार गारेंटर बनेगी. गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत विद्यार्थियों को 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण मिलेगा. इसमें आपको सरकार की ओर से कई रियायतें भी मिलेंगी. वहीं, मांकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्राओं को डिप्लोमा स्तरीय कोर्स के लिए प्रतिवर्ष 15 हज़ार रुपए बी बीटेक कोर्स के लिए प्रतिवर्ष 30 हज़ार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी.

### 4% साधारण ब्याज की दर से राशि का भुगतान करना होगा

झारखंड राज्य स्थित मान्यता प्राप्त संस्थान से 10वीं और 12वीं कक्षा के उत्तीर्ण विद्यार्थी, जो आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हैं, वैसे छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान किया जाएगा. ताकि छात्र उच्च शिक्षा के क्षेत्र या संस्थान आदि में शिक्षा प्राप्त कर सकें. विद्यार्थियों को ऋण के रूप में अधिकतम 15 लाख तक की राशि बैंकों के माध्यम से बिना किसी प्रोसेसिंग शुल्क के उपलब्ध करायी जायेगी. विद्यार्थियों को मात्र 4% साधारण ब्याज की दर से राशि का भुगतान करना होगा. शेष ब्याज की राशि का वहन राज्य सरकार करेगी. गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत ऋण वापसी की अवधि 15 वर्ष तक की निर्धारित की गयी है.

## ग्रामीण कार्य विभाग में 25 इंजीनियर इधर से उधर

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग ने 25 इंजीनियरों का ट्रांसफर-पोस्टिंग की है. सोमवार को इसे लेकर आदेश जारी कर दिया गया है.

| नाम | कहां गए |
|---|---|
| चंद्रनाथ | सचिव प्रोविजनल के मुख्य अभियंता कार्यालय ग्रामीण |
| अवधेश कुमार | ग्रामीण विकास विशेष अंचल हजारीबाग |
| रमाकांत | विशेष अंचल दुमका का अतिरिक्त प्रभार |
| विजय कुमार राय | कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल गढ़वा |
| राजू मरांडी | कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल बोकारो |
| राजीव कुमार | कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल गोड्डा |
| महादेव उरांव | कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल गुमला |
| श्रीधर शंभू रजक | कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल जमशेदपुर |
| राधा कृष्ण मुरारी | कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल कोडरमा |
| राम पुकार राम | ग्रामीण विकास विशेष मंडल पलामू |
| सुरेश पासवान | कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल लोहरदगा |
| इतवारी मंडल | कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल गोड्डा |
| सिंघेश्वर मंडल | अधीक्षण अभियंता के तकनीकी सलाहकार दुमका |
| बाल किशन किस्को | कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल हजारीबाग |
| अजय तिर्की | कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल सरायकेला |
| श्याम सुंदर मुर्मू | कार्यपालक अभियंता जीएसआरडीए |
| विजय कुमार दास | कार्य आंचल रांची |
| सुरेंद्र कुमार | कार्य प्रमंडल कोडरमा |
| मंगेश्वर हेंब्रम | कार्य प्रमंडल सिल्ली |
| कर्म सिंह | सहायक अभियंता मंडल चैनपुर |
| अंकुर चौरसिया | प्रमंडल गढ़वा |
| विजय कुमार मुरमू | प्रमंडल चाईबासा |
| घनश्याम प्रसाद शाह | कार्यवर्ती मंडल हजारीबाग |
| रामजन्म मंडल | अभियंता प्रमुख कार्य |
| विजय कुमार | सहायक अभियंता मुख्य अभियंता कार्यालय रांची |

## न्यूज अपडेट

### सुरक्षा-व्यवस्था की खामियों को तुरंत करें दूर: डीजीपी

**रांची।** कोर्ट की सुरक्षा-व्यवस्था की खामियों को तुरंत करने का डीजीपी अजय कुमार सिंह ने निर्देश दिया है. डीजीपी ने सोमवार को यह बात समीक्षा बैठक के दौरान कही. झारखंड पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों और उनके आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए समीक्षा बैठक की गयी. बैठक में डीजीपी ने सभी जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, एसएसपी, एसपी से उनके क्षेत्राधीन न्यायालय परिसर, माननीय न्यायाधीशों और उनके आवासीय कॉलोनियों की सुरक्षा बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की. साथ ही सुरक्षा-व्यवस्था की खामियों को अविलम्ब दूर करने का निर्देश दिया.

**मॉनिटरिंग करते रहने पर जोर दिया गया:** समीक्षा के क्रम में डीजीपी झारखंड ने न्यायालय परिसरों, न्यायाधीशों और उनके आवासीय परिसरों, कॉलोनियों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और बलों की वरीय पुलिस पदाधिकारियों द्वारा लगातार औचक निरीक्षण करने और पाए गए त्रुटियों का तत्काल निवारण करने का निर्देश दिया.

### मुबारक महीने का चांद नजर आया, रमजान आज से

**रांची।** दारूल कजा इमारत शरीया रांची, के काजी शरीअत मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी ने कहा कि शबानुल मोअज्जम 1445 हिजरी की 29 तारीख और सोमवार 11 मार्च को रमजान उल मुबारक महीने का चांद रांची व झारखंड समेत देश के विभिन्न स्थानों में आम तौर पर नजर आया है. इस लिए 12 मार्च को रमजान उल मुबारक महीने की पहली तारीख है. उन्होंने कहा कि यही फैसला मरकजी दारुल कजा इमारत शरीया फुलवारी शरीफ पटना का है. एदार ए शरीया झारखंड के नाजिमे आला मौलाना मोहम्मद कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा कि 29 शाबान 1445 हिजरी के अनुसार सोमवार 11 मार्च को एदार ए शरीया झारखंड के द्वारा हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार दरगाह, डोरंडा रांची के परिसर में रमजानुल मुबारक का चांद देखने की व्यवस्था की गई. इस के अलावे हजारीबाग, धनबाद, जमशेदपुर, रामगढ , बोकारो, पलामू गढ़वा राजमहल, गोड्डा, गुमला, खूंटी, चतरा, खरसावां, जामताड़ा, मधुपुर, बोकारो, जमशेदपुर, पलामु, लोहरदगा, दुमका, घाटशिला, गोला, बड़का गांव, पांकी, इटखोरी, चास, झरया, डुमरी, समेत 65 जगहों पर रमजान माह का चांद देखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई.

### सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का किया गया प्रयास

**किरीबुरु।** किरीबुरु-मेघाहातुबुरु शहर में दो समुदायों के बीच आपसी सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का असफल प्रयास कोई असामाजिक तत्वों द्वारा किया गया. कोई अज्ञात असामाजिक तत्त्वों ने किरीबुरु स्थित मस्जिद की बाउन्ड्री पर ॐ एवं जय श्री राम लिखकर हिन्दू व मुस्लिम समुदाय के बीच ऐतिहासिक आपसी प्रेम व भाईचारा के रिश्तों में खटास अथवा जहर घोलने का असफल प्रयास किया. ऐसे तत्वों को यह नहीं पता है कि किरीबुरु-मेघाहातुबुरु के सभी धर्म व समुदाय के लोग एक परिवार की तरह साथ-साथ रहते हैं. ऐसे कार्य करने वालों को हिन्दू, मुस्लिम, सीख, ईसाई, सरना धर्म आदि सभी समुदाय के लोगों ने निंदा की है. तथा सभी समुदाय अपने-अपने स्तर व सामूहिक प्रयास से ऐसे तत्वों का पता लगाकर उन्हें सबक सिखाने तथा कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्यवाही कराने के प्रयास में लग गये हैं. मस्जिद कमेटी के सचिव अबरार अहमद ने बताया कि कोई मानसिक रुप से विक्षिप्त व्यक्ति हीं ऐसा कार्य किया होगा. इससे हमारी सभी धर्म व समुदाय के साथ आपसी एकता व भाईचारे के रिश्तों में कभी भि जहर घोल नहीं सकता है. उन्होंने कहा कि हम हिन्दुओं या अन्य धर्मों के धार्मिक स्थल व पर्व त्योहारों में जाते एवं एक-दूसरे को मदद करते हैं. अन्य धर्म के लोग भी हमारे पर्व-त्योहारों में आते व सहयोग करते हैं.

### सड़क किनारे जानवरों को काटने पर रोक के दिये निर्देश

**रांची।** श्यामानंद पांडेय द्वारा दायर की गयी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने अंतरिम आदेश पारित किया. जिसमें रांची व झारखंड के अन्य जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को अवैध रूप से जानवरों के काटे जाने व सड़क के किनारे जानवरों के शवों के प्रदर्शन पर रोक लगाने का निर्देश दिया है. इसके अलावा रांची नगर निगम और राज्य सरकार से पूछा गया कि मांस की दुकानों में जानवरों के शवों को काले शीशे के दरवाजे और पर्दे से ढके जाने पर जो रेगुलेशन है, उसे लागू करने के लिए क्या कारवाई की गयी है? याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने माननीय खंडपीठ के समक्ष पक्ष रखा. मामले की अगली सुनवाई 3 अप्रैल को होगी.

### आजादनगर फायरिंग मामले में मुख्य आरोपी समेत दो गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** आजादनगर थाना अंतर्गत फातमी मस्जिद के पास बीते दिनों मो शाहिद पर फायरिंग कर दी गई थी. इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो नामजद को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में सैयद अमानुल्लाह उर्फ सैप उर्फ अमन और शहनवाज शामिल है. पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है. सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि आपसी विवाद को लेकर शाहिद पर फायरिंग की गई थी. दोपहर में हुआ था विवाद, शाम को चला दी गोली: सिटी एसपी ने बताया कि आरोपी अमन और शहनवाज अच्छे दोस्त है. अमन ठेकेदार और जिसके अंदर शाहिद इलेक्ट्रिशियन का काम करता है. 9 मार्च को शाहिद अपने एक साथी को काम करने के लिए लाया था. शहनवाज ने इसका विरोध किया जिसके बाद दोनों के बीच बहस हुई थी.

**दुर्घटना**

### 3 घंटे बाद शाम पांच बजे एनएच-75 से जाम हटाया गया


# ट्रक की चपेट में आने से दो भाइयों की मौत

**आशीष टैगोर। लातेहार**

सोमवार दोपहर शहर में अनियंत्रित ट्रक ने सड़क पर खड़े दो सगे भाइयों को अपनी चपेट में ले लिया. दुर्घटना में दोनों भाइयों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. घटना की सूचना मिलने पर घर की महिलाएं बेसुध हो गयी. परिजन घटनास्थल पर पहुंच कर एनएच-75 जाम कर दिया.

वहीं, स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढ़स बंधाया. शहर के माको मोड़ के महेंद्रा शो रूम के पास रेलवे स्टेशन क्षेत्र के हेसला ग्राम निवासी संतोष प्रसाद (42) और उसका बड़ा भाई जुगल प्रसाद (44) मोटरसाइकिल से आ रहे थे. वे करकट गांव में अपने मकान का किराया वसूलने गये थे. वहां से वे लौट रहे थे. इसी दौरान मेदिनीनगर की ओर से रांची जा रहा ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. ट्रक दोनों भाईयों को घसीटते हुए तकरीबन 10 मीटर आगे तक ले गया. इसमें एक भाई का शरीर कमर से दो हिस्सों में बंट गया. दोनों भाइयों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. दोनों भाई लातेहार शहर के करकट गांव में खस्सी का मांस बेचने का व्यवसाय करते थे. सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ अरविंद कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे.तकरीबन तीन घंटे बाद शाम पांच बजे एनएच-75 से जाम हटाया गया.

**आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-75 पर लगाया जाम**



घटना की सूचना के तुरंत बाद स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम घटना स्थल पहुंच गये और अंत तक रहे. उन्होंने आक्रोशित भीड़ व परिजनों को बहुत समझाने का प्रयास किया. सूचना के बाद अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल व राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद मौके पर पहुंचे. एसडीपीओ अरविंद कुमार ने सरकारी प्रावधानों के अनुसार हर संभव मदद कराने का आश्वासन दिया.

### न्याय दिलाने की मांग पर नारेबाजी कर रहे थे

# रात ढाई बजे सड़क से हटे नारेबाजी कर रहे ग्रामीण

**संवाददाता। चांडिल**

चांडिल थाना क्षेत्र के रावताड़ा निवासी छात्र करण महतो के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने रविवार की शाम कैंडल मार्च निकाला था. कैंडल मार्च में शामिल लोग रावताड़ा गांव से निकलकर चांडिल बाजार पहुंचे. इसके बाद चांडिल थाना के मुख्य गेट के पास एनएच 32 पर बैठ गए. घटना के पांच दिनों के बाद भी किसी की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीण आक्रोशित थे. मृतक के परिजन और ग्रामीणों का कहना है कि करण की मौत दुर्घटना नहीं है. ग्रामीणों का आरोप है कि उसकी हत्या में एक राजनीतिक दल के नेता भी शामिल हैं. थाना के मुख्य गेट के समक्ष बैठे ग्रामीण पुलिस-प्रशासन के खिलाफ और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग पर नारेबाजी कर रहे थे. इस दौरान रात को चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार राजवाड़, पुलिस निरीक्षक एके तिवारी और चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव थाना पहुंचे और ग्रामीणों से बात की. लंबी बातचीत के बाद के बाद भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला और लोग करण महतो के हत्या में शामिल लोगों को गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे. कई दौर की बातचीत के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने करण महतो की मृत्यु की गुत्थी सुलझाने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा.

## एसबीआई को देना होगा डिटेल

सर्वोच्च अदालत ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की याचिका को नकारते हुए 12 मार्च तक चुनावी बांड की जानकारी देने को कहा है. इस तरह सर्वोच्च अदालत ने चुनावों को पारदर्शी बनाने की दिशा में एक ठोस कदम उठाया है. चुनाव आयोग के एक सदस्य के अचानक इस्तीफे के बाद जिस तरह के संशय के बादल मंडरा रहे हैं,उसमें सर्वोच्च अदालत का यह निर्णय महत्वपूर्ण है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि एसबीआई 12 मार्च को जानकारी दे और 15 मार्च तक चुनाव आयोग उस जानकारी को सार्वजनिक करे. एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर इलेक्टोरल बांड की जानकारी देने की समय-सीमा 30 जून तक बढ़ाने की मांग की थी. एसबीआई की तरफ से सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में वरिष्ठ वकील हरीश सल्वे ने कोर्ट को बताया कि सर्वोच्च अदालत के आदेश के बाद एसबीआई ने नए इलेक्टोरल बांड्स जारी करने पर रोक लगा दी है, लेकिन समस्या ये है कि जो इलेक्टोरल बांड जारी हुए हैं उस पूरी प्रक्रिया को पलटना होगा और इसमें समय लगेगा.

> मुख्य न्यायधीश ने एसबीआई को फटकार लगाते हुए कहा कि 'हमने 15 फरवरी को आदेश दिया था और आज 11 मार्च है. ऐसे में बीते 26 दिनों में आपने क्या किया? सुप्रीम कोर्ट आज ही एनजीओ एडीआर की याचिका पर भी सुनवाई की और एसबीआई को नोटिस जारी किया.

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई की दलील मानने से इंकार कर दिया और जानकारी देने का आदेश दिया. सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि 'आप (एसबीआई) कह रहे हैं कि दानदाताओं और राजनीतिक पार्टियों की जानकारी सील कवर के साथ एसबीआई की मुंबई स्थित मुख्य शाखा में है. मैचिंग प्रक्रिया में समय लगेगा, लेकिन हमने आपको मैचिंग करने के लिए कहा ही नहीं था और हमने सिर्फ स्पष्ट डिस्कलोजर मांगा था'. मुख्य न्यायधीश ने एसबीआई को फटकार लगाते हुए कहा कि 'हमने 15 फरवरी को आदेश दिया था और आज 11 मार्च है. ऐसे में बीते 26 दिनों में आपने क्या किया? सुप्रीम कोर्ट आज ही एनजीओ एडीआर की याचिका पर भी सुनवाई की और एसबीआई को नोटिस जारी किया. एसबीआई के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की गई थी. एडीआर की याचिका में आरोप लगाया गया कि एसबीआई ने जानबूझकर सर्वोच्च अदालत के आदेश का उल्लंघन किया है. दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि एसबीआई 6 मार्च तक इलेक्टोरल बांड्स की जानकारी चुनाव आयोग को दे और चुनाव आयोग 15 मार्च तक उस जानकारी को सार्वजनिक करे. 15 फरवरी को पांच जजों की संविधान पीठ ने केंद्र की इलेक्टोरल बांड्स योजना को असंवैधानिक बताते हुए इस पर रोक लगा दी थी. कोर्ट ने इलेक्टोरल बांड योजना के एकमात्र फाइनेंशियल संस्थान एसबीआई बैंक को 12 अप्रैल 2019 से अब तक हुई इलेक्टोरल बांड की खरीद की पूरी जानकारी 6 मार्च तक देने का आदेश दिया था. सर्वोच्च अदालत के इस निर्णय से चुनावों को पारदर्शी और धन के मामले में बढ़ती असमानता को कम करने की दिशा में मदद मिलेगी और साथ ही राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे में कारपोरेट फंडिंग की भूमिका भी स्पष्ट होगी. एसबीआई के याचिका के बाद सवाल उठ रहे थे कि आखिर क्या कुछ छुपाने का प्रयास किया जा रहा है.

### सुभाषित

आहारनिद्राभयसन्ततित्वं सामान्यमेतत्पशुभिर्नराणाम्।
ज्ञानं हि तेषामधिकं विशिष्टं ज्ञानेन हीनाः पशुभिः समानाः।।

मनुष्य और पशुओं में भोजन, निद्रा, भय और सन्तान एक समान है, परन्तु ज्ञान ही वह गुण है जो मनुष्य में विशेष है, इसलिए ज्ञान विहीन मनुष्य पशु के समान होता है.

# 'चार सौ पार' या बहेगी बदलाव की बयार!

**भीड़ और विपक्षी नेताओं के उत्साह को देखकर ऐसा लगने लगा कि सत्तारूढ़ सरकार के प्रति जनता में घोर नाराजगी है और विपक्षी खेमों को घेरने के लिए तरह–तरह की जो योजनाएं सत्तारूढ़ दल द्वारा बनाई गई हैं, वह सफल होने वाली नहीं हैं. ऐसा इसलिए भी कि सत्तारूढ़ दल ने अपने पक्ष को बिहार में मजबूत बनाने की योजना के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को तोड़कर अपने साथ शामिल कर लिया था, उसका कोई भी लाभ होता दिखाई नहीं देता.**

• देश-काल


निशिकांत ठाकुर

आजकल किसी दो चार लोगों के बीच खड़े हो जाइए, सभी आपको देश के वर्तमान हालात पर चर्चा करते मिलेंगे. वे किस प्रकार के व्यक्ति हैं, इसपर नहीं जाइए, केवल उनके विचार को सुनिए-परखिए. राजनीति के जिन विषयों के बारे में कभी आपने सोचा तक नहीं होगा, वे उसपर गंभीर मंत्रणा करते मिलेंगे. आपको अपने देश पर गर्व होगा, उनकी शिक्षा दीक्षा पर भी गर्व होगा, लेकिन यह जानने के बाद आप घोर आश्चर्य में पड़ जाएंगे कि ये वे लोग हैं, जो बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं. स्वाभाविक रूप से कोई रोजगार न मिलने के कारण उन्होंने देश की वर्तमान राजनीति का गहन अध्ययन करना शुरू कर दिया है. फिर अगले कुछ दिन में देश में लोकसभा चुनाव होने जा रहा है, तो ऐसी स्थिति में विचार व्यक्त करना तो भारतीय युवाओं की रीति-नीति भी रही है, क्योंकि देश का भविष्य तो इन्हीं युवाओं के हाथ में है. उनका आकलन इतना सटीक होता है कि आपको ऐसा प्रतीत होगा, मानो ये सभी किसी संसदीय क्षेत्र का दौरा करके अभी-अभी वापस लौटे हों. इन्हीं युवाओं के मन को भ्रमित करने के लिए आज बड़े-बड़े अखबारों में बड़े-बड़े खबरिया चैनलों पर उसे प्रकाशित और प्रसारित किया जाता है कि जिसे सुन-पढ़कर युवा परेशान हो जाते हैं कि कहीं वे भटक तो नहीं गए हैं?

हमारे देश की जनता बहुत साफ हृदय, सुगम और सीधी है. इसमें दो राय नहीं कि ऐसी जनता को मूर्ख बनाना आज के इन चतुर सुजान राजनेताओं के लिए कोई बड़ी चुनौती नहीं होती. वे जनता को लच्छेदार भाषणों से उन्हीं से कहला सकते हैं कि आपसे बड़ा कोई नेता नहीं, आपसे अधिक हित इस देश का करने वाला कोई नहीं, लिहाजा इस बार भी हम आपको ही अपना मत देकर सरकार बनाने का अवसर देंगे. अभी हाल के दिनों में प्रधानमंत्री बंगाल और बिहार में चुनावी रैली कर रहे थे और रैली में उपस्थित जनता के मुंह से बार-बार कहला रहे थे-'अबकी बार ... सरकार.' इस तरह के नारे देना प्रधानमंत्री के लिए कोई नई बात नहीं है. उनका सत्ता में आना ही इसलिए हुआ था कि वे रैली में आए लोगों से ऐसा वादा करवा लेते थे. लेकिन, अभी तक किसी भी नेता, मीडियाकर्मी या जनता में यह पूछने कि हिम्मत नहीं हुई कि पिछले दस वर्ष से देश की सत्ता पर काबिज आपकी सरकार ने इस कालखंड में आखिर ऐसा क्या




किया है कि जिसके दम पर आप फिर से अपनी सरकार बनाने के लिए जनता के मुंह में हाथ डाल डालकर यह कहलवाते हैं कि एक अवसर उनकी सरकार को और दिया जाए? यह सच है आपकी सरकार ने कुछ दिया हो या नहीं दिया हो, लेकिन देश के समस्त भ्रष्टाचारियों को एक पार्टी में लाकर हिटलरशाही की तरह नए-नए कानून बनाकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देती रही. हां, यह भी सच है कि देश के अस्सी करोड़ लोगों को अपंग बना दिया, उन्हें उन पांच किलो अनाज पर जीवन-यापन करने के लिए विवश कर दिया. क्या यह नहीं हो सकता था कि इन निरीह जनता के लिए रोजगार खड़ा कर दिया जाता, जिसमें अपनी ताकत के बलबूते कमाकर लाने की कूवत होती. लेकिन, फिर सरकार का वह मुहावरा कहां जाता, जिसमें कहा जाता है कि हमारी सरकार अस्सी करोड़ गरीब जनता को 'मुफ्त का राशन' देती है. निराश्रित बनाने की यह विश्व में अपनी तरह की पहली योजना है, जो भारत की वर्तमान सरकार द्वारा बनाई गई है. इसे जनता को अपने पक्ष में मतदान करने का नायाब तरीका भी कह सकते हैं.

उसके अगले ही दिन पटना के गांधी मैदान में विपक्षी महागठबंधन की रैली हुई. भीड़ और विपक्षी नेताओं के उत्साह को देखकर ऐसा लगने लगा कि सत्तारूढ़ सरकार के प्रति जनता में घोर नाराजगी है और विपक्षी खेमों को घेरने के लिए तरह-तरह की जो योजनाएं सत्तारूढ़ दल द्वारा बनाई गई हैं, वह सफल होने वाली नहीं हैं. ऐसा इसलिए भी कि सत्तारूढ़ दल ने अपने पक्ष को बिहार में मजबूत बनाने की योजना के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को तोड़कर अपने साथ शामिल कर लिया था, उसका कोई भी लाभ होता दिखाई नहीं देता. कारण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कभी भी सामूहिक नेतृत्वकर्ता नहीं रहे हैं, लेकिन इतने वर्षों तक वे केंदीय मंत्री सहित बार-बार बिहार के मुख्यमंत्री बनते रहे, उसका कारण उनकी निज की योग्यता को ही माना जाता है. एनडीए द्वारा बिहार में लोकसभा के लिए प्रत्याशियों का नाम न घोषित करना सत्तारूढ़ दल के संशय को ही दिखाता है. वैसे, पिछले लोकसभा चुनाव में एनडीए और जदयू गठबंधन ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था, लेकिन इस बार मामला इसलिए गंभीर है कि एनडीए या जदयू का प्रदर्शन वैसा ही रहेगा, इसकी कोई आज कल्पना भी नहीं करता. इसकी वजह यह है कि इस बार उसका सामना महागठबंधन से है, जिसका नेतृत्व बिहार में तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव और केंद्रीय स्तर पर मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी कर रहे हैं.

इस चुनाव के बाद किसकी सरकार बनेगी, यह तो रिजल्ट आने के बाद पता चलेगा, लेकिन जो कई सर्वेक्षणों से छनकर आई है उसने सत्तारूढ़ भाजपा को बेचैन अवश्य कर दिया है. इसके प्रमाण के रूप में तो भाजपा की पहली सूची ही है, जिसमें साफ हो गया है कि किस तरह से वह फूंक-फूंककर कदम रख रही है. पहली ही लिस्ट में उन लोगों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है, जिन्होंने कभी भाजपा नेता के रूप में पार्टी को दागदार किया. वैसे ही कई तथाकथित नेताओं ने भाजपा का टिकट पाने के बाद भी चुनाव लडने से इनकार कर दिया. यह तो बड़ा ही हास्यास्पद लगता है कि कोरम पूरा करने के लिए राजनीति से दूर-दूर तक कोई वास्ता न रखने वालों को भी टिकट देकर चुनाव लड़ने के लिए आमंत्रित किया जाता है और चुनाव लड़ने वाला प्रत्याशी चुनाव लड़ने से इनकार कर देता है.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## सीख के उपहार

प्राचीन मिथिला देश में नरहन (सरसा) राज्य का भी बड़ा महत्व था. वहां का राजा बड़ा उदार और विद्वान् था. अपनी प्रजा के प्रति सदैव वात्सल्य भाव रखता था. प्रजा को वह सन्तान की तरह चाहता था, प्रजा भी उसे पिता की तरह मानती थी. किन्तु उसकी राजधानी में एक गरीब आदमी था, जो हर घड़ी राजा की आलोचना किया करता. उसकी इस गतिविधि का कोई कारण स्पष्ट नहीं था. आलोचना वह केवल अपने अहं की तुष्टि के लिए किया करता था. उसका मानना था कि एक न एक दिन राजा के पास उसकी आलोचना की बात पहुंच जाएगी और राजा डर जाएगा. वह दौड़ा-दौड़ा मेरे पास आएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. वह अपने स्वभाव के अनुरूप आलोचना में लगा ही नहीं रहा, बल्कि अपनी आलोचना और तीखा बनाता चला गया. राजा को इस बात की जानकारी मिल चुकी थी, किन्तु वे इस आलोचना के प्रति उपेक्षा भाव ही रखते. राजा यह सोचकर उस बात को टाल देते थे कि जो ऊंचा आसन पर होता है, उसपर हजारों लाखों नजरें टिकी होती हैं. कोई प्रशंसा करता है तो कोई निंदा. उधर उसकी आलोचना की तीव्रता बढ़ती चली गयी. एक दिन राजा ने इस बारे में गम्भीरता से सोचा. फिर अपने सेवक को 'गेहूं के आटे के बडे मटके', 'वस्त्र धोने का क्षार', 'गुड़ की ढेलियां' बैलगाड़ी पर लाद कर उसके यहां भेजा. राजा से उपहार में इन वस्तुओं को पाकर वह आदमी गर्व से फूल उठा. हो न हो, राजा ने ये वस्तुएं उससे डर कर भेजी हैं. सामान को घर में रखकर वह अभिमान के साथ राजगुरु के पास पहुंचा. सारी बात बताकर बोला, "गुरुदेव! आप मुझसे हमेशा चुप रहने को कहा करते थे. यह देखिये, राजा मुझसे डरता है." राजगुरु बोले, "बलिहारी है तुम्हारी समझ की! अरे! राजा को अपने अपयश का डर नहीं है उसे मात्र यह चिंता है कि तुम्हारी आलोचनाओं पर विश्वास करके कोई अभिलाषी याचना से ही वंचित न रह जाय. राजा ने इन उपहारों द्वारा तुम्हे सार्थक सीख देने का प्रयास किया है. वह यह कि हर समय मात्र निंदा में ही रत न रहो, संतुष्ट रहो, शुभ-चिंतन करो और मधुर संभाषण भी कर लिया करो. आटे के यह मटके तुम्हारे पेट पुष्टि के साथ तुम्हारे संतुष्ट भाव के लिए हैं, क्षार तुम्हारे वस्त्रो के मैल दूर करने के साथ ही मन का मैल दूर करने के लिए है और गुड़ की ये ढेलियां तुम्हारी कड़ुवी जबान को मीठी बनाने के लिए हैं."

# मंगल ग्रह पर जीवन के प्रमाण मिल सकते हैं!

• विज्ञान

मुकुल व्यास

पृथ्वीवासियों को नासा के पर्सिवियरेंस रोवर द्वारा मंगल पर एकत्र किए गए नमूनों का इंतजार है, क्योंकि इनमें लाल ग्रह पर प्राचीन जीवन के प्रमाण हो सकते हैं. नासा के रोवर ने पाया है कि मंगल ग्रह का जेजेरो क्रेटर किसी समय पानी से भरा हुआ था. इससे यह उम्मीद जगी है कि रोवर ने लाल ग्रह पर जीवाश्म जीवन का सबूत एकत्र कर लिया होगा. यह रोवर पहली बार फरवरी, 2021 में इंज्यूनिटी हेलीकॉप्टर के साथ क्रेटर पर उतरा था. रोवर ने जमीन में प्रविष्ट करने वाले रडार का उपयोग करके यह खोज की है. उसने एक झील से संबंधित तलछट की परतों का खुलासा किया है. यह झील बाद में एक विशाल डेल्टा में तब्दील होकर सूख गई. जब क्रेटर से एकत्र किए गए भूवैज्ञानिक नमूने पृथ्वी पर लौट आएंगे, तब शोधकर्ताओं को इस बात का सबूत मिल सकता है कि लाल ग्रह पर कभी प्राचीन जीवन पनपा था. पर्सिवियरेंस रोवर, पुरानी क्यूरियोसिटी रोवर के साथ, 48 किलोमीटर चौड़े जेजेरो क्रेटर को पार करके मंगल ग्रह की सतह पर प्राचीन जीवन के संकेतों की खोज कर रहा है और पृथ्वी पर वापसी के लिए चट्टान के दर्जनों नमूने एकत्र कर रहा है. तीन वर्षों तक रोवर के साथ इंज्यूनिटी हेलीकॉप्टर भी था जिसने 18 जनवरी को मंगल ग्रह की सतह पर अपनी 72वीं और अंतिम उड़ान भरी. कार के आकार की पर्सिवियरेंस रोवर सात वैज्ञानिक उपकरणों से लैस है, जिनमें से एक मंगल ग्रह की सतह के नीचे प्रयोग के लिए रडार इमेजर (रिमफैक्स) है. अपनी यात्रा के दौरान रोवर ने हर 10 सेंटीमीटर जमीन में रडार के जरिये मंगल के क्रेटर की सतह के नीचे लगभग 20 मीटर की गहराई से प्रतिबिंबित तरंगों का एक नक्शा बनाया. अब इस रडार मानचित्र ने तलछट के अस्तित्व का खुलासा किया है. पिछले अध्ययनों में तलछट के बारे में संदेह उत्पन्न हुआ था, लेकिन पहले कभी इसकी पुष्टि नहीं हुई थी. इस अध्ययन के प्रमुख लेखक डेविड पेज ने कहा कि चट्टान के रिकॉर्ड में हम जो बदलाव देखते हैं, वे मंगल ग्रह के वातावरण में बड़े पैमाने पर हुए परिवर्तनों से प्रेरित हैं. अच्छी बात यह है कि हम इतने छोटे भौगोलिक क्षेत्र में परिवर्तन के इतने सारे सबूत देख सकते हैं, जो हमें अपने निष्कर्षों को पूरे क्रेटर के पैमाने तक विस्तारित करने की अनुमति देते हैं. चूंकि पृथ्वी पर जीवन पानी पर अत्यधिक निर्भर है. मंगल ग्रह पर पानी का सबूत इस बात का एक महत्वपूर्ण सुराग हो

> मंगल ग्रह की भूमध्य रेखा पर मेडुसी फॉसी फॉर्मेशन क्षेत्र के एक नए रडार सर्वेक्षण से पता चला है कि वहां जमीन में दबी हुई जल–बर्फ की विशाल परतें मौजूद हैं, जो कई किलोमीटर मोटी हैं. यह मंगल ग्रह के मध्य भाग के आसपास अब तक पाया गया सबसे अधिक पानी है. इससे जाहिर है कि लाल ग्रह पानी से उतना वंचित नहीं है, जितना हमने सोचा था.

सकता है कि ग्रह पर कभी जीवन था या आज भी वहां जीवन हो सकता है. लेकिन हमारे दुर्गम पड़ोसी ग्रह पर जीवन के सबूत जुटाना अभी तक बहुत कठिन साबित हुआ है. मंगल ग्रह की भूमध्य रेखा पर मेडुसी फॉसी फॉर्मेशन क्षेत्र के एक नए रडार सर्वेक्षण से पता चला है कि वहां जमीन में दबी हुई जल-बर्फ की विशाल परतें मौजूद हैं, जो कई किलोमीटर मोटी हैं. यह मंगल ग्रह के मध्य भाग के आसपास अब तक पाया गया सबसे अधिक पानी है. इससे जाहिर है कि लाल ग्रह पानी से उतना वंचित नहीं है, जितना हमने सोचा था. वैज्ञानिकों का कहना है कि वहां उतना ही पानी दबा हुआ है, जितना पृथ्वी के लाल सागर में पाया जा सकता है. यदि इसे सतह पर लाकर पिघलाया जाए, तो यह मंगल को 1.5 से 2.7 मीटर गहरे उथले महासागर में ढक देगा. बर्फ के दबे हुए भंडार के संकेत पहली बार 2007 में 2.5 किलोमीटर की गहराई तक पाए गए थे, लेकिन तब वैज्ञानिकों को यह नहीं पता था कि ये भंडार किस चीज के हैं. नया डेटा मिलने और उस डेटा का विश्लेषण करने के लिए नए उपकरण उपलब्ध होने के बाद इन भंडारों की असलियत का पता चला.पिछले कुछ दशकों में जैसे-जैसे मंगल की खोज बढ़ी है, लाल ग्रह के बारे में हमारी पिछली समझ में भारी परिवर्तन हुआ है. जहां भी हम देखते हैं, मंगल ग्रह पर अतीत में सतह पर नदियों के रूप में पानी बहने या झीलों या महासागरों में पानी जमा होने के प्रमाण दिखाई देते हैं. मंगल ग्रह पर अब कोई तरल पानी नहीं है. वह सारा पानी कहां गया, यह एक रहस्य बना हुआ है. क्या वह वाष्प के रूप में अंतरिक्ष में गायब हो गया, या क्या वह ग्रह के अंदर ही सिमट कर ऐसी जगह पहुंच गया है, जहां हम उसे नहीं देख सकते? मेडुसी फॉसी फॉर्मेशन में इस प्रश्न के कुछ उत्तर हो सकते हैं. वैज्ञानिक एक अन्य व्यावहारिक कारण से यह जानना चाहते हैं कि मंगल ग्रह पर पानी कहां मिलेगा.

# गरीबी रेखा का पता नहीं, लेकिन ग़रीबी घट गई!

• विमर्श

अरविंद मोहन

लोकसभा चुनाव से पहले नीति आयोग ने देश में गरीबों की संख्या संबंधी अपने आकलन के रूप में जो एक बम फोड़ा है, उसकी गूंज चुनाव भर में बनी रहे तो कोई आश्चर्य नहीं होगा. आयोग के किसी अर्थशास्त्री की जगह उसके सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम द्वारा जारी की गयी इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश में 2013-14 और 2022-23 के बीच गरीबों की संख्या में तेजी से कमी आ गई है और अब यह पांच फीसदी से नीचे पहुंच गई है जिसका मतलब हुआ कि देश में गरीबों की संख्या सात करोड़ से अधिक नहीं रह गई है. जाहिर है इन दस वर्षों में देश में नरेंद्र मोदी का शासन रहा है और अगर यह अनुमान सही है तो यह सरकार के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि होगी. अभी कुछ समय पहले ही एक नामी अंतरराष्ट्रीय संस्था के सहयोग से हुए अध्ययन में भी मल्टी डायमेंशनल पॉवर्टी में भी भारी गिरावट की बात की गई थी, जिसका उल्लेख प्रधानमंत्री बार बार अपने भाषणों में करते हैं. उस अध्ययन और उसके आसपास हुए दूसरे अध्ययनों को लेकर भी हल्का विवाद रहा, लेकिन आम तौर पर इस पचीस करोड़ की कमी (जिसमें यूपीए के शासन के दौरान ज्यादा तेज गिरावट बताई गई थी) को स्वीकार किया गया. ऐसे अध्ययनों को स्वीकार करने में हिचकिचाहट अकादमिक जगत की ईर्ष्या के चलते ही नहीं है. इस सरकार ने आंकड़े जुटाने के काम को जिस तरह रोका और बाधित किया है उससे भी बाकी हिसाब काफी कुछ हवाई हो गया है. अभी इसी घरेलू खपत पर खर्च का पिछला सर्वे इसी सरकार ने रोका था और उसके चलते ही ये आंकड़े पांच की जगह सीधे दस साल पर आए हैं. और सर्वेक्षण का आधार या आंकड़े बनाने के आधार को लेकर असुविधाजनक सवाल थे, जिनके चलते किसी अर्थशास्त्री की जगह सीईओ से आंकड़े जारी किये गए. सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि जब गरीबी रेखा ही तय नहीं है तो आप बार-बार गरीबों की संख्या में गिरावट का दावा किस आधार पर करते हैं. और सुब्रह्मण्यम साहब के जुबान खोलते ही अस्सी करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी के नाम पर मुफ़्त राशन देने, पचास करोड़ से ज्यादा जन धन खाते खोलने, पचीस करोड़ से ज्यादा घरों में उज्ज्वला योजना से गैस पहुंचाने और शौचालय बनाने से लेकर दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना और किसान कल्याण के नाम पर आठ करोड़ से ज्यादा खातों में सालाना छह हजार रुपए ट्रांसफर करने जैसी योजनाओं पर अप्रिय

> ऐसे अध्ययनों को स्वीकार करने में हिचकिचाहट अकादमिक जगत की ईर्ष्या के चलते ही नहीं है. इस सरकार ने आंकड़े जुटाने के काम को जिस तरह रोका और बाधित किया है उससे भी बाकी हिसाब काफी कुछ हवाई हो गया है. अभी इसी घरेलू खपत पर खर्च का पिछला सर्वे इसी सरकार ने रोका था और उसके चलते ही ये आंकड़े पांच की जगह सीधे दस साल पर आए हैं.

सवाल भी उठाए जाने शुरू हो गए. हम इस विरोधाभास की चर्चा खास नहीं करना चाहते, क्योंकि इन पर पहले भी चर्चा होती रही है और इन योजनाओं का एक चुनावी मतलब भी है-गरीब कल्याण और जरूरत वाले पक्ष भी पर्याप्त प्रबल हैं. और इनका लाभ इनको चलाने का दावा करने वाली पार्टी और नेता को हुआ है, लेकिन करोड़ों लोगों को भी सीधा लाभ मिला है जिससे उन्होंने शासन की चिंता का साफ़ एहसास भी किया है..यह सही है कि किसी परिवार के उपभोग के तरीके से उसकी आर्थिक हैसियत का अंदाजा लगाया जा सकता है. यह भी सही है कि अनाज की ज्यादा खपत या घर के बजट का ज्यादा बड़ा हिस्सा अनाज पर खर्च करने का मतलब गरीबी का जीवन है. दूसरे शौकों और भोजन के ही ज्यादा नफासत या पौष्टिकता वाले पदार्थों पर खर्च का मतलब आमदनी बढ़ना है. सो इस तरह का अध्ययन एक मोटा अंदाजा देता है. लेकिन जब भारत में अनाज पर चालीस फीसदी खर्च करने का औसत हो और यूरोप अमेरिका में यह औसत सात-आठ फीसदी हो तो हम किस मुंह से विकास और रामराज्य आने का दावा करेंगे या गरीबी खत्म करने की बात करेंगे. हां, दस साल में सत्रह-अठारह फीसदी सुधार का दावा महत्व का है, लेकिन ऐसा भी नहीं कि बाकी सारी कसौटियों को भुला दिया जाए. अब लोग अनाज कम खा रहे हैं, यह तो आपने उनके अमीर और विकसित होने का प्रमाण मान लिया, लेकिन उनमें दाल की खपत तेजी से कम हुई है तो आप उनके आहार और आर्थिक स्थिति को किस आधार पर सही मान रहे हैं. अनाज और दाल अर्थात गरीब के प्रोटीन की खपत घटना तो पर्याप्त चिंता की बात भी मानी जा सकती है. दूध, दही, मांस और उनसे भी बढ़ाकर एरीटेड ड्रिंक्स अर्थात कोक-पेप्सी और प्रोसेस्ड फूड अर्थात चिप्स वगैरह का चलन बढ़ना गरीब के यहां अमीरी पहुंचने का ही प्रमाण मान लेना भी कोई होशियारी नहीं है.

### मीडिया में अन्यत्र

# प्रधानमंत्री का कश्मीर दौरा और उसके बाद

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने केंद्र-शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर की अपनी पहली यात्रा के दौरान इस केंद्र-शासित प्रदेश की एक गुलाबी तस्वीर पेश की. इस केंद्र-शासित प्रदेश का गठन 2019 में पूर्ववर्ती जम्मू एवं कश्मीर राज्य का विभाजन करके किया गया था और इसकी विशेष संवैधानिक स्थिति भी छीन ली गई थी. श्रीनगर में 7 मार्च को आयोजित एक रैली में श्री मोदी द्वारा दिया गया भाषण और केंद्रीय योजनाओं से लाभान्वित स्थानीय उद्यमियों के साथ उनकी बातचीत दिल जीतने की कोशिश थी. श्री मोदी ने जहां अपनी रैली में लोगों की प्रभावशाली उपस्थिति को पिछले पांच सालों के दौरान अपनाए गए सरकार के एकीकरणवादी दृष्टिकोण के समर्थन के रूप में निरूपित किया, वहीं विपक्षी दलों ने कहा है कि कम से कम रैली में शिरकत करने वाले लोगों के एक हिस्से को तो प्रशासन द्वारा लाया गया था. प्रधानमंत्री लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जम्मू एवं कश्मीर के बाहर मतदाताओं को भी संबोधित कर रहे थे. उन्होंने किसी किस्म के राजनीतिक प्रचार से परहेज किया और इसके बजाय, लोगों के लिए अधिक अवसर पैदा करने से जुड़ी अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया. प्रधानमंत्री ने कहा कि कश्मीर के लोग अब "खुलकर सांस ले रहे हैं".



श्री मोदी ने "आत्म-केंद्रित वंशवादी राजनीति" के जरिए सात दशकों तक जम्मू एवं कश्मीर को "बर्बाद" करने के लिए कांग्रेस और दो क्षेत्रीय दलों, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर भी निशाना साधा. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हमेशा कश्मीर को भारतीय राज्य की अनिर्णय की मिसाल के रूप में देखा है. उसने इस स्थिति को पलटने का वादा किया था. प्रधानमंत्री के भाषण ने कश्मीर के इस परिप्रेक्ष्य को राजनीतिक और सांस्कृतिक संघवाद के सवाल के बजाय एक विकासात्मक और प्रबंधन की चुनौती के रूप में रेखांकित किया. श्री मोदी ने अमीर भारतीयों से अपनी शादियों की योजना कश्मीर में बनाने का भी आग्रह किया. उन्होंने विदेशों में रहने वाले देशवासियों से गैर-भारतीयों को घाटी का दौरा करने के लिए प्रेरित करने को कहा और घरेलू पर्यटकों से कश्मीर में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय उत्पाद को खरीदने का अनुरोध किया. इस क्षेत्र के विकास से दशकों के संघर्ष से चोट खाये स्थानीय लोगों को मदद तो मिल सकती है, लेकिन 2019 के बाद से कटौती किए गए राजनीतिक एवं लोकतांत्रिक अधिकारों की बहाली भी जरूरी है.

(द हिंदू)

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## जन्मदिवस/जयंती

श्री दुर्गा सप्तशती के अर्गला स्तोत्र में मार्कण्डेय ऋषि ने इस प्रकार स्तुति की है- जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी, दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तु . इस श्लोक में नमोऽस्तु को छोड़.कर जितने शब्द प्रयोग में आये हैं, सभी भगवती दुर्गा के ही नाम हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार जयंती का मतलब वह स्त्री, जिसने विजय प्राप्त कर ली हो. जयन्ती शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा के 'जि' धातु से है, जिसका अर्थ है विजय करनेवाली, विजयिनी. रथों, मन्दिरों पर फहरने वाली ध्वजा भी जयन्ती (जीत दिलाने वाली) है. सौम्य रूप में पार्वती ही भगवती दुर्गा हैं. जयंती के और भी कई अर्थ हैं. जैसे ध्वजा, ज्योतिष का एक योग, जयंती एक बड़े पेड़ का भी नाम है, जिसे जैंत या जैता कहते हैं. इस पेड़ की डालियां बहुत पतली और पत्तियां अगस्त की पत्तियों की तरह, पर उनसे कुछ छोटी होती हैं. फूल अरहर की तरह पीले होते हैं. फूलों के झड़ जाने पर बित्ते सवा बित्ते लंबी पतली फलियां लगती हैं. फलियों के बीज उत्तेजक और संकोचक होते हैं और दस्त की बीमारियों में औषध के रूप में काम में आते हैं. खाज का मरहम भी इससे बनता है. इसकी जड़ पीसकर बिच्छू के काटने पर लगाई जाती है. जयंती जई यानी जौ के छोटे पौधों को भी कहा जाता है, जिन्हें विजयादशमी के दिन ब्राह्मण लोग यजमानों को मंगल द्रव्य के रूप में भेट करते हैं. जयंती का मतलब किसी महापुरुष के जन्मदिवस पर मनाया जाने वाला उत्सव भी होता है. जैसे हनुमान जयंती, महावीर जयंती, बुद्ध जयंती आदि. यानी जन्मदिन की वर्षगांठ को जयंती कहा जाता है. इधर कुछ वर्षों से परम्परा सी बन गई है कि दिवंगत व्यक्ति के जन्मदिन को ही जयन्ती कहें, जबकि व्यवहार में ऐसा नहीं है. जीवित व्यक्ति की भी 25-वीं वर्षगांठ रजत जयन्ती, 59-वीं वर्षगांठ स्वर्णजयन्ती और 75-वीं वर्षगांठ हीरक जयन्ती के रूप में मनाई जाती है!

# तारीफ करूं क्या उसकी जिसने तुझे बनाया

• तीर-तुक्का

डॉ. एसके पाण्डेय

कुछ लोग काम के समय में बार-बार चाय पीकर आराम फरमाते हैं. और धन्यवाद देते हैं चाय शुरू करने वाले को-तारीफ करूं क्या उसकी जिसने तुझे बनाया. इनका कहना है कि चाय न होती तो काम करना मुश्किल हो जाता. चाय-पीते बतलाते, समय पास हो जाता है. कोई पूछे भी कि कहां हैं ? तो लोग यह जानकर कि चाय पीने गए हैं, कोई खास बुरा नहीं मानते. सोचते हैं कि देर-सबेर आ ही जायेंगे. एक बार एक लड़की को चाय के कारण लेने के देने पड़ गए. ससुराल में नई-नई आई थी. पति ने चाय बनाने को कहा. लड़की ने चाय बनायी और जैसे ही आकर बोली कि 'टू कप टी--'. एक सजिल्द किताब आकर उसके कनपटी से टकराई. और जब तक शोर सुनकर पड़ोस के दो-चार लोग इकट्ठा हुए, लड़की धराशायी हो चुकी थी. पति महोदय बोले जा रहे थे तू कपटी, तेरा बाप कपटी.... काफी का प्रचलन बढ़ने से चाय की अहमियत थोड़ी कम हुई है. पहले लोग किसी के आने पर कहते थे कि पानी-वानी पिलाओ. अथवा पानी-वानी पिए कि नहीं. और अब वानी की जगह पर चाय आ गई है और पानी से पहले बोल-चाल में अपना स्थान बना ले गई है. पानी-वानी का मतलब होता था ठंढा पानी पीकर ठंडे मन से वानी का प्रयोग यानी मधुर वानी से स्वागत-सत्कार, हाल-चाल पूछना आदि. लेकिन चाय ने वानी को पानी से सिर्फ जुदा ही नहीं किया बल्कि वानी यानी जिह्वा को जलाया भी. वैज्ञानिक भाषा में इसे कहा जाता है कि चाय में उत्तेजना लाने वाला पदार्थ कैफीन होता है और चाय से लोगों में उत्तेजना आती है. भला बताइये उत्तेजना में कहीं मधुर-वानी निकल सकती है क्या? बात एक ही है कहने के तरीके अलग हैं. आप खुद सोचिए कि जली जीभ से जली बात नहीं निकलेगी तो क्या अमृत में सनी बात निकलेगी? यही कारण है कि मधुरी वानी ग्रंथों और संतों के प्रवचनों व नसीहतों तक ही सीमित होकर रह गई है. कई लड़के किसी लड़की को अपनी ओर हंसते देख, चाहे लड़की उसी पर हंस रही हो, चाय के लिए विनम्र निवेदन कर देते हैं. लड़की चाय के लिए तैयार हो जाय तो इसे अपना सौभाग्य समझते हैं और कापी-किताब खरीदने के लिए अथवा फीस के लिए जो पैसा होता है. उसे भी गवां बैठते हैं. और बाद में लड़की को भी. चाय का बहुत महात्म है. एक ओर जहां कितने ही लोग चाय पीकर और पिलाकर बर्बाद हो गए हैं. वहीं दूसरी ओर कई लोग ऐसे भी हैं जो चाय पीकर और पिलाकर बन गए हैं.



# आखर

आलेख

# हिंदी कथा-भाषा का परिवर्तित होता स्वरूप


डॉ. कमल कुमार बोस

हिंदी कथाभाषा में जो परिवर्तन दिखता है, वही परिवर्तन सामान्य जनों की भाषा में आया है- कथाभाषा और सामान्य बोलचाल की भाषा में अंतर मात्र कला का है. लेकिन अब तो अनगढ़ या गंवई और क्षेत्रीय भाषा का प्रयोग कथा-साहित्य में सामान्य बात हो गई है, जो शिवपूजन सहाय, नागार्जुन, कृष्णा सोबती आदि कथाकारों के कथा-साहित्य में देखा जा सकता है. लेकिन एक बात ध्यान देने की यह है कि गंवई और शहरी भाषा में भी परिवर्तन में आया है- भाषाई परिवर्तन का कारण है भूमण्डलीकरण और उसके प्रभाव से बदलता भारतीय समाज और उसकी बदलती संकृति. आर्थिक विषमता भी हिंदी भाषा के परिवर्तन का कारण बनी है. उच्च वर्ग और निम्न वर्ग के लोगों की भाषा में अंतर स्पष्ट देखा जा सकता है. संचार और सूचना तंत्र के विकास के कारण भी हिंदी भाषा में में परिवर्तन आया है- एक क्षेत्र की हिंदी की शैली दूसरे क्षेत्र में कभी गंभीरता के साथ तो कभी मजाक में बोली जाने लगी है. हिंदी व्यंग्यभाषा में विभिन्न भाषाओं के शब्दों को मिला कर नूतन शब्द सृजित किए जाते हैं, जो बाद में समाज में प्रयोग में लाए जाने लगते हैं. कथा-साहित्य के लेखन के दृष्टिकोण में अंतर आने से भी हिन्दी भाषा में अंतर आया है- कथा साहित्य के यथार्थवादी संरचना के लिए भी भाषा में अनेक विचलनों को देखा जा सकता है. कुछ कथाकारों ने व्यंग्य-भाषा, कुछ ने भदेस-भाषा या भ्रष्ट-भाषा, कुछ ने स्थानीय भाषा तो कुछ ने पात्र के अनुरूप भाषा का प्रयोग अपने कथा साहित्य में किया है. यानी मानक भाषा के साथ-साथ भदेस भाषा, गाली-गलौच, स्थानीय प्रचलित शब्दों, अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग (कभी सटीक तो कभी मजाकिया), जुमलों, और मुहावरों का प्रयोग हिंदी भाषा को नई पहचान दे रहा है.

उपर्युक्त उक्ति के आलोक में कुछ उदाहरणों को देखना आवश्यक है- भुवनेश्वर मिश्र की




'घराऊ घटना' का यह उद्बोधन देखें जिसमें दूसरे वक्ता पंडित जी की भाषा भोजपुरी है तो पहले वक्ता की भाषा खड़ी बोली हिंदी है- "दो ही महीने के अंदर तिलक-ब्याह सबसे फुर्सत हो गई. पंडित जी की एक ही बात मुझे याद है, उन्होंने कहा था, हमार लड़किनिया के त ई दसवें बरीस नू बा."1 कृष्णा सोबती के उपन्यास 'जिंदगीनामा' को हिंदी का उपन्यास कहें या पंजाबी भाषा का इस पर आलोचकों में मतभेद को छोड़ दिया जाए, तो कहा जा सकता है कि इस उपन्यास में खड़ी बोली के साथ-साथ पंजाबी भाषा और उसके शब्दों की 'ब्लेंडिंग' बहुत ही सुन्दर है- "लो, एक और आया झुण्ड!" "बग्ग है कि टोका?" "टोका है." "उ, बग्ग है." "वीर जी, ये कहां जा रही है उड़कर?"2 इस उद्धरण में अंतिम सम्वाद, "वीर जी, ये कहां जा रही है उड़कर?" मानक हिंदी में है और शेष संवाद पंजाबी के शब्दों से गूंथे हुए हैं. यानी हिंदी कथाभाषा अब स्थानीय और क्षेत्रीय भाषा की ओर झुक जाती है, जब कथानक किसी क्षेत्र विशेष से लिया गया हो और उसमें यथार्थ के तत्त्वों को में लेना आवश्यक हो. क्षेत्रीय उपन्यासों में तो यह हिंदी कथाभाषा क्षेत्रीय भाषा का का सौंदर्य युक्त सम्मिश्रण देखा जा सकता है.

श्रीलाल शुक्ल ने उपन्यास "राग दरबारी' में तीखी किन्तु रोचक हिंदी व्यंग्य-भाषा का प्रयोग किया है. वे बात ट्रक की करते हैं और उसकी चाल को देश की सरकार की चाल की तरह बता देते हैं- ऐसा व्यंग्य और कटाक्ष इस उपन्यास में भरपूर प्रयास हुआ है- "घरघरा कर ट्रक चला. शहर की टेढ़ी-मेढ़ी लपेट से फुर्सत पाकर कुछ दूर आगे साफ और वीरान सड़क आ गई. यहां ड्राइवर ने पहली बात टॉप गियर का प्रयोग किया, पर वह फिसल फिसल कर न्यूट्रल में गिरने लगा. हर सौ गज के बाद गियर फिसल जाता और एक्सीलेटर दबे होने से ट्रक की घरघराहट बढ़ जाती, रफ़्तार धीमी हो जाती. रंग नाथ ने कहा, "ड्राइवर साहब, तुम्हारा गियर तो बिलकुल अपने देश की हकूमत जैसा है. "3 रंगनाथ की उक्ति कबीरी व्यंग्य का एक सुन्दर उदहारण है, जिसमें नंगा सत्य है और सुन्दर-सटीक व्यंग्यात्मक तुलना, "ड्राइवर साहब, तुम्हारा गियर तो बिल्कुल अपने देश की हुकूमत जैसा है." भारत की सरकारें शपथ ग्रहण के बाद बड़ी तेजी से टॉप गियर में जाती हैं और जल्दी ही न्यूट्रल गियर में जाकर कुर्सी खाने-पचाने लगती हैं और अगले चुनाव के लिए फंड जुटाने में लग जाती हैं. ट्रक ड्राइवर भी शराब पीने के लिए फंड जुटाता है, रास्ते में पैसेंजर बैठा कर! रंगनाथ उस ट्रक में एक पैसेंजर है. ट्रक की ड्राइविंग सीट पर बैठा ड्राइवर सरकार के सुप्रीमो के समान है. ज्ञान चतुर्वेदी के उपन्यास 'हम न मरब' में ढाई सौ से अधिक गालियों का प्रयोग हुआ है, जिनमें सर्वाधिक प्रयोग 'भैं...' का हुआ है! इस उपन्यास में इस गाली का प्रयोग बब्बा के परिवार की तीन पीढ़ियों के सदस्य प्रयोग करते हैं, यहां तक के मरे हुए बब्बा के लिए लिए प्रयोग करने से वे नहीं चूकते. उनके गाली-प्रयोग की तीखी आलोचना हुई लेकिन यह उपन्यास बिका खूब आज विवाद पैदा करने वाला साहित्य बिकता है, विवादित फ़िल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट हो जाती हैं. एक उद्धरण इस उपन्यास से देखें- "बब्बा भड़क गए... हम तो इन्हें कभी मांठ न भेजते. पर जे भैं... हमें बिना बताए मांठ कढ गए. हुआ कि इधर हम तो खून ठुक्बे में लगे थे कि उधर जे चू... आपको उठा लाए. "4 एक ही संवाद में दो गालियां हैं और दोनों ही स्त्रियों का मान मर्दन करने वाली 'भैं...' और 'चू...' भाषा भदेस है. कितना भी साथी लेखक या साथी आलोचक इस प्रयोग को उचित बताने का प्रयास करें, लेकिन ऐसा प्रयोग स्त्री के सन्दर्भ में एक अपराध है- गवई भाषा में जिस बेशर्मी से इन गालियों का प्रयोग किया जाता है, उसका साहित्य में औचित्य प्रतीत नहीं होता है, क्योंकि साहित्य समाज हित के लिए होता है और उसमें समाज की भाषा में आती है, बोली भी आती है. दिलीप तेतरवे के उपन्यास 'एक कालखण्ड की यात्रा' का यह अंश द्रष्टव्य है जो चतुर्वेदी जी की भाषा-दृष्टि के विपरीत है- "साहब, उस सम्मेलन में गालघोटाका जी ने कहानी का पाठ शुरू किया... मेरे गाल लाल हो गए. उनके मुंह से एक स्वर में जो पंक्तियां प्रवाहित हो रही थीं, उन पंक्तियों में रसीली, नमकीन और कड़क गालियों का बड़ा ही उम्दा सम्मिश्रण था. लेकिन मंच के सामने अपने पापा की गोद में बैठे एक छह वर्ष के नादान बालक ने गालघोटाका जी की ओर इशारा करते हुए कहा, 'पापा, पापा, यह तो बड़ा ही गन्दा आदमी है.' साहब, अब उस बालक का इतना बड़ा दिमाग तो था नहीं कि वह गालियों में छिपे साहित्यिक को समझ परख पाता!"

**इस उद्धरण में छह वर्ष का बालक कबीरी सच बोल देता है और उस कहानीकार को गन्दा बोल देता है. गाली के ऐसे अव्यधि और बेतरतीब प्रयोग से साहित्यकारों को बचना चाहिए, लेकिन साहित्य को बिकाऊ बनाने के चक्कर में ऐसा परयोग किया जा रहा है. ऐसी हिंदी के कारण समाज को गलत सन्देश (गाली) को अच्छे संदेशों के साथ मिला कर दे दिया जाता है. फिर भी, यह सत्य है कि हिंदी भाषा देश काल के अनुसार बदल रही है और कथा साहित्य में भी हिंदी भाषा के अनेक रूप-स्वरूप देखे जा सकते हैं.**

**सन्दर्भ-**

1. भुवनेश्वर मिश्र, 'घराऊ घटना' नवल किशोर प्रेस, लखनऊ, चौथा संस्करण, 1908, पृष्ठ-6
2. कृष्ण सोबती, जिंदगीनामा, 2016, राजकमल प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली-2, पृष्ठ-17
3. श्रीलाल शुक्ल, ₹राग दरबारी, 2016, राजकमल प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली-2, पृष्ठ-6
4. ज्ञान चतुर्वेदी, हम न मरब, 2016, राजकमल प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली-2, पृष्ठ-18
5. दिलीप तेतरवे, एक कालखण्ड की यात्रा, 2014, यथार्थ प्रकाशन, नई दिल्ली6, पृष्ठ-16

समीक्षा

## आठ भागों में बंटी "काव्य पुष्पांजलि"


डॉ विनय भरत

"काव्य पुष्पांजलि" राजलक्ष्मी सहाय की तीसरी कृति है. इसके पहले "जयहिंद" कहानी संग्रह से लेखिका ने अपना एक बड़ा पाठकवर्ग तैयार कर लिया है. उनकी आठ भागों में बंटी "काव्य पुष्पांजलि" में कुल 62 कविताएं हैं. चाहे पहली कविता "प्रेमचन्द ले आओ फिर से" पढ़ें, या आखिरी सावन पर लिखी कविता "ऐसा होता..तो झूमता", सभी उतनी ही फ्रेश हैं. अक्सर अंत तक आते - आते कविताएं थक जाती हैं. यहां ऐसा नहीं है.

पहला भाग - साहित्य- को समर्पित है, जिसमें कवयित्री की प्रेमचन्द और कवि नीरज जैसे विभूतियों को ज़िंदा करने की चाह साफ दिखती है. मसलन, जब वो या तो ये लिखती हैं- "हृदय की स्याही में डूबी कलम/ कागज समाज/ शब्दों के अंगारे/ जगमग आज भी/ अमर अमिट/ सीधा सादा सा प्रेमचन्द" या फिर ये कि "जब जब देश काल पर उबली/ रंग लाल हुआ स्याही का/ कलम कांपती थी गुस्से में / अंगार उगलते जब नीरज".

खण्ड दो समाज- पर कलम चलाती है, चाहे वो कविता "नभ में अटका संविधान रंग बिरंगा" हो या युवाओं को झकझोरती कविता "तू फैशन में फटेहाल". फैशन बाज़ार की धज्जियां उड़ाते हुए लिखती हैं – " कुरती की बाहें नुची हुई/ भीतर से चमड़ी झांक रही/ क्या बचकर आई हो अबला / वसन फटा है जहां - तहां से ../ तुझे देखकर सचमुच लगता/ बलात्कार कर छोड़ गया".

कवियत्री अपने तीसरे खण्ड में राष्ट्र प्रेम में डूब जाती हैं - चाहे कविता "लहराता तिरंगा देख रहे सब/ दर्द शहीदों का किसने देखा" हो या "रांची एयरपोर्ट पर बापू की प्रतिमा", कवियत्री के मन में वेदना है. इतने संघर्षों के बाद मिली आज़ादी को बचाने की बेचैनी भी है, जतन भी है. लिखती हैं – "बचपन भारत का खिला रहे, यह तुझसे वादा है मेरा/ तेरे पग जैसे नाच रहे/ कदम ताल हम मचा रहे ..प्रण लेता हूं तेरे समक्ष/ हर जनम सिपाही बनकर ही / इस धरती पर मैं आऊंगा" ( है शपथ मुझे इन रंगों की). कवियत्री इतनी संवेदनशील और जीवंत है कि उनकी कविताओं की प्रेरणा उनकी पोती( स्वधा सहाय ) तक बन पड़ी हैं.

चौथे भाग में कवियत्री का राष्ट्रप्रेम, रामप्रेम में तब्दील होता है और चार कविताएं भगवान श्री राम को समर्पित हैं. लिखती हैं–" उसे टाट में रहने दो/ क्यों मन्दिर मन्दिर करते हो / कब महल रास आया उसको/ उसे टाट ही भाया है." खण्ड पांच शिव को समर्पित है. " कितना गरल पियेंगे शिव" की चिंता के साथ कवियत्री मां अम्बे को कलम समर्पित करते हुए भाग छः में "नौ दुर्गा के नौ संकल्प" के प्रति संकल्पित हैं–"कुछ संकल्प तुम्हारा हो मां/ कुछ संकल्प हमारा हो/ हाथ थाम आगे चलना/ तेरे पीछे हम आते हैं."




पुस्तक : काव्य पुष्पांजलि
लेखिका : राजलक्ष्मी सहाय
प्रकाशक : प्रखर गूंज पब्लिकेशन,दिल्ली
समीक्षक : डॉ विनय भरत
प्रथम संस्करण : 2023
मूल्य – 900 रुपए (हार्डकवर)

कवयित्री ने सातवां भाग कोरोना को समर्पित किया है. कर्म सिद्धान्त को आरोपित करती हुई कवियत्री अपनी कविता "हरियाली का शाप लगा" में लिखती हैं-"हरियाली का शाप लगा/ मानव अब भी न समझा! / तरु वृक्षों की कब्रों पर/ खड़े महल अगणित किए".

आठवां भाग - सावन- पर है, पर सावन में वासन्ती हवा साफ सुनाई पड़ रही है . "पट्टी हरी तिरंगे की/ बुनकर दी थी सावन ने/ शस्य श्यामला अपनी धरती / मानों सजी तिरंगे में" ( सावन की सौगात तिरंगा).

राजलक्ष्मी की कहानी संग्रह " जय हिंद" को पढ़ते वक्त ही उनके पाठकों को जब उनकी कहानियों में काव्यात्मक रवानी दिखी थी, एक अदद काव्यसंग्रह की मांग पाठकों के ओर से उठी थी. कवियत्री ने " काव्य पुष्पांजलि" के मार्फ़त अपना वायदा पूरा किया है. ज्यादातर कविताएं सब्जेक्टिव हैं. उम्मीद है पाठक इसे पढ़ते वक्त " ऑब्जेक्टिव" रहेंगे और कवयित्री को किसी स्कूल से बांधने की कोशिश नहीं करेंगे. हालांकि हाल के दिनों में "राम, राष्ट्र" जैसे शब्दों ने जिस तरीके से अपने मायनों के केंद्र को शिफ्ट किया है, कवियत्री की यह मांग वक्त के सांचे में एक बड़ी मांग कही जा सकती है. पर किताब के कवर पर जिस प्रकार एक मासूम के पांव को अपने पवित्र ममतामयी हथेली ने थाम रखा है, कवियत्री का हृदय उतना ही निश्छल है.

लघुकथा

### बदला


अनिता रश्मि

"क्या समय आ गया. अब तो झूमने में भी डर लगता है."
"क्यों भला?"
"किसी की नजरों में आ जाऊं और वह कुल्हाड़ी तेज कर ले"
अपने तट पर खड़े-अड़े आखिरी पेड़ के भय से नदी को भी भय लगने लगा.
"अरेऽ ! सही कहा. मुझ पर भी शिकारियों की निगाहें पड़ गई हैं. मैं भी तो मार दी जाऊंगी."
"नहीं ! तुम्हें कौन मारेगा? अब तो प्लास्टिक पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है न?"
भरे-पूरे काले बादलों को मचलते देखकर पेड़ ने कहा.
नदी को कुछ जवाब नहीं सूझा. बस, उसने सहमते हुए एक उंगली ढलान की ओर उठा दी. पेड़ धीरे से उस ओर घूमा. दूर पर ठीक नदी के बीचों-बीच माटी भरकर एक बिल्डिंग खड़ी थी, दूसरी खड़ी हो रही थी, तीसरे की नींव पड़ चुकी थी. बिल्डिंग की खिलखिलाहट दोनों तक पहुंच रही थी.
"तुम्हारे भीतर अभी भी जल का सैलाब है न?"
"हां, है."
पेड़ ललकारते हुए उसके लिए जोर-जोर से झूमने लगा,
"तो तुमको हनुमान जी की तरह अपनी शक्ति की याद दिलानी पड़ेगी?"
काले डरावने बादल भी सहयोग देने को तत्पर हो उठे. नदी के अंदर-बाहर हदहदायल पानी आ गया. उसने तेज गति से बिल्डिंग और नींव की खिलखिलाहट को गटकने के लिए दौड़ लगा दी.

### सही रास्ता


गीता चौबे गूंज

ब्रेक के साथ एक झटके से गाड़ी रुकी तो स्वयं में खोयी नेहा की तंद्रा टूटी. वह कैब ड्राइवर से पूछने ही वाली थी कि उसकी नजर ट्रैफिक की लालबत्ती पर पड़ी. वह बुदबुदा उठी,
"यही तीन बत्ती और चार रास्ता मेरे जीवन को खालीपन से भर गया था जब मैंने रोहन से लड़ कर गुस्से में अपना रास्ता बदल लिया था. बाद में अहसास हुआ कि रोहन की तो कोई गलती ही नहीं थी. गुस्से में लिए हुए मेरे एक गलत निर्णय ने मुझे इस भरी दुनिया में अकेला कर दिया. आज मैं उसी तीन बत्ती चार रास्ता पर खड़ी हूं. अभी भी देर नहीं हुई है अपनी गलती सुधारने के लिए..."
बत्ती हरी होते ही एक दृढ़ निश्चय के साथ नेहा ने ड्राइवर को लेफ्ट टर्न लेने का निर्देश दिया जो रोहन के घर की तरफ जाता था.

व्यंग्य >> बर्बरीक

## कण-कण में है ईश्वर

जब से हिरण्यकश्यप के वध के लिए खंभा फाड़कर निकल आए थे ईश्वर तो सबको विश्वास हो गया कि कण कण में ईश्वर हैं. लोग इस डराने वाले ईश्वर से डर गए. आम भोली भाली जनता विश्वास भी करने लगी और गलत काम करने से पहले दाएं बाएं ऊपर नीचे एक बार देखने ज़रूर लगी कि कहीं ईश्वर देख तो नहीं रहा है. लेकिन अगले ही पल आश्वस्त भी हो जाती कि नहीं देख रहा है. न तो हर जगह खंभा मौजूद था और न ईश्वर के पास इतना समय था कि हर आदमी पर सीसीटीवी की तरह नज़र रखता. राज करने वाले लोग तक नहीं रख पाते. जिन पर टार्गेट सेट होता है उसी पर ईडी का कैमरा लगवा दिया जाता है. मज़े में गलत सही काम किया जाता रहा. कण कण में रहने वाले ईश्वर का भय कम होता गया. दरअसल ईश्वर घर के उस बुजुर्ग की तरह हो गया जो हर काम में अनावश्यक टोकाटाकी करते करते अपना महत्व खो देता है. तो लोग ढूंढने में लग गए कि आखिर है कहां वह? कोई ऊंचे पहाड़ों पर खोजता तो कोई गुफाओं में, कोई किसिम किसिम की किताबों में खोजता, तो कहीं और. लोग तो समंदर की गहराई में भी खोज आए और अंतरिक्ष में भी. लेकिन वहां होता तब तो मिलता. फिर मेरा ईश्वर तेरा ईश्वर का झंझट शुरू हो गया. ईश्वर हर बार फिसल जाता. ज्ञानियों ने कितना कहा कि भैया, ईश्वर कहीं और नहीं तुम्हारे मस्तिष्क में बैठा है लेकिन अंदर देखता कौन है. हाल हाल में यह सत्य उद्घाटित हुआ कि ईश्वर सड़क को जाम कर ईश्वर का जुलूस निकालने या इबादत करने में है. जो जितना ईश्वर का भक्त है वह उतनी देर तक या खतरनाक तरीके से जाम कर सकता है. बच्चों की स्कूल बसें, मरीजों को ले जाती एंबुलेंस या ट्रेन फ्लाइट पकड़ने वाले लोग रोते चिल्लाते रहें -ईश्वर के लिए जाने दो. भक्त गण हंसकर कहते - ईश्वर के लिए ही तो यह सब कर रहे हैं. आराधना करते रहो. अगली बार ईश्वर दिखाई नहीं सुनाई दिया डीजे की चिंघाड़ में. किसी भी तरह की पूजा हो, मूर्ति से भी पहले डीजे की व्यवस्था की जाने लगी.

रहिमन डीजे राखिये बिन डीजे सब सून
डीजे जबतक ना बजे घट जाए सब पुन्न (पुण्य)

मोहल्ला टोला, स्कूल, अस्पताल सबकी आत्माएं थर थर कांपती हुई डीजे की चिंघाड़ के माध्यम से ईश्वर का पल पल साक्षात्कार करती रहती हैं. अगला दर्शन नशे में किए जा रहे उद्दाम नृत्य में होता है. यह नृत्य किसी भी संगीत पर हो सकता है- लिपिस्टिक डिस्टिक से लेकर लाठी तलवार गदका भांजने वाले नृत्य के रूप में. इसके लिए ज़रूरी होता है ईश्वरीय पेय पदार्थों का सेवन. तभी तो कवि चैलेंज करता है कि

जाहिद शराब पीने दे मस्जिद में बैठकर
या वो जगह बता जहां पर खुदा न हो

तो अब आप भी समझ गए होंगे कि ईश्वर की सत्ता सड़क जाम, डीजे और नशीले नृत्य में मौजूद है. इन सबसे डरकर रहिए.



कविता/ग़ज़ल


प्रकाश देवकुलिश

### स्त्री

सागर बन
स्वयं अपनी गहराई में पैठी है स्त्री
लिए अथाह प्यार, वरदान
कि इसका स्वयं उसे नहीं पता
जैसे विशेषण को संज्ञा का नहीं पता
जैसे नहीं पता भाववाचक को व्यक्तिवाचक का
बोल कुछ देगी, होगी कुछ स्त्री
ठहरो थोड़ा
तो उन्हीं शब्दों में मिल जायेगी
प्रेम से भरी स्त्री
शब्दों का समूह बौना हो जाएगा
स्त्री के दो एक शब्द के सामने
जैसे प्रथम रश्मि के फूटते ही
दीपक हो जाता है बौना
खुलने दो उन शब्दों को
जैसे चूजों के पंख खुलते हैं घोसलों में
थोड़ा वक्त लेकर
ध्वनित होने दो स्त्री का मौन
भर जाओगे प्रणव से
धैर्य अपने अर्थ खोल देगा
जब उसे लगाओगे
स्त्री को हृदयंगम करने के इंतज़ार में
स्वर्गिक शब्द का अर्थ है सिर्फ स्त्री के पास
प्यार के हर शब्द से ऊंची है स्त्री.


दिनेश प्रसाद सिंह दिनेश

### आया वसंत

आया वसंत, हुआ मौसम सुहाना
झूम-झूम गा कोयल, मत कर बहाना
चूम गई पुरवाई, अरहर की डाली
झूम गई खेतों में गेहूं की बाली
सूखी टहनियों पर पत्तों का आना
आया वसंत हुआ मौसम सुहाना.
कलियां सब बौराई, भौरें मुस्काए
बागों में चुपके से फूल निखर आए
हुआ बाग-बाग बागवां का तराना
आया वसंत हुआ मौसम सुहाना.
बगिया में महक गई वासंती साड़ी
मंद-मदिर गंध से भींग गई झाड़ी
टीस गया विरहिन को कोयल का गाना
आया वसंत, हुआ मौसम सुहाना.


प्रवीण परिमल

### सुनना बड़े ही ग़ौर से उसकी कराह

रंगीन तितलियों के सदा पर दबोचना
गिरगिट ने सीखा किससे उन्हें धर दबोचना
तालीम क्या मिली है यही वालिदैन से?
चिड़ियों को तन्हा बाग़ में पाकर दबोचना
सुनना बड़े ही ग़ौर से उसकी कराह तुम
हिरनी को जब कभी भी ऐ अजगर! दबोचना
आता है याद गांव किनारे का वो शिकार
छुपकर बहेलियों का वो तीतर दबोचना
नेताओं की नज़र में है हर वोट इस तरह
बिल्ली का ज्यूं झपट के कबूतर दबोचना
जब थानेदार करता है रिश्वत का कारोबार
फिर मुज़रिमों को चाहेगा क्योंकर दबोचना
'परिमल' वो कहने लगते हैं अब मुझको देखकर
पड़ता है कर्ज़दारों को अक्सर दबोचना.


डॉ राजश्री जयंती


### स्त्री मन को समझ लेना

न होती वो क्या होता संसार
बस यह जान लेना
किसी विशेषण से
विभूषित न करना
अपने बच्चों के मन में
स्त्री के लिए सम्मान
जगा देना
कभी महिमामंडित
न करना
भाव दिल में उसके भी है
यंत्र न समझ लेना
किसी अलंकरण की
अलंकृत न करना
वह भी चाहती है
ख़ुल कर सांस लेना
बस इतना समझ लेना
साधारण सी औरत है


निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव

### कलियुग में द्वापर

देख रहा हूं
काल-चक्र को
उल्टी दिशा में घूमते हुए
इक्कीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध में
धरती पर
द्वापर का अवतरण
अवतरित हुए हैं कृष्ण
ऋतुराज वसंत के रूप में-
अपने कथन
'ऋतुनां अहं कुसुमाकरः'
को चरितार्थ करते हुए!
फूली हुई सरसों के खेत
फैले हैं अदिगन्त
धरती पर
लहरा रहा सागर
चटक पीली रोशनी का
इसमें खड़ा हूं
महसूसता हूं
आत्मा का विस्तार
प्रकाश किरणों में भींगते हुए
मन में भर रहा
नवीन उल्लास
नवीन स्फुरण!
लगता है मेरी काया में
प्रविष्ट कर गयी है
जयदेव की आत्मा
और वह रच रही है नया गीत
गोविंद
वसंत और फाल्गुनी के अमर
प्रेम का!


नरेश अग्रवाल

### विकट थी समस्या

डाकुओं ने उसे
कुछ दिन नहीं
वर्षों तक अपने साथ रखा
फिर भी डाकू न बना सके
विष न भर सके दिमाग में
गाली देना नहीं आया उसे
न दुत्कारना, न ठोकर मारना
वह अभी भी प्यार से
जी हुजूर कहता है
जिससे छीनना है
उसे दूर भगा देता
गोली की आवाज से डर जाता
हार कर उसे बेच दिया
एक बड़े साहूकार को
यहां अचानक उसका रंग बदला
दासता का भार सह न सका
डाकुओं के साथ गुजारे
दिन याद आने लगे
चमत्कार हुआ उसकी देह में
सोचने का रसायन बदला
सारे गहने लूट कर सेठ के
जा मिला डाकुओं से
चकित थे गैंग के आदमी
अब वह पहले जैसा नहीं रहा
उसके सामने के दांतों से
विष टपक रहा
आंखें भी खूंखार
मुंह से गालियां
हाथ में सेठ की लाइसेंसी पिस्तौल
विकट थी समस्या
सरदार के सामने
उसे मित्र माने या पुराना दास

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

**क्लीन स्विप :** ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स कैरी ने दूसरी पारी में नॉटआउट 98 रन टीम बनाकर टीम के लिए जीत की राह आसान कर दी

# रोमांचक मुकाबले में कंगारुओं ने कीवी की टीम को हराकर 2-0 से जीती टेस्ट सीरीज

**एजेंसी ।क्राइस्टचर्च**

रोमांचक मुकाबले में आखिर में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज जीत ली. ऑस्ट्रेलिया ने क्राइस्टचर्च में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच तीन विकेट से जीत दर्ज की. रोमांचक टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स कैरी ने दूसरी पारी में नॉटआउट 98 रन बनाए. इसमें न्यूजीलैंड पहली पारी में महज 162 रनों पर ऑलआउट हो गया था. जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 256 रन बनाए. न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 372 रन बनाए. वहीं ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 281 रन बनाकर मैच के साथ-साथ सीरीज भी अपने नाम कर ली. इस मैच के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवॉर्ड एलेक्स केरी को मिला, जबकि मौट हेनरी को सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया. यह सीरीज ऑस्टेलियाई खिलाड़ी एलेक्स कैरी के लिए भी खास रहा. विकेटकीपर बैटर के तौर पर चौथी पारी में टीम को जीत दिलाते हुए कैरी ने दूसरा सबसे बड़ा स्कोर अपने नाम कर लिया. उन्होंने इस मामले में भारतीय खिलाड़ी ऋषभ पंत को पीछे छोड़ दिया.

ऋषभ ने ऐतिहासिक गाबा टेस्ट मैच में नॉटआउट 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाई थी. इस लिस्ट में अभी भी टॉप पर ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट हैं. गिलक्रिस्ट ने 1999 में इसी मैदान पर नॉटआउट 149 रनों की पारी खेली थी. वहीं इस लिस्ट में चौथे नंबर पर श्रीलंका के निरोशन डिकवेला हैं. उन्होंने 2017 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 81 रनों की पारी खेली थी. पांचवें नंबर पर इंग्लैंड के जोस बटलर हैं.



- न्यूजीलैंड पहली पारी में 162 रनों पर ऑलआउट हुई
- ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 256 रन बनाए थे
- न्यूजीलैंड की टीम ने दूसरी पारी में 372 रन बनाए

### कैरी ने किया बेहतर प्रदर्शन

बटलर ने 2020 में पाकिस्तान के खिलाफ 75 रनों की पारी खेली थी. इसके अलावा एक और मामले में एलेक्स कैरी ने बड़ा रिकॉर्ड बनाया. एक टेस्ट मैच में 10 या इससे ज्यादा कैच लेने के साथ-साथ 100 प्लस रन बनाने वाले कैरी महज दूसरे खिलाड़ी हैं. उनसे पहले यह कारनामा एबी डिविलियर्स ने किया था. एबीडी ने 2013 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच में यह किया था. इस जीत के साथ ही कंगारुओं को बड़ा फायदा हुआ. ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज पर 2-0 से कब्जा करते हुए आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के पॉइंट्स टेबल में दूसरा पायदान हासिल कर लिया है. भारत अभी भी टॉप पर है, जबकि न्यूजीलैंड तीसरे पायदान पर है.

## ब्रीफ खबरें

### इंडियन वेल्स टेनिस के अंतिम 16 में पहुंची इगा



**इंडियन वेल्स ।** पोलैंड की इगा स्वियातेक ने आस्ट्रेलियाई ओपन में मिली हार का बदला चुकता करते हुए लिंडा नोस्कोवा को 6-4, 6-0 से हराकर बीएनपी परीबस इंडियन वेल्स टेनिस ओपन के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया. दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकाराज और तीसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर भी अगले दौर में पहुंच गए. लेकिन पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव को 32वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका ने 6-4, 6-4 से हराया.

### आरामको सीरिज के शीर्ष 10 में गोल्फर दीक्षा

**टैंपा (अमेरिका) ।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर आरामको टीम सीरिज के तीसरे और आखिरी दिन एक अंडर 71 के स्कोर के साथ लगातार दूसरी बार शीर्ष 10 में जगह बनाने में कामयाब रही. पहले दो दौर में 69 और 70 स्कोर करने वाली दीक्षा ने कुछ छह अंडर 210 स्कोर किया था और संयुक्त छठे स्थान पर रही. लेडीज यूरोपीय टूर पर पहला सत्र खेल रही भारत की प्रणवी उर्स ने संयुक्त 17वां स्थान हासिल किया. प्रणवी अब एलईटी आर्डर आफ मेरिट में 14वें और दीक्षा 17वें स्थान पर है. जर्मनी की अलेक्जेंड्रा फोस्टरलिंग ने खिताब जीता.

### मीराबाई ओलंपिक से पहले पेरिस में करेंगी अभ्यास

**नयी दिल्ली ।** पूर्व विश्व चैंपियन भारोत्तोलक मीराबाई चानू के ओलंपिक खेलों से पहले पेरिस में अभ्यास करने के प्रस्ताव को भारत सरकार ने सोमवार को मंजूरी दे दी. केन्द्रीय खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल के अनुसार तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता पेरिस के ला फेर्टे-मिलन में एक महीने तक अभ्यास करेंगी. इस 29 साल की भारोत्तोलक के साथ दो कोच और एक फिजियोथेरेपिस्ट भी होंगे. सरकार 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम के तहत 49 किग्रा भार वर्ग में चुनौती पेश करने वाली मीराबाई और उनके सहयोगियों के हवाई टिकट, वीजा शुल्क, आवास, भोजन, प्रशिक्षण और चिकित्सा बीमा सहित अन्य खर्चों का वहन करेगी.

भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपे के ली झे-ह्यूई और यांग पो-हुआन की जोड़ी को हराया

# सात्विक और चिराग बने चैंपियन

**भाषा ।पेरिस**

**फ्रेंच ओपन बैडमिंटन**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने रविवार को फ्रेंच ओपन में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीनी ताइपे के ली झे-ह्यूई और यांग पो-हुआन की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ दूसरी बार फ्रेंच ओपन बैडमिंटन पुरुष युगल का खिताब जीत लिया. दुनिया की नंबर एक भारतीय जोड़ी ने इससे पहले 2022 में इस खिताब को जीता था. यह जोड़ी 2019 में फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही थी. एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग ने ली और यांग को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-11, 21-17 से हराकर सीजन का पहला खिताब जीता.

भारतीय जोड़ी इस साल मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 में दूसरे स्थान पर रही थी जबकि पिछले साल चाइना मास्टर्स सुपर 750 में भी उपविजेता रही थी. यह जीत सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के लिए इस साल का पहला खिताब है. इससे पहले, वे मलेशिया मास्टर्स और इंडिया ओपन में दूसरे स्थान पर रहे थे. यह उनका दूसरा बीडब्ल्यूएफ फ्रेंच ओपन 750 खिताब भी है. पेरिस में हुए फाइनल में, सात्विकसाईराज और चिराग ने शुरू से ही अपना दबदबा दिखाया. उन्होंने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के रूप में अपनी स्थिति को साबित किया. लेकिन दोनों ने 4-3 की बढ़त हासिल करने के बाद जल्दी ही नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया.



भारतीय जोड़ी इस साल लगातार तीसरे टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने में सफल रही

उनके शक्तिशाली स्मैश और असाधारण रक्षात्मक कौशल का ली और यांग सामना नहीं कर पा रहे थे. सात्विकसाईराज के जोरदार स्मैश और चिराग की रक्षा को हमले में बदलने की क्षमता पूरी तरह से प्रदर्शित हुई क्योंकि उन्होंने आराम से पहला गेम 21-11 से जीत लिया. दूसरे गेम में ली और यांग ने एक लचीला प्रदर्शन दिखाया, जिन्होंने जर्मन ओपन में अपनी जीत के बाद एक विजयी लकीर के साथ फाइनल में प्रवेश किया और कई शीर्ष रैंक वाले जोड़ों को हराया. उन्होंने शुरुआत से ही अपना दृढ़ संकल्प दिखाया, सात्विकसाईराज और चिराग के साथ तालमेल बनाए रखा और ब्रेक के समय 11-9 की बढ़त भी बना ली. हालांकि, सात्विकसाईराज और चिराग ने अपने खेल के स्तर को ऊपर उठाते हुए 16-14 की बढ़त बना ली. ली और यांग के मैच में बने रहने के प्रयासों के बावजूद, सात्विकसाईराज और चिराग का दबदबा अपराजेय साबित हुआ. चिराग के शक्तिशाली स्मैश ने भारतीय जोड़ी के लिए खिताब को सुरक्षित कर दिया. इससे पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व में नंबर एक भारतीय जोड़ी ने साउथ कोरिया के सियो सेउंग जे और कांग मिन ह्युक को 21-13, 21-16 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी. भारतीय जोड़ी ने इस साल लगातार तीसरे टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने में सफल रही. फ्रेंच ओपन में भी यह जोड़ी तीसरी बार फाइनल में पहुंची थी.

**2022** में भारतीय जोड़ी ने इस खिताब को जीता था | **2019** में यह जोड़ी फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही थी | **37** मिनट तक चला फ्रेंच ओपन का फाइनल मुकाबला | दोनों का इस साल का यह पहला खिताब है

# पुरुष राष्ट्रीय शिविर के लिए संभावित खिलाड़ियों का ऐलान

भुवनेश्वर में 12 से 30 मार्च तक लगेगा शिविर

**भाषा ।नयी दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में 12 से 30 मार्च तक होने वाले सीनियर पुरूष राष्ट्रीय शिविर के लिये 28 संभावित खिलाड़ियों का ऐलान किया है. पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारियों को पुख्ता करने के लिये यह शिविर काफी महत्वपूर्ण है. एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में सफलता के बाद टीम शिविर में लौटी है. लीग में भारत आठ मैचों में 15 अंक लेकर इस समय तीसरे स्थान पर है. लीग 22 मई को बेल्जियम के एंटवर्प में बहाल होगी . इसके बाद एक जून से लंदन और फिर आखिरी चरण नीदरलैंड में खेला जायेगा. संभावित खिलाड़ियों में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश और सूरज करकेरा, डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और आमिर अली शामिल हैं.

वहीं मिडफील्डर में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, आरएस मोइरांगथम, शमशेर सिंह, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल और विष्णुकांत सिंह होंगे. वहीं फॉरवर्ड खिलाड़ियों में आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, बॉबी सिंह धामी और अराइजीत सिंह हुंडल को चुना गया है. मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि हम आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करना चाहते हैं. इस शिविर में चुने गए खिलाड़ियों को आगामी अहम मैचों में मौका मिलेगा. हमने अनुभवी और युवा खिलाड़ियों को चुना है.

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के 28 सदस्यीय कोर ग्रुप में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश व सूरज करकेरा हैं. साथ ही डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और आमिर अली हैं. इसमें मिडफील्डर मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, आर एस मोइरांगथम, शमशेर सिंह, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल और विष्णुकांत सिंह भी हैं. इसके अलावा फॉरवर्ड आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय शामिल हैं.



### खिलाड़ी तैयार

- मिडफील्डर में मनप्रीत सिंह, और हार्दिक सिंह हैं शामिल
- गोलकीपर कृष्ण पाठक और पीआर श्रीजेश भी शामिल

# अमेरिका ने जीता महिला गोल्ड कप

होरान ने पहले हाफ में गोल दागकर 1-0 की बढ़त ले ली थी

**भाषा ।सेन डिएगो**

लिंडसे होरान के पहले हाफ के इंजरी टाइम में हेडर से दागे गोल की बदौलत अमेरिका ने ब्राजील को 1-0 से हराकर कोनकाकैफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया. टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में मैक्सिको के खिलाफ शिकस्त झेलने वाले अमेरिका ने रविवार को हुए करीबी फाइनल में जीत दर्ज की. अमेरिका की टीम चौथी बार किसी टूर्नामेंट के फाइनल में ब्राजील से खेल रही थी. अमेरिकी टीम ने पिछले तीन खिताबी मुकाबले भी जीते थे जिसमें 2004 और 2008 ओलंपिक भी शामिल है. इस मुकाबले के लिए सेन डिएगो के स्नैपड्रैगन स्टेडियम में 31 हजार 528 दर्शक मौजूद थे, जो किसी कोनकाकैफ महिला फुटबॉल मैच में दर्शकों की रिकॉर्ड संख्या है. होरान ने पहले हाफ के इंजरी टाइम के अंतिम लम्हों में एमिली फॉक्स के पास पर हेडर से गोल किया. यह होरान का टूर्नामेंट में तीसरा गोल है. लिन विलियम्स 79वें मिनट में अमेरिका की बढ़त को दोगुना करने के करीब पहुंची लेकिन ऑफ साइड हो गईं. ब्राजील और अमेरिका दोनों ने फ्रांस में होने वाले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है.



### हारा ब्राजील

- अमेरिकी टीम ने पिछले तीन मुकाबले भी जीते थे
- इसमें 2004 और 2008 ओलंपिक भी शामिल है

### निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल को पैरा विश्व कप में रजत पदक

**नयी दिल्ली ।** भारत के रुद्रांश खंडेलवाल और निहाल सिंह ने सोमवार को यहां पैरा निशानेबाजी विश्व कप के तीसरे दिन मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) स्पर्धा में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता. रुद्रांश, निहाल और तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सिंहराज की तिकड़ी ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) टीम स्पर्धा का रजत पदक भी जीता. चीन ने स्वर्ण पदक हासिल किया. पिछले साल पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल करने वाले निशानेबाज रुद्रांश ने फाइनल में 223.2 अंक जुटाए थे. इटली के डेविड फ्रांसेचेटी ने 230.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता. निहाल ने 202.8 अंक के साथ कांस्य जीता. इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में रुद्रांश ने 530 और निहाल ने 527 अंक जुटाकर क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहते हुए आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई.

**ताजमहल का दीदार**

# मां उषा रानी के साथ साइना नेहवाल



**आगरा ।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल सोमवार को अपनी मां उषा रानी के साथ ताजमहल का दीदार करने पहुंची. इस दौरान साइना को देख पर्यटकों ने घेर लिया. उनके साथ फोटो व सेल्फी लेने की होड़ मच गई. उन्होंने ताजमहल की वास्तुकला और पच्चीकारी देखी. साइना की मां उषा ने कहा कि मुगल शहंशाहों में शाहजहां सबसे अच्छा था. उसने अपनी बेगम की याद में इतना सुंदर स्मारक बनवाया. साइना ने बताया कि वे 10 साल पहले अपने पिता हरवीर सिंह नेहवाल के साथ ताजमहल देखने आई थीं. इस बार मां के साथ आईं हैं.

**गेंदबाज** पिछले महीने हुई टखने की सर्जरी के कारण शमी इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला से बाहर थे

# बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में खेल सकते हैं शमी: जय शाह

**भाषा ।धर्मशाला**

टखने की सर्जरी से उबर रहे भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस साल सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के के दौरान वापसी कर सकते हैं. यह जानकारी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने दी. शमी इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से बाहर रहे थे. पिछले महीने हुई टखने की सर्जरी के कारण वह बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 22 मार्च से शुरू हो रहे आगामी सत्र से भी बाहर रहेंगे.

जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप में भी उनकी भागीदारी की संभावना नहीं है. शमी ने भारत के लिए अपना पिछला मैच एकदिवसीय विश्व कप में खेला था. भारत सितंबर में दो टेस्ट और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा.

शाह ने कहा कि शमी की सर्जरी हो गई है. वह भारत वापस आ गए हैं. बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए शमी की वापसी की संभावना है. लोकेश राहुल को इंजेक्शन की जरूरत थी, उन्होंने रिहैब (चोट से उबरने की प्रक्रिया) शुरू कर दिया है और एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में हैं. राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियां) में दर्द की शिकायत के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के आखिरी चार मैच नहीं खेल पाए थे. लंदन में इलाज कराने के बाद उनके आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने की उम्मीद है. बीसीसीआई सचिव ने ऋषभ पंत की चोट से उबरने और खेल में वापसी पर भी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि पंत आईपीएल में वापसी के लिए तैयार है. पंत दिसंबर 2022 में एक भीषण कार दुर्घटना के बाद से खेल से दूर हैं.



### उम्मीद कायम

- शमी ने पिछला मैच वनडे विश्व कप में खेला था
- भारत सितंबर में दो टेस्ट और तीन टी-20 मैच खेलेगा

### बीसीसीआई सोसाइटी है और कोई भी इसमें निवेश नहीं कर सकता है

शाह ने कहा कि वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है. वह अच्छी कीपिंग कर रहा है. हम जल्द ही उसे फिट घोषित कर देंगे. अगर वह टी20 विश्व कप खेल सका तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी. वह हमारे लिए एक अहम खिलाड़ी है. शाह ने कहा कि अगर वह कीपिंग कर सका तो वह विश्व कप खेल सकता है. देखते हैं कि वह आईपीएल में कैसा प्रदर्शन करता है. इंडियन प्रीमियर लीग में विदेशी निवेश के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है क्योंकि बीसीसीआई कंपनी नहीं सोसाइटी है. उन्होंने कहा कि बीसीसीआई सोसाइटी है और कोई इस में निवेश नहीं कर सकता है. पिछले साल खबर आई थी कि सऊदी अरब की नजर आईपीएल में अरबों डॉलर के निवेश पर है. भारत में पंजीकृत सोसायटी केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी के बिना विदेशी निवेश स्वीकार नहीं कर सकती है.

# मुक्केबाज निशांत देव हैं पेरिस ओलंपिक कोटे से एक जीत दूर

**बस्तो अर्सिजियो (इटली) ।**

विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता मुक्केबाज निशांत देव पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने से एक जीत दूर हैं. उन्होंने यूनान के क्रिस्टोस काराइटिस को हराकर विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है. पिछले साल विश्व चैम्पियनशप में फीदरवेट का कांस्य पदक जीतने वाले 23 वर्ष के निशांत ने सर्वसम्मति से 5-0 से जीत दर्ज की. इस क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में पुरूषों के 71 किलो वर्ग के चार कोटे दिये जाने हैं.

निशांत को क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज करने की जरूरत है ताकि वे भारत के लिये पुरूष मुक्केबाजी में पांचवां कोटा हासिल कर सकें. उनका सामना अमेरिका के विश्व चैम्पियनशिप 2021 रजत पदक विजेता ओमारी जोंस से होगा. भारत के नौ सदस्यीय दल में सिर्फ निशांत ओलंपिक कोटे की दौड़ में बचे हैं. विश्व चैम्पियनशिप 2023 कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किलो) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो) पहले दौर में हार गए. भारत के लिये निकहत जरीन (50 किलो), प्रीति पवार (54 किलो), परवीन हुड्डा (57 किलो) और लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं. बाकी भारतीय मुक्केबाजों के लिये आखिरी मौका बैंकाक में 23 मई से तीन जून तक होने वाला दूसरा ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर होगा.

## ब्रीफ खबरें

### विधायक की गाड़ी को ट्रक ने मारी टक्कर

**समस्तीपुर ।** समस्तीपुर में एनएच 28 पर मुसरीघरारी चौक के पास ट्रक और जदयू विधायक की स्कार्पियो में सीधी टक्कर हो गई. इसमें विधायक अमन हजारी के साथ ही चालक रोशन कुमार, उनके दो सुरक्षागार्ड पिंकी कुमार, मुकेश कुमार और उनका निजी सचिव गंभीर रूप से घायल हो गए. इन्हें स्थानीय लोंगों के सहयोग से रात में मुसरीघरारी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. यहां से गंभीर हालत में उन्हें पटना रेफर कर दिया गया. स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है.

### चूड़ी कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर में चूड़ी-लहठी के एक कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई. घटना जिले के गरहा थाना क्षेत्र का है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई. मृतक की पहचान बोचहा मदारीपुर कर्ण निवासी 43 वर्षीय मो. नसीर के रूप में की गई है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज में भेज दिया. घटना की जानकारी परिजनों को मिलते ही सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है.

### जमीन कारोबारी को गोली मारी, घायल

**सीवान ।** सीवान में जमीन कारोबारी को अपराधियों ने गोली मार दी. उनकी हालत गंभीर है. इधर, घायल जमीन कारोबारी को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया गया है. बताया जा रहा है कि कंधवारा रोड में डीएवी सेंचुरी पब्लिक स्कूल के समीप, तौकीर मियां अपने बच्चों को मोटरसाइकिल से लाने जा रहे थे. इसी दौरान रेलवे क्रॉसिंग के पास पहले से घात लगाए चार अपराधियों ने तौकीर पर फायरिंग कर दी. मौके पर तौकरी को तीन गोली लगी. घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

# राबड़ी सहित चार ने एमएलसी चुनाव के लिए किया नामांकन

**महागठबंधन की ओर से राबड़ी देवी, अब्दुल बारी सिद्दीकी, उर्मिला ठाकुर, सैयद फैसल अली और माले की शशि यादव ने पर्चा भरा**



संवाददाता । पटना

बिहार विधान परिषद के लिए महागठबंधन के सभी पांच उम्मीदवारों ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया. महागठबंधन की ओर से राबड़ी देवी, अब्दुल बारी सिद्दीकी, उर्मिला ठाकुर, सैयद फैसल अली और माले की शशि यादव ने पर्चा भरा. इस दौरान आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव और तेजस्वी यादव भी रहें. राबड़ी देवी के नामांकन भरने के बाद लालू ने विक्ट्री साइन दिखाया. वहीं, इस दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन के पांच उम्मीदवारों ने एमएलसी चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है, जिसमें से तीन महिलाएं हैं. हम लोग महिला सशक्तिकरण की बात हीं नहीं करते हैं, करके भी दिखाते हैं. महागठबंधन के एमएलसी सदन में बिहार की आवाज को बुलंद करेंगे. जनता के हित के मुद्दों को उठाएंगे. बिहार के विकास के लिए काम करेंगे.

वहीं, बीजेपी सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने कहा है की पार्टी अगर दो तिहाई सीटों के साथ सत्ता में आती है तो संविधान में बड़े बदलाव करेगी. इसपर तेजस्वी ने कहा कि जो भी संवैधानिक संरचना है उसे बर्बाद किया जा रहा है. जो भी संवैधानिक संस्थाएं हैं, उसको भाजपा द्वारा हाइजैक किया जा रहा है. जब मीडिया ने पूछा कि चिराग राजग गठबंधन से नाराज चल रहे हैं. वे अगर महागठबंधन के साथ आना चाहें ते क्या स्वागत करेंगे? उन्होंने कहा कि राजद के लिए सभी के दरवाजे खुले हुए हैं. समय बताएगा कि लोकसभा चुनाव में कौन किस पर भारी पड़ेगा. बता दें कि विधान परिषद के विस कोटे की 11 सीटों के लिए चुनाव को लेकर नामांकन दाखिल करने का सोमवार को आखिरी दिन था. वहीं 21 को चुनाव होना है. विधायकों की संख्या के लिहाज से एनडीए से 6, महागठबंधन से पांच प्रत्याशियों का निर्विरोध चुना जाना तय है. 11 सीटें विधान परिषद की 5 मई को खाली हो रही हैं.

### शहाबुद्दीन की पत्नी ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का किया ऐलान

**सीवान ।** चुनाव आयोग किसी भी वक्त आगामी लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है. इससे पहले विभिन्न पार्टियों के नेता अलग-अलग सीटों से चुनाव लड़ने के दावे कर रहे हैं. इसी बीच पूर्व सांसद मो. शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब ने भी चुनाव लड़ने को लेकर दावे किये हैं. शहाब ने एक कार्यक्रम के दौरान ऐलान किया है कि वो या फिर उनका बेटा ओसामा सीवान से निर्दलीय लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे. निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा से राजद को बड़ा झटका लगा है.

### बच्चों में हुआ झगड़ा, पड़ोसियों ने एक को पीट-पीटकर मार डाला

**जहानाबाद ।** बच्चों के बीच हुए विवाद में बात ऐसी बढ़ गई कि पड़ोसियों ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी. पिटाई से घायल हुए शख्स ने इलाज के दौरान जहानाबाद सदर अस्पताल में सोमवार को दम तोड़ दिया. मौत के बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और सड़क पर शव को रखकर एनएच-83 को जाम कर दिया. दरअसल, यह पूरी घटना शहर के अंबेडकर नगर की है. बीते रविवार को छोटी-मोटी किसी बात को लेकर दो बच्चों में विवाद हुआ था. पीड़ित परिवार के परिजन अखिलेश दास ने बताया कि बुट्टा दास और उसके परिजनों ने घर में घुस कर मंटू दास की बेरहमी से पिटाई कर दी थी. घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां शनिवार को मौत हो गई.

**खानपुर थाना क्षेत्र के रेबड़ा चौक के पास हुआ हादसा**

# बस दुर्घटनाग्रस्त, 3 मरे, 10 घायल

संवाददाता । समस्तीपुर




खानपुर थाना क्षेत्र के रेबड़ा चौक के पास सोमवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई. यात्रियों से भरी एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस घटना में मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई. हादसे में 10 से ज्यादा यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए. घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी में भर्ती कराया गया. यहां तीन लोगों की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है.

**तेज गति में बस को घुमाने से गाड़ी पलटी :** बस मथुरापुर स्टैंड से बहेड़ी जा रही थी. उसकी हालत काफी जर्जर थी. माना जा रहा है कि ब्रेक फेल हो जाने के कारण रेबड़ा चौक के पास यह दुर्घटनाग्रस्त हो गई. यह भी कहा जा रहा है कि तेज गति में बस को घुमाने से गाड़ी पलटी है. इस दौरान विद्यालय जा रही एक स्कूली बच्ची भी इसकी चपेट में आ गई. वहीं खलासी और एक पैसेंजर की बस के नीचे दबने से मौत हुई है. मृतक की पहचान रेबड़ा गांव निवासी महेश शर्मा की पुत्री निखिला कुमारी (छात्रा), बस के खलासी शिवाजीनगर के रजौर निवासी नामदेव और यात्री की पहचान दरभंगा के अंबा बिजौलिया निवासी बौकू चौपाल के रूप में हुई है.

घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई. घटना से नाराज लोगों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. गुस्साए ग्रामीणों ने कहा कि सड़क पर धड़ल्ले से जर्जर बसों का परिचालन होता है. इस पर पुलिस या प्रशासन का कोई ध्यान नहीं होता है. इसके चलते हर दिन हादसे हो रहे हैं.

वहीं, दूसरी ओर घटना से आक्रोशित हुए लोगों ने मृतक के परिजन को मुआवजा देने की मांग की. सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस को लोगों ने खदेड़ा. स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया था जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया. घटनास्थल पर मौजूद दारोगा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है.

### कार ने दूसरी कार में मारी टक्कर, ड्राइवर घायल

पटना :पटना में अटल पथ के पास शनिवार सुबह तेज रफ्तार महिंद्रा की एक्सयूवी नई कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी, जिससे गाड़ी में मौजूद ड्राइवर के सीने में लोहे की रॉड घुस गया. वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है. इस घटना से अटल पथ पर अफरा-तफरी मच गयी. घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. लोग ड्राइवर को कार से बाहर निकालने में लगे है. एक्सयूवी कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है. रोंगटे खड़ा कर देने वाली इस घटना को देखकर लोग भी हैरान हैं. घटना की सूचना पुलिस को दी गयी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ड्राइवर को कार से बाहर निकाला.

### पूरे विश्व भर में भारत की आर्थिक प्रगति की सराहना हो रही : विजय चौधरी

**पटना ।** संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सोमवार को बताया कि आज पूरे विश्व में भारत की आर्थिक प्रगति की सराहना हो रही है. पिछले वर्ष वैश्विक स्तर पर सभी देशों को मिलाकर औसत प्रगति दर 3 प्रतिशत थी, जबकि भारत की प्रगति दर इसके दो गुनी से भी अधिक 7 प्रतिशत के लगभग थी. मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि लिया आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान वित्तीय वर्ष के तीसरे तिमाही यानी अक्टूबर से दिसंबर 2023 में भारत की प्रगति दर 8.4 प्रतिशत रही है, दूसरी तरफ, पिछले वर्ष बिहार की प्रगति दर 10.6 प्रतिशत रही है, जो देश में सर्वाधिक है. उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण, बिजली तथा शुद्ध पेयजल उपलब्धता से लेकर जातीय गणना सफलतापूर्वक कराने हेतु पूरे देश में बिहार की नजीर के रूप में सराहना हो रही है.

# जदयू जिलाध्यक्ष के बेटे को गोली मारी, घायल

संवाददाता । मधेपुरा

अपराधियों ने जदयू नेता के बेटे को गोली मारकर घायल कर दिया. घटना गम्हरिया थाना क्षेत्र के इटवा जीवछपुर गांव की है. घायल युवक का इलाज जननायक कर्पूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन में जुट गई.

बताया जा रहा है कि गम्हरिया थाना क्षेत्र के इटवा गांव वार्ड-3 निवासी व जनता दल यूनाईटेड के जिला उपाध्यक्ष करमलाल मेहता के बेटे दीपक कुमार (23) के ऊपर गोली चलाई गई है. परिजनों ने बताया कि रविवार की देर रात दीपक घर से पश्चिम नहर की ओर मोबाइल से बात करते हुए जा रहा था. नहर के समीप पहुंचते ही पीछे से दो बाइक पर सवार चार की संख्या में अज्ञात अपराधियों के द्वारा मोबाइल छीनने का प्रयास किया गया.

**गोली जांघ व कमर के बीच में लगी है :** छिनतई विरोध करने पर अपराधियों ने पीछे से गोली मार दी. गोली युवक के जांघ और कमर के बीच में लगी है. गोली लगने से युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया. आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे, जहां से घायल को इलाज के लिए मधेपुरा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. गम्हरिया थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि युवक को अपराधियों ने गोली मार दी है.

**राज्यपाल गोपाल नारायण सिंह विवि में मुख्य अतिथि के तौर थे उपस्थित, बोले-**

# भारत विश्व में पूर्व से ही शिक्षा का केंद्र रहा है

**पटना ।** राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने सोमवार को गोपाल नारायण सिंह विवि में मुख्य अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में कहा कि भारत विश्व में शिक्षा का केंद्र पूर्व से ही रहा है. राज्यपाल ने कहा कि विश्व में नालंदा विश्व विद्यालय, तक्ष शीला समेत कई शिक्षण केंद्र रहे है. ऋग्वेद विश्व की प्राचीन लिखित वेद में शिक्षक और शिक्षिका को आचार्य और आचार्या के रूप में उद्रित है. अपने देश में ब्रिटिश द्वारा 1896 में पहली सर्वे हुआ था. उस समय संयुक्त बंगाल और बिहार में शैक्षिक दर 90% रही थी, जिसमे महिला और पुरुष दोनों का शैक्षिक दर समान थी. हमारी संस्कृति प्रारंभ से ही महिला उत्थान और उत्थान में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका से परिपूर्ण रही है.

मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि श्रृष्टि के निर्माण, श्रृष्टि को ज्ञान देने और श्रृष्टि की सुरक्षा में भी देवी (महिला) का ही योगदान है. हमारी संस्कृति और धर्म प्रारंभ काल से ही महिलाओं को देवी स्वरूपा के रूप में सम्मान दिया है.

## कारोबार

### अडाणी ग्रीन ने सौर ऊर्जा का उत्पादन शुरू किया

**नयी दिल्ली ।** अडाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) ने सोमवार को कहा कि उसने गुजरात के खावड़ा आरई पार्क में 1,000 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन शुरू किया है. कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसके साथ एजीईएल की कुल परिचालन क्षमता बढ़कर 9,478 मेगावाट हो गई है. कंपनी 2030 तक 45,000 मेगावाट क्षमता के अपने घोषित लक्ष्य की ओर बढ़ रही है. बयान में कहा गया कि एजीईएल ने खावड़ा में काम शुरू करने के बाद 12 महीने से भी कम समय में 1,000 मेगावाट की उत्पादन क्षमता तैयार की.

### इंडिगो ने 6,785 करोड़ मूल्य के शेयर बेचे

**नयी दिल्ली ।** इंटरग्लोब एविएशन के प्रवर्तक राकेश गंगवाल ने सोमवार को खुले बाजार लेनदेन के माध्यम से कंपनी के 6,785 करोड़ रुपये के शेयर बेचे. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, देश की सबसे बड़ी एयरलाइन संचालित करने वाली कंपनी के सह-संस्थापक ने इंडिगो के 2.25 करोड़ शेयर यानी 5.83 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है. शेयर बिक्री तीन किस्तों में की गई. शेयरों की बिक्री 3,015.10 रुपये प्रति शेयर से 3,016.36 रुपये प्रति शेयर के भाव पर की गई.

### फियो के नए अध्यक्ष चुने गये अश्विनी कुमार

**नयी दिल्ली ।** उद्यमी और विक्टर फोर्जिंग्स के साझेदार अश्विनी कुमार को भारतीय निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो का नया अध्यक्ष चुना गया है. फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाइजेशन (फियो) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि सर्वसम्मति से चुने गए कुमार ने ए शक्तिवेल का स्थान लिया है. कुमार ने देश के विभिन्न संगठनों में कई प्रमुख पदों पर काम किया है. कुमार फियो के चेयरमैन (उत्तरी क्षेत्र) और फेडरेशन की प्रबंध समिति के सदस्य, एनआईटी-जालंधर की संचालन परिषद के सदस्य, हैंड टूल्स पैनल (पैन इंडिया) के संयोजक और ईईपीसी इंडिया के 'वाइस रीजनल चेयरमैन' रह चुके हैं.

**एयरपोर्ट्स पर रनवे, टैक्सीवे व एयरक्राफ्ट पार्किंग स्टैंड्स बनाए जाएंगे**

# अडाणी ग्रुप एयरपोर्ट 60,000 करोड़ रुपये करेगा निवेश

भाषा । नयी दिल्ली



**अडाणी समूह**

- एयरपोर्ट्स के करीब होटल विकसित किए जाएंगे
- अडाणी ग्रुप के पास इस समय आठ एयरपोर्ट हैं

भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी कारोबार का विस्तार करने में लगे हैं. अब अडाणी ग्रुप की नजर एयरपोर्ट बिजनेस पर है, जिसमें अगले 10 साल में 60,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है. यह राशि नवी मुंबई एयरपोर्ट के पहले चरण में निवेश किए जा रहे 18,000 करोड़ रुपये से अलग है. इन पैसों को एयरपोर्ट्स में रनवे, टैक्सीवे, एयरक्राफ्ट पार्किंग स्टैंड्स और टर्मिनल बनाने में इस्तेमाल किया जाएगा. साथ ही एयरपोर्ट्स के करीब होटल और शॉपिंग मॉल भी विकसित किए जाएंगे.

अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड (एपएसईजेड) के मैनेजिंग डायरेक्टर करण अडाणी का कहना है कि यह पैसा आंतरिक संसाधनों से जुटाया जाएगा. अडाणी ने कहा कि मुझे लगता है कि एयर कनेक्टिविटी के मोड में बुनियादी बदलाव होने जा रहा है. देश में कई एयरपोर्ट भविष्य में इंटरनेशनल हब बनने जा रहे हैं. इंटरनेशनल ट्रेवल में भारी बढ़ोतरी होने जा रही है. हम डोमेस्टिक कनेक्टिविटी में सुधार के लिए एयरलाइन कंपनियों के साथ मिलकर काम करेंगे.

करन ने बताया कि उनके द्वारा निर्मित हवाई अड्डों की वर्तमान क्षमता 10-11 करोड़ यात्री सालाना (सीपीए) है. कंपनी की कोशिश इसको तीन गुना बढ़ाने की है. उन्होंने बताया कि लखनऊ एयरपोर्ट के नये टर्मिनल का विकास भी वो करने वाले हैं. साथ ही, नवी मुंबई एयरपोर्ट अगले साल मार्च तक खुलेगी. फिर गुवाहाटी एयरपोर्ट को नया टर्मिनल होगा. हम अहमदाबाद और जयपुर के लिए भी नए टर्मिनल की योजना बना रहे हैं.

उन्होंने कहा कि एयरलाइन बिजनस के प्रॉफिटेबल होने के बाद इसकी लिस्टिंग करने की योजना है. करण अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी के बेटे हैं. अडानी ग्रुप को साल 2019 में देश में छह एयरपोर्ट ऑपरेट करने के राइट मिले थे. इनमें लखनऊ, अहमदाबाद, जयपुर, गुवाहाटी, तिरुवनंतपुरम और मेंगलौर शामिल हैं. बताया जाता है कि एयरपोर्ट टर्मिनल और रनवे कैपेसिटी में अगले 5 साल में 30000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा. इसके साथ ही सिटी साइड डेवलपमेंट के मामले में अगले 10 साल में 30000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाना है.

साल 2021 में अडाणी ग्रुप ने मुंबई और नवी मुंबई एयरपोर्ट को जीवीके ग्रुप से खरीद लिया. इस तरह अडाणी ग्रुप के पास इस समय आठ एयरपोर्ट हैं.

### एसएमई खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेत : सेबी

**मुंबई ।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने सोमवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक को छोटे और मध्यम उद्यम (एसएमई) खंड में कीमतों में हेराफेरी के संकेत मिल रहे हैं. बुच ने निवेशकों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि हेराफेरी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) और सामान्य रूप से शेयरों की खरीद-बिक्री, दोनों में है. उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के मौके पर महिला पत्रकारों से कहा, हमें (कीमतों में हेराफेरी के) संकेत मिल रहे हैं. हमारे पास इस बारे में पता लगाने की तकनीक है. हम कुछ पैटर्न देख रहे हैं. मैं कहूंगी कि यह अभी शुरुआती चरण में है और बात बहुत आगे नहीं बढ़ी है. उन्होंने कहा कि पूंजी बाजार नियामक अभी भी इसके सभी पहलुओं को समझने और आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए सलाहकारों के साथ काम कर रहा है. बुच ने कहा कि अगर उसे कुछ गलत मिला, तो इस पर सार्वजनिक परामर्श जारी किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि निवेशकों को यह समझने की जरूरत है कि एसएमई खंड मुख्य बोर्ड (बड़ी कंपनियों) से अलग है. एसएमई खंड को नियंत्रित करने वाले नियम, खुलासा मानदंड अलग हैं और इसलिए जोखिम की प्रकृति भी अलग है.

### 22वें जी सिने अवार्ड्स










बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर, बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन और आलिया भट्ट मुंबई में 22वें जी सिने अवार्ड्स 2024 में फोटो सेशन करवाते. इस मौके पर बॉलीवुड के कई कलाकार शामिल हुए.

# स्मॉल-कैप, मिड-कैप फंडों से निकासी चिंताजनक नहीं, निवेश जारी : विशेषज्ञ

एजेंसी । नयी दिल्ली




स्मॉल-कैप और मिड-कैप फंडों में बढ़ते निवेश पर बाजार नियामक सेबी की चिंता के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि इन फंडों में निकासी का कोई चिंताजनक संकेत नहीं दिख रहा है. उन्होंने कहा कि चिंताओं के बावजूद बेहतर प्रतिफल की चाहत में इन फंडों में निवेश जारी रहने का अनुमान है. सेबी ने पिछले महीने के अंत में म्यूचुअल फंड कंपनियों से कहा था कि वे उन निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एक रूपरेखा तैयार करें, जिन्होंने स्मॉल कैप और मिड कैप फंडों में निवेश किया है. पिछली कुछ तिमाहियों में इन योजनाओं में भारी निवेश के कारण सेबी ने यह कदम उठाया. मिड कैप म्यूचुअल फंड ने कुल मिलाकर 2023 में लगभग 23,000 करोड़ रुपये जुटाए, जबकि स्मॉल कैप योजनाओं के लिए यह आंकड़ा 41,000 करोड़ रुपये से अधिक था. इससे पहले 2022 में मिड कैप फंडों ने 20,550 करोड़ रुपये और स्मॉल कैप फंडों ने 19,795 करोड़ रुपये जुटाए थे.

**भारतीय शेयर बाजार** घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी बढ़त थम गई

# कमजोर वैश्विक रुझानों से सेंसेक्स 616 अंक फिसला

एजेंसी । मुंबई

कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच धातु और बैंक शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी बढ़त थम गई और दोनों प्रमुख सूचकांकों में बड़ी गिरावट देखने को मिली. बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स मुनाफावसूली के कारण 616.75 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,502.64 पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 685.48 अंक तक खिसक गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 160.90 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,332.65 पर बंद हुआ. सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड और टाटा स्टील में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई. एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एनटीपीसी में भी गिरावट रही. दूसरी तरफ नेस्ले, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए. जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ब्याज दर में कटौती पर अनिश्चितता के कारण वैश्विक बाजारों में जारी बिकवाली ने घरेलू बाजार की धारणा को प्रभावित किया. अमेरिका में गैर-कृषि क्षेत्रों में नौकरियों के उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़े और अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़े जारी होने से पहले सावधानी बरती गई. उन्होंने कहा, मूल्यांकन संबंधी चिंताओं के कारण मझोली और छोटी कंपनियों के सूचकांक में खराब प्रदर्शन जारी है, जबकि निवेशक सोने जैसी सुरक्षित-संपत्ति को शामिल करने के लिए अपने पोर्टफोलियो को संशोधित कर रहे हैं. एशिया के अन्य बाजारों में, जापान का निक्की 2.2 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 0.8 प्रतिशत गिर गया. दूसरी तरफ हांगकांग का हैंग सेंग 1.4 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.7 प्रतिशत चढ़ गया. शुक्रवार को अमेरिकी बाजार नकारात्मक दायरे में बंद हुए थे. वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.29 प्रतिशत बढ़कर 82.32 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया. शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 7,304.11 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी.

### सोने की कीमत 67,000 रुपये के पार जा पहुंची

**मुंबई ।** सोने की कीमतों में तेजी थमने का नाम नहीं ले रही है. सोने की कीमतें ऐतिहासिक हाई पर जा पहुंची है. सर्राफा बाजार में जोरदार खरीदारी की बदौलत सोने की कीमत 67,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार जा पहुंची है. इंटरनेशनल मार्केट में सोना रिकॉर्ड हाई पर जा पहुंचा है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 2172 डॉलर प्रति औंस के ऐतिहासिक हाई पर ट्रेड कर रहा है जिसके चलते घरेलू सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमतों में तेजी आई है. पिछले करीब 18 दिनों में सोने की कीमतों में गजब की तेजी देखने को मिली है. फरवरी 2024 के चौथे हफ्ते में सोना 62,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहा था. लेकिन उस लेवल से सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में 5000 रुपये प्रति 10 ग्राम का उछाल आ चुका है और अब कीमत 67,000 रुपये के ऊपर ट्रेड कर रहा है.

**वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले**

# बांग्लादेश-श्रीलंका सहित कई देश व्यापार के लिए इच्छुक

एजेंसी । नयी दिल्ली



बांग्लादेश, श्रीलंका और खाड़ी क्षेत्र के देशों सहित कई विकसित और विकासशील देशों ने रुपये में व्यापार करने की इच्छा जताई है. वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भारत के साथ साझेदारी से कारोबार के लिए लेनदेन की लागत घटेगी. उन्होंने भरोसा जताया कि यह कदम भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार की दिशा में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है.

उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, बांग्लादेश, श्रीलंका पहले ही हमसे बात कर रहे हैं और वे चाहते हैं कि हम इसे तुरंत शुरू करें. खाड़ी क्षेत्र के दूसरे देश भी इस पर विचार कर रहे हैं. मुझे लगता है कि समय के साथ लोगों को इसका फायदा पता चलेगा. गोयल ने कहा कि इस पहल में विकसित देश और सुदूर पूर्व के देश भी शामिल हो रहे हैं. सिंगापुर पहले ही कुछ हद तक इसमें शामिल है. मंत्री ने कहा कि धीरे-धीरे देशों को यह एहसास हो रहा है कि घरेलू मुद्रा में व्यापार करने के कई फायदे हैं. इसलिए कई देश अब अपनी स्थानीय मुद्रा और रुपये के बीच सीधा लेनदेन शुरू करना चाहेंगे. गोयल ने कहा कि धीरे-धीरे यह बात समझ में आ रही है कि सभी लेनदेन को तीसरी मुद्रा में बदलने से उसकी लागत में काफी वृद्धि होती है.

## ब्रीफ खबरें

### गोलीबारी में तीन की मौत, कई लोग घायल

**जोन्सबोरो (अमेरिका)।** अमेरिका के आर्कंसा राज्य में एक निजी पार्टी के दौरान गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य लोग घायल हो गए हैं. जोन्सबोरो पुलिस ने फेसबुक पर एक पोस्ट में बताया कि जब अधिकारी रविवार सुबह पांच बजे जोन्सबोरो के मुख्य इलाके में पहुंचे तो घटनास्थल पर कई पीड़ित घायल अवस्था में मिले, जिन्हें गोलियां लगी थीं. पुलिस के अनुसार, हमलावर के परिचित एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गयी.

### आसिफा बनेंगी पाक की प्रथम महिला: रिपोर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने एक ऐतिहासिक फैसले में अपनी 31 वर्षीया बेटी आसिफा भुट्टो को औपचारिक रूप से देश की प्रथम महिला का दर्जा देने का निर्णय लिया है. यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई है. प्रथम महिला का दर्जा आमतौर पर राष्ट्रपति की पत्नी को मिलता है, लेकिन साल 2007 में उनकी पत्नी और पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या हो गई थी. जरदारी ने भुट्टो की मृत्यु के बाद दोबारा शादी नहीं की.

### नक्सलियों ने अपहरण कर एक की हत्या कर दी

**बीजापुर(छत्तीसगढ़)।** पुलिस का मुखबिर होने के संदेह में छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने 35 वर्षीय एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया और उसकी हत्या कर दी. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कुटरू पुलिस थाना क्षेत्र के तेलीपेठा गांव निवासी पुसु हेमला को आज सुबह कुछ स्थानीय लोगों ने तेलीपेठा-पाताकुटरू मार्ग पर मृत पाया. अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हेमला आठ मार्च को कुछ काम से अपने गांव गया था.

### काला जठेड़ी-मैडम मिंज का विवाह आज

**नयी दिल्ली ।** गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी और आदतन अपराधी अनुराधा चौधरी उर्फ 'मैडम मिंज' की 12 मार्च को होने वाली शादी के लिए दिल्ली का एक बैंक्वेट हॉल लगभग किले में तब्दील हो चुका है और निगरानी के लिए ड्रोन की मदद ली जाएगी. बैंक्वेट हॉल के प्रवेश द्वार पर धातु की पहचान करने वाले डिटेक्टर लगाए गये हैं, विवाह कार्यक्रम में आने वाले लोगों पर ड्रोन से नजर रखी जाएगी और सुरक्षा के लिए सशस्त्र कमांडो को तैनात किया गया है.

### अलकायदा नेता खालिद अल बतरफी की मौत

**सना।** यमन की अल-कायदा शाखा के नेता खालिद अल बतरफी की मौत हो गई है. आतंकवादी समूह ने रविवार देर रात यह जानकारी दी. अमेरिका सरकार ने अरब प्रायद्वीप में अल-कायदा (एक्यूएपी) समूह का नेतृत्व करने वाले खालिद अल-बतरफी पर 50 लाख डॉलर का इनाम घोषित किया था. एक्यूएपी को उसके संस्थापक ओसामा बिन लादेन की हत्या के बाद भी सक्रिय चरमपंथी समूह की सबसे खतरनाक शाखा माना जाता रहा है. अल-कायदा ने एक वीडियो जारी किया है.

#### पेपर लीक के कारण 1.4 लाख अभ्यर्थियों को नहीं मिल पाई नौकरियां

# यूपी-बिहार से पेपर लीक की शुरुआत

**कुमार माधवन**

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले सरकारी नौकरी की भर्तियों में हो रहे पेपर लीक का मुद्दा सुर्खियों में है. एक तरफ जहां कांग्रेस ने अपनी 5 गारंटी में से एक पेपर लीक पर सख्त कानून बनाने की बात कही है. तो दूसरी तरफ राजस्थान में पेपर लीक कांड के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई कर बीजेपी भी बढ़त लेने में जुटी हुई है. लेकिन, उत्तर प्रदेश और गुजरात में हुए हालिया पेपर लीक ने भाजपा को बैकफुट पर धकेल दिया है. देश में पिछले 5 साल में 15 राज्यों की करीब 45 भर्ती परिक्षाओं का पेपर लीक हुआ है. इन पेपर लीक का सीधा असर 1.4 करोड़ उन अभ्यर्थियों पर पड़ा है, जो सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे थे. ऐसे में यह जानना जरूरी है कि पेपर लीक की घटनाएं क्यों नहीं रुक रही हैं और लीक का पूरा सिस्टम कैसे काम करता है.

**पेपर लीक के कारण नहीं मिली नौकरियां :** इंडियन एक्सप्रेस ने हाल ही में पेपर लीक को लेकर एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसके मुताबिक पिछले 5 साल में 41 पेपर लीक हुए. 2024 के आंकड़ों को जोड़ दिया जाए, तो यह संख्या 45 के पास पहुंच जाती है. सभी पेपर लीक सरकारी नौकरी से जुड़े हुए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक पेपर लीक का असर 1.4 करोड़ लोगों पर सीधे तौर हुआ. सभी सरकारी नौकरी के अभ्यर्थी थे. पिछले 5 साल में 15 राज्यों ने जो परीक्षा आयोजित करायी गई, उससे 1.4 लाख लोगों को नौकरी मिल सकती थी, लेकिन पेपर लीक की वजह से ये नौकरियां अभ्यर्थियों को नहीं मिल पाई. 2023 के चुनाव से पहले राजस्थान में एक रैली के दौरान खुद प्रधानमंत्री मोदी ने पेपर लीक वालों पर सख्त एक्शन लेने की बात कही थी. पेपर लीक को लेकर झारखंड, राजस्थान सरकार ने विधानसभा में कानून भी पास कराए. हाल ही में केंद्र ने भी पेपर लीक पर कानून बनाया है.



**विद्यार्थी प्रभावित**

- पेपर लीक का सीधा असर करोड़ों अभ्यर्थियों पर पड़ा
- पैसे लेन-देन का पूरा काम हवाला के जरिए होता है
- 15 राज्यों की करीब 45 भर्ती परिक्षाओं का पेपर लीक हुआ

## चार प्वाइंट्स में समझें पेपर लीक का पूरा खेल

### 1 भर्ती बोर्ड से पेपर निकालना

गिरोह के लोगों का पहला टारगेट समय से पहले पेपर निकालना होता है, इसके लिए गैंग के सदस्य बोर्ड के लोगों से संपर्क साधते हैं. राजस्थान में पेपर लीक की जांच कर रही एसओजी ने अपनी चार्जशीट में दावा किया था कि पेपर लीक की घटना इसलिए हुई, क्योंकि बोर्ड के सदस्य इसमें शामिल थे. इसी तरह का मामला झारखंड में भी सामने आया था. जहां पर परीक्षा लेने के लिए जिस कंपनी को सरकार ने अधिकृत किया था, उसी कंपनी के मालिक ने गिरोह को पेपर बेच दिए.

### 2 जुटाए गए पेपर का ग्राहक खोजना

गिरोह का दूसरा बड़ा टारगेट जुटाए गए पेपर का ग्राहक खोजना है. ग्राहक खोजने के लिए गैंग के सदस्य कई शहरों में एक साथ सक्रिय रहते हैं. कई राज्यों की जांच एजेंसी ने अब तक जो खुलासे किए हैं, उसके मुताबिक गिरोह पेपर बेचने के लिए कोचिंग संस्थानों से संपर्क साधता है. कोचिंग संस्थान के मालिक पेपर खरीद कर अपने यहां के बच्चों को बेचते हैं. बिहार, उत्तराखंड और राजस्थान से पेपर लीक को बेचने के आरोप में कई कोचिंग मालिक गिरफ्तार हो चुके हैं.

### 3 हवाला के जरिए होता है पैसों का लेन-देन

पेपर लीक गिरोह के लोगों का पैसे लेन-देन का पूरा काम हवाला के जरिए होता है. बिहार में हाल ही में जांच एजेंसी को इस संदर्भ में बड़ा इनपुट मिला था. एक रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में बिहार में सिपाही बहाली का जो पेपर लीक हुआ था, उसमें पैसे का पूरा लेनदेन हवाला के जरिए किया गया था. राजस्थान और झारखंड में भी बैकडोर से ही पैसे का लेन-देन किया गया था. यही वजह है कि राजस्थान और झारखंड में पेपर लीक की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम भी कर रही है.

### 4 ये हैं पेपर लीक के मास्टर माइंड

हाल ही में राजस्थान की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने भर्ती परीक्षा के मास्टर माइंड जगदीश बिश्नोई को गिरफ्तार किया है. बिश्नोई 2010 से पहले तक दूसरे के बदले परीक्षा में बैठता था. 2010 पेपर लीक के काम में जुड़ गया. राजस्थान पुलिस के मुताबिक जेल से आने के बाद जगदीश ने फिर से ये काम शुरू कर दिया. इसी तरह बीपीएससी पेपर लीक के मास्टर माइंड आनंद गौरव उर्फ पिंटू यादव है. पिंटू अभी जेल में है और उस पर 2022 के बीपीएससी परीक्षा का पेपर लीक कराने का आरोप है.

### पेपर लीक कांड ऐसे बना देश का सबसे बड़ा मुद्दा?

2014 में पहली बार उत्तर प्रदेश में पेपर लीक की खबर सामने आई. उस वक्त सीपीएमटी का पेपर लीक हुआ था. मामले में परीक्षा कराने वाली संस्था केजीएमयू पर भी सवाल उठे थे. इसी साल जुलाई में लखनऊ में रेलवे भर्ती बोर्ड परीक्षा का पेपर लीक हो गया. मामले की जांच यूपी एसटीएफ को सौंपी गई. इसके ठीक एक साल बाद बिहार में बोर्ड परीक्षा का पेपर लीक हो गया. 2017 में बिहार में एसएससी का पेपर लीक हुआ. इस मामले में एसएससी के चेयरमैन सुधीर कुमार गिरफ्तार हुए. धीरे-धीरे पेपर लीक देश की बड़ी समस्या बन गई.

## दिवंगत अभिनेता दिलीप कुमार का पैतृक आवास क्षतिग्रस्त

**भाषा। पेशावर**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित दिवंगत अभिनेता दिलीप कुमार का पैतृक आवास हाल में हुई बारिशों के चलते गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त होने के बाद लगभग ढहने के कगार पर है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. मूसलाधार बारिश ने घर के पुनर्वास और नवीनीकरण के बारे में खैबर पख्तूनख्वा के पुरालेख विभाग के बड़े-बड़े दावों की पूरी तरह से पोल खोल दी है. दिलीप कुमार का जन्म 1922 में पेशावर शहर के ऐतिहासिक किस्सा ख्वानी बाजार के पीछे मुहल्ला खुदादाद में स्थित इस घर में हुआ था और 1932 में भारत जाने से पहले उन्होंने अपने शुरुआती 12 साल यहीं बिताए थे. पाकिस्तान के



तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने 13 जुलाई 2014 को इस घर को पाकिस्तान का राष्ट्रीय विरासत स्मारक घोषित किया था. कुमार एक बार अपने घर आए थे और उन्होंने भावुक होकर वहां की मिट्टी को चूम लिया था. खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत की विरासत परिषद के सचिव शकील वहीदुल्ला खान ने कहा कि पेशावर में हाल में हुईं बारिश ने कुमार के घर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है.

## ईडी का सिर्फ 'दुरुपयोग' कर रही है भाजपा : शरद पवार

**भाजपा। पुणे**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार विपक्षी नेताओं के बीच डर पैदा करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और उन्होंने ईडी को भाजपा का 'सहयोगी दल' बताया.

पुणे में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पवार ने 2005 से 2023 के बीच ईडी की कार्रवाइयों के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि संघीय जांच एजेंसी ने इस दौरान 5,806 मामले दर्ज किए और उनमें से केवल 25 का निस्तारण किया.



पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मामलों के निस्तारण की दर 0.42 प्रतिशत तथा दोषसिद्धि की दर महज 0.40 प्रतिशत है. ईडी का बजट 2022 में 300 करोड़ रुपये से बढ़कर 404 करोड़ रुपये हो गया है. उन्होंने कहा कि 2005 से 2023 के बीच दो सरकारें सत्ता में रहीं जिसमें संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) भी शामिल है जिसका हम हिस्सा थे. संप्रग सरकार में ईडी ने 26 नेताओं की जांच की जिनमें से पांच कांग्रेस के और तीन भाजपा के थे.

#### हाईटेंशन तार की चपेट में आया बस, पांच लोगों की मौत, कई झुलसे

## धू-धू कर जलने लगी यात्री बस

**भाषा। गाजीपुर**

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक यात्री बस में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया. बताया जा रहा है कि 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन तार को छू जाने से बस में आग लग गई. आग लगते ही बस धू-धू कर जलने लगी. इस आग की चपेट में कई यात्री आ गए. जिससे मौके पर चीख-पुकार मैच गई. अभी तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है.

मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक, शहर के मरदह क्षेत्र के महाहर धाम के पास एक मिनी बस में हाईटेंशन तार के छू जाने से आग लग गई. देखते ही देखते बस आग का



गोला बन गई. आग इतनी भयावह थी कि कोई भी इसे बुझाने के लिए बस के करीब जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका. जलती बस के अंदर कई यात्री फंस गए. पीड़ितों में बच्चे भी शामिल हैं. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए. राहत व बचाव का कार्य शुरू किया गया. वहीं, घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. हादसे में आधा दर्ज से ज्यादा लोगों के हताहत होने की आशंका है.

**बस में बाराती सवार थे :** बस में सवार लोगों के अनुसार, बस मऊ से बरात लेकर मरदह के महाहर धाम पर आ रही थी. इसी बीच बस पर बिजली का तार छू गया और आग लग गई. लोग अपनी-अपनी जान बचाकर भागने लगे. लेकिन बच्चे और महिलाएं में बस में फंस गए.

### कर्नाटक सरकार ने लगाई कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने सोमवार को राज्य में 'गोभी मंचूरियन' और हवा मिठाई (कॉटन कैंडी) में कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी. सार्वजनिक स्वास्थ्य, विशेषकर बच्चों पर कृत्रिम रंगों के प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है. राज्य सरकार के खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता विभाग ने कहा कि 'गोभी मंचूरियन' और हवाई मिठाई के नमूने समूचे राज्य से इकट्ठा किए गए और प्रयोगशालाओं में उनका विश्लेषण किया गया. परीक्षणों के नतीजों के आधार पर खाद्य सुरक्षा आयुक्त ने 'गोभी मंचूरियन' को तैयार करने में किसी भी कृत्रिम रंग का इस्तेमाल बंद करने का आदेश दिया है.

#### इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर अचानक आई बाढ़ से कई लोग प्रभावित

## अबतक 26 की मौत, 11 लापता

**भाषा। इंडोनेशिया**

इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ आने और भूस्खलन के बाद पानी कम होना शुरू हुआ तो बचावकर्मियों ने और शव बरामद किए. इस आपदा में अब तक कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 11 लोग लापता हैं. अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. मानसून की बारिश और नदियों में बढ़ते पानी के कारण पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के नौ जिले और शहर जलमग्न हो गए हैं. शुक्रवार की देर रात हुए भूस्खलन से नदी के

**प्राकृतिक आपदा**

- भूस्खलन के कारण 14 घर जमींदोज हो गए
- बारिश से 37,000 से अधिक घर और इमारतें जलमग्न

किनारे टूट गए जिससे नदी का पानी पेसिसिर सेलाटन जिले के पहाड़ी गांवों में भर गया. इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी ने कहा कि बिजली कटौती, क्षतिग्रस्त पुलों और मलबे से अवरुद्ध सड़कों के कारण आपदा प्रभावित लोगों को मदद करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा. एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने बताया कि आपदा से सबसे ज्यादा प्रभावित पेसिसिर सेलाटन और उसके पड़ोसी पदांग परियामन जिले के गांवों से बचावकर्मियों ने और शव बरामद किए हैं, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है. उन्होंने कहा कि भूस्खलन से 14 घर जमींदोज हो गए और कम से कम दो ग्रामीण घायल हो गए हैं. वहीं, बचावकर्मी 11 लोगों की तलाश कर रहे हैं जो अब भी लापता हैं. मुहारी ने कहा कि पश्चिम सुमात्रा प्रांत में मानसून की बारिश से 37,000 से अधिक घर और इमारतें जलमग्न हो गई हैं.

### गाजा में युद्ध विराम की कोशिश करेगा अमेरिका : जो बाइडन

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रमजान के अवसर पर दुनिया भर के मुस्लिम समुदाय को बधाई देते हुए रविवार को दोहराया कि अमेरिका बंधकों की रिहाई संबंधी समझौते के तहत कम से कम छह सप्ताह के तत्काल युद्धविराम के लिए अनवरत काम करना जारी रखेगा. बाइडन ने कहा कि अमेरिका बंधकों की रिहाई संबंधी समझौते के तहत कम से कम छह सप्ताह के लिए तत्काल युद्धविराम करने के लिए अनवरत काम करना जारी रखेगा. हम स्थिरता, सुरक्षा और शांति के दीर्घकालिक भविष्य की दिशा में कार्य जारी रखेंगे.

## परिचालन नियंत्रण केंद्र का आज उद्घाटन करेंगे पीएम

**भाषा। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पश्चिमी माल ढुलाई गलियारे के परिचालन नियंत्रण केंद्र तथा रेलवे नेटवर्क पर भीड़ का दबाव कम करने के लिए शुरू की गई बुनियादी ढांचा परियोजना के कुछ हिस्सों का उद्घाटन करेंगे. वह पूर्वी समर्पित माल ढुलाई गलियारा (ईडीएफसी) के 401 किलोमीटर के नए खुर्जा जंक्शन-सानेहवाल खंड और पश्चिमी समर्पित माल ढुलाई गलियारा (डब्ल्यूडीएफसी) के 224 किलोमीटर के नए मकरपुरा जंक्शन-घोलवाड़ खंड का भी उद्घाटन करेंगे.

**द्वारका एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड का उद्घाटन हुआ :** वहीं, सोमवार को गुरुग्राम में पीएम मोदी ने सोमवार को द्वारका एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड का उद्घाटन किया, जिससे यातायात प्रवाह बेहतर बनेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर दिल्ली तथा गुरुग्राम के बीच यातायात सुगम होगा. द्वारका एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 29 किलोमीटर है, जिसमें से 18.9 किमी का हिस्सा हरियाणा में पड़ता है, जबकि शेष 10.1 किमी दिल्ली में है.

### पूर्वी नागालैंड में बंद से जनजीवन प्रभावित

**कोहिमा।** अलग राज्य की मांग को लेकर 'ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गेनाइजेशन' (ईएनपीओ) द्वारा आहूत अनिश्चितकालीन बंद के कारण सोमवार को पूर्वी नगालैंड के छह जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. ईएनपीओ के बंद के आह्वान के कारण क्षेत्र में दुकानें और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहे और अधिकतर वाहन सड़कों से नदारद रहे. ईएनपीओ क्षेत्र में सात नगा जनजातियों की शीर्ष संस्था है. बिजली विभाग, चिकित्सा, अग्निशमन और अन्य आपातकालीन सेवाओं के अलावा मीडिया और शादियों को बंद से छूट दी गई.

### होली का चढ़ा रंग



सोमवार को नादिया में होली के त्योहार से पहले रंग और गुलाल से खेलती महिलाएं. -फोटो : पीटीआई

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# संगीत का है शौक तो साउंड इंजीनियर में बनाएं कॅरियर

**रजनीश प्रसाद। रांची**

साउंड इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग की एक ऐसी शाखा है, जिसके अंदर साउंड को समझने, सुधारने तथा एक नई किस्म का साउंड तैयार करना सिखाया जाता है. इसमें आपको साउंड की कला (उतार-चढ़ाव) को समझने की आवश्यकता होती है. इसमें म्यूजिक, मूवीज, थिएटर, रिकॉर्डिंग, मिक्सिंग, रिप्रोडक्शन से संबंधित चीजें सिखायी और पढ़ाई जाती है. इसमें म्यूज़िक, स्पीच और स्टूडियो के साउंड की क्वालिटी को बेहतर बनाना होता है. इसके लिए फिल्मों, रेडियो, और टेलीविज़न में कई तरह के टेक्निकल इंस्ट्रीमेंट्स का प्रयोग किया जाता है. यह एक कला है, जो किसी भी प्रकार के साउंड को समझने, उन्हें रिकॉर्ड और प्रोड्यूस करने के लिए विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग किया जाता है, जिसे हम प्राय: ऑडियो मिक्सिंग के नाम से भी जानते हैं. साउंड इंजीनियरिंग में छात्रों को बेसिक से लेकर पोस्ट प्रोडक्शन तक की पूरी कला सिखाई जाती है.



### साउंड इंजीनियर के प्रकार

- मॉनिटर ऑडियो इंजीनियर
- सिस्टम इंजीनियर
- वायरलेस माइक्रोफोन इंजीनियर
- गेम ऑडियो डिजाइनर इंजीनियर
- रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑडियो इंजीनियर
- स्टूडियो रिकॉर्डिंग इंजीनियर

### साउंड इंजीनियर के लिए आवश्यक स्किल्स

- म्यूजजिक व ट्यून की समझ होनी चाहिए.
- सुनने की अच्छी शक्ति होनी चाहिए.
- विभिन्न प्रकार के एडिटिंग व मिक्सिंग सॉफ्टवेयर को चलाने में सक्षम होना चाहिए.
- आवाज के वेबलेंथ व फ्रीक्वें सी के बारे में अच्छी जानकारी होनी चाहिए.
- बेसिक कंप्यूटर नॉलेज
- केबल्स की सोल्डरिंग करनी आनी चाहिए.
- इंग्लिश व कम्यूरनिकेशन स्किल का होना जरूरी है.

### साउंड इंजीनियरिंग कोर्सेज

- डिप्लोमा कोर्सेज
- सर्टिफिकेट कोर्सेज
- बैचलर कोर्सेज
- मास्टर कोर्सेज

### भारतीय संस्थान

- आईआईटी खड़गपुर
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फिल्म एंड फाइन आर्ट्स निफ्फा, कोलकाता
- सरकारी फिल्म और टेलीविजन संस्थान, बैंगलोर
- भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान, पुणे
- एप्लाइड साइंस कॉलेज, वडक्कनचेरी
- रयात बहरा विश्वविद्यालय, मोहाली
- संगीत विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय
- जी इंस्टिट्यूट ऑफ मीडिया आर्ट्स
- मीडिया स्टडीज के देवीप्रसाद गोयनका मैनेजमेंट कॉलेज
- सीएमआर विश्वविद्यालय

### साउंड इंजीनियरिंग में कॅरियर

- मॉनिटर साउंड इंजीनियर
- लाइव कॉन्सर्ट इंजीनियर
- साउंड टेक्नीशियन
- ऑडियो इंजीनियर
- रिकॉर्डिंग इंजीनियर
- ब्रॉडकास्ट इंजीनियर
- साउंड डिजाइनर
- म्यूजिक प्रोड्यूसर
- रीमिक्सिंग इंजीनियर
- सिस्टम इंजीनियर
- डिजिटल रीमास्टरिंग इंजीनियर
- रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑडियो इंजीनियर

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)